RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 5 अंक 284
फरीदाबाद, बृहस्पतिवार, 24 नवंबर, 2022
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



आईसीसी रैंकिंग : सूर्यकुमार टी-20 में शीर्ष पर बरकरार

पेज - 12

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 61,510 | 91.62 |
| निफ्टी | 18,267 | 23.05 |
| सोना | 52,402 | 113 /10 gm |
| चांदी | 61,400 | 414 /kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 26.00°C
न्यूनतम 11.00°C

## क्विक न्यूज

### 3-4 दिसंबर को होगी हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा

**चंडीगढ़।** हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा-2022 (एचटेट) की डेट शिक्षा बोर्ड ने जारी कर दी है। परीक्षा तीन और चार दिसंबर को होगी। इस परीक्षा में राज्यभर में तीन लाख पांच हजार 717 अभ्यर्थी शामिल हो सकेंगे। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की ओर से राज्यभर में 504 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इसके लिए बोर्ड की ओर से तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। नकल रोकने के लिए भी पूरे इंतजाम किए गए हैं।

### यमुनानगर में 900 मेगावाट का लगेगा नया पावर प्लांट

**चंडीगढ़।** हरियाणा के यमुनानगर में 900 मेगावाट का नया पावर प्लांट लगेगा। मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने इसकी घोषणा करते हुए कहा कि 1966 में हरियाणा के पास 343 मेगावाट बिजली हुआ करती थी, लेकिन अब हरियाणा के पास 13106.58 मेगावाट बिजली की उपलब्धता हो गई है। हरियाणा पंजाब के मुकाबले अब बिजली में आत्मनिर्भर बन चुका है। मुख्यमंत्री ने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) की गाइडलाइन को ध्यान में रखते हुए इस प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

### 60 स्कूलों के एग्जाम फॉर्म होंगे स्वीकार : हाईकोर्ट

**चंडीगढ़।** हरियाणा के 60 अस्थायी स्कूलों को पंजाब हरियाणा हाईकोर्ट ने बड़ी राहत दी है। हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार को निर्देश को दिए हैं कि स्कूलों के छात्रों के एग्जाम फॉर्म स्वीकार किए जाएं। नामांकन पत्रों को भी शामिल किया जाएगा। मामले में हाईकोर्ट ने हरियाणा सरकार से 13 दिसंबर तक जवाब दाखिल करने को कहा है। जस्टिस सुधीर मित्तल की हाईकोर्ट की खंडपीठ ने सर्व हरियाणा प्राइवेट स्कूल ट्रस्ट की एक याचिका पर यह निर्देश जारी किए हैं।

### एससी ने मांगी चुनाव आयुक्त की नियुक्ति की फाइल

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को केंद्र सरकार से हाल ही में नियुक्त चुनाव आयुक्त अरुण गोयल की नियुक्ति की फाइल 24 नवंबर को पेश करने के लिए कहा है। कोर्ट ने कहा कि हम यह जानना चाहते हैं कि अरुण गोयल की नियुक्ति में क्या प्रक्रिया अपनाई गई। कहीं कोई हंकी पैंकी तो नहीं की गई। अगर नियुक्ति नियमानुसार हुई है तो इसमें परेशान होने वाली कोई बात नहीं है। जस्टिस केएम जोसेफ की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय बेंच ने अटॉर्नी जनरल वेंकटरमणी (एजी) से यह भी कहा कि जब चुनाव आयोग को लेकर (ईसीआई) सुनवाई चल रही थी ऐसे समय नियुक्ति न की जाती तो ज्यादा अच्छा होता।

हिमाचल के पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी का असर मैदानी इलाकों पर

# हरियाणा सहित पंजाब और दिल्ली में महसूस होने लगी ठंड

**एजेंसी।** शिमला



**हिमाचल** के पहाड़ों पर बीते सप्ताह की बर्फबारी का असर मैदानी इलाकों पर दिखने लगा है। हरियाणा सहित पंजाब, चंडीगढ़ और दिल्ली के ज्यादातर शहरों का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे आ गया है।

वहीं हिमाचल में इन दिनों पहाड़ों से ज्यादा सर्दी मैदानी इलाकों में पड़ रही है। अधिकतर मैदानी इलाकों में न्यूनतम तापमान सामान्य से एक से चार डिग्री सेल्सियस तक नीचे गिर गया है। इससे सुबह व शाम के वक्त ऊना, हमीरपुर, कांगड़ा जैसे गर्म शहरों में शिमला, कुल्लू और किन्नौर से ज्यादा सर्दी पड़नी शुरू हो गई है। प्रदेश के पड़ोसी राज्य पंजाब के अमृतसर का न्यूनतम पारा 8.1 डिग्री, चंडीगढ़ का 9.6 डिग्री, दिल्ली के सफदरजंग का 8.0 डिग्री, अंबाला का 8.3 डिग्री तक गिर गया है। इसी तरह हिमाचल के सबसे गर्म शहर ऊना का न्यूनतम तापमान 5.8 डिग्री सेल्सियस तक लुढ़क गया है। भुंतर का न्यूनतम तापमान 3.8 डिग्री, सुंदरनगर का 3.5, सोलन का 5.6, मनाली का 3.4, मंडी का 5.6, बिलासपुर का नौ, हमीरपुर का छह डिग्री और चंबा का न्यूनतम तापमान 6.2 डिग्री पहुंच गया है। पालमपुर के न्यूनतम तापमान में सामान्य की तुलना में सबसे ज्यादा 3.7 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। इसके विपरीत सबसे ज्यादा ठंडे इलाकों में गिने जाने वाले कुफरी का न्यूनतम तापमान अभी 7.7 डिग्री, शिमला का 7.8 डिग्री, कल्पा का 1.6 डिग्री, मनाली का 3.4 और कुकुमसैरी का माइनस 4.2 डिग्री, नारकंडा का 5.5 डिग्री चल रहा है। शिमला मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक सुरेंद्र पाल ने बताया कि प्रदेश में दिसंबर के पहले सप्ताह तक मौसम साफ बना रहेगा। हिमाचल के मैदानी इलाकों में पहाड़ों की तुलना में ड्राई एयर के कारण ज्यादा ठंड पड़ रही है।

**10 डिग्री के करीब पहुंचा दिल्ली एनसीआर के अधिकतर शहरों का न्यूनतम तापमान**

### पहलगाम और गुलमर्ग में पारा माइनस चार डिग्री

**श्रीनगर** के अलावा अन्य स्थानों की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि पहलगाम में तापमान -4.8 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि गुलमर्ग में यह -4 डिग्री तक पहुंच गया। घाटी के कई हिस्सों में भी रात का तापमान माइनस में पहुंच गया है। वहीं जम्मू क्षेत्र में न्यूनतम तापमान दो से चार डिग्री तक गिर गया है।

# दिल्ली एम्स का सर्वर सुबह से डाउन, हैक होने की आशंका

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**अपना ऑनलाइन पंजीकरण भी नहीं करा पाए मरीज**

**देश** के सबसे मशहूर अस्पताल दिल्ली एम्स का सर्वर बुधवार सुबह सात बजे से डाउन हो गया। आशंका है कि सर्वर को हैक कर लिया गया है। सर्वर डाउन के कारण यहां इंटरनेट भी बंद हो गया। मरीजों के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन में दिक्कतें आने लगीं। आईटी के जानकार शाम तक समस्या को दूर करने में जुटे रहे।

देश का सबसे बड़ा अस्पताल होने के चलते देशभर के मरीज यहां आते हैं। ऐसे में मरीजों और एडमिन ऑफिस को इसके चलते काफी परेशानी उठानी पड़ीं। अस्पताल के ओपीडी और सैंपल कलेक्शन मैन्युअल रूप से संभाला जा रहा था। जिनके पास यूनिक हेल्थ आइडेंटिफिकेशन नहीं है उनके लिए सैंपल कलेक्शन सिस्टम प्रभावित रहा। एम्स का सर्वर पर बेहद संवेदनशील जानकारी रहती है। यहां राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मंत्रियों और अन्य प्रमुख व्यक्तियों का हेल्थ डेटा रहता है। हैकिंग की आशंका देखते हुए मामले में साइबर क्राइम एजेंसियों को भी लगाया गया।

# कांग्रेस ने जनजातीय महिला का समर्थन क्यों नहीं किया : मोदी

**गुजरात के दाहोद में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर जमकर बरसे प्रधानमंत्री**

**एजेंसी।** दाहोद



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को सवाल किया कि कांग्रेस यदि जनजातीय समुदाय को लेकर इतनी ही चिंतित है तो उसने राष्ट्रपति चुनाव में द्रौपदी मुर्मू का समर्थन क्यों नहीं किया? प्रधानमंत्री मध्य गुजरात के जनजातीय बहुल दाहोद में एक चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। मध्य गुजरात की विधानसभा सीटों पर दूसरे चरण के चुनाव के तहत पांच दिसंबर को मतदान होना है।

सूरत जिले के जनजातीय बहुल महुवा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने पिछले दिनों कहा था कि जनजातीय लोग देश के पहले मालिक हैं लेकिन भाजपा उनके अधिकार छीनने की कोशिश कर रही है। एक दिन पहले उन्होंने आरोप लगाया था कि नरेन्द्र मोदी की अगुवाई वाली केंद्र सरकार आदिवासियों को सशक्त करने के लिए संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) द्वारा बनाए गए कानूनों को कमजोर कर रही है और उनकी पार्टी फिर से सत्ता में आने के बाद उन्हें मजबूत करेगी। मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि कांग्रेस ने राष्ट्रपति चुनाव में भाजपा की महिला जनजातीय उम्मीदवार का समर्थन क्यों नहीं किया? इसकी जगह उन्होंने उन्हें हराने के लिए अपना उम्मीदवार मैदान में उतारा।

मोदी ने कहा कि कांग्रेस के इस प्रकार के प्रयासों के बावजूद द्रौपदी मुर्मू जनजातीय लोगों के आशीर्वाद से राष्ट्रपति बनीं। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने कभी जनजातीय समुदाय के किसी व्यक्ति को राष्ट्रपति बनाने की क्यों नहीं सोची? यह भाजपा है, जिसने न सिर्फ जनजातीय समुदाय के एक व्यक्ति बल्कि एक महिला को राष्ट्रपति बनाया और पूरी दुनिया को एक संदेश दिया।

मोदी ने दाहोद के ब्रिटिश जमाने के क्षेत्र परेल का विकास न करने के लिए भी कांग्रेस को आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा, लेकिन मैंने प्रधानमंत्री के रूप में इसका ध्यान रखा। अब यहां 20000 करोड़ रुपये का निवेश हो रहा है, जिससे रेलवे इंजन कारखाना बनेगा। इन इंजनों को अन्य देशों में निर्यात किया जाएगा। इस व्यापक निवेश से आखिरकार स्थानीय लोगों को ही फायदा होगा। मोदी ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में दाहोद जिले में बहुत सारी सुविधाएं और फायदे पहुंचाए गए, जिनमें इंजीनियरिंग कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, नल से जल कनेक्शन और स्मार्ट सिटी योजना के तहत अन्य सुविधाएं शामिल हैं।

### राहुल की यात्रा पर साधा अप्रत्यक्ष निशाना

**गांधी** की अगुवाई में जारी कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा का उल्लेख करते हुए मोदी ने कहा, एक आदमी सत्ता में वापसी करने के लिए पैदल यात्रा कर रहा है। अपने भाषणों में वह जनजातीय समुदाय की बात करता है।

# कैदी की पत्नी से दुष्कर्म मामले में मुख्य सचिव और डीजीपी को नोटिस

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने छह हफ्ते में रिपोर्ट मांगी

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**राष्ट्रीय** मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने हरियाणा के मुख्य सचिव और डीजीपी को नोटिस जारी किया है। आयोग ने फरीदाबाद की नीमका जेल में बंद कैदी की पलवल जिले की रहने वाली पत्नी के साथ रेप के मामले का स्वत: संज्ञान लिया है। दोनों अधिकारियों को छह हफ्ते में रिपोर्ट दाखिल करने को कहा गया है। आयोग ने इस मामले को लोक सेवकों के द्वारा मानव अधिकारों का उल्लंघन बताया है।

आयोग ने राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (एसएलएसए) को भी इस मामले में निर्देश दिए गए हैं। आयोग की तरफ से कहा गया है कि प्राधिकरण के सदस्य सचिव को भी जेल में पीड़ित महिला के पति को लंबे समय तक कैद में रखने के मामले की जांच करनी होगी। साथ ही जांच रिपोर्ट आठ सप्ताह के भीतर आयोग में जमा कराना होगी। साथ ही आरोपी को मुफ्त न्यायिक सेवाओं का लाभ भी दिया जाना चाहिए।

आयोग ने हरियाणा पुलिस से पूछा है कि आरोपी क्राइम ब्रांच इंस्पेक्टर की गिरफ्तारी हुई है या नहीं। रिपोर्ट में आरोपी निरीक्षक के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले की वर्तमान स्थिति पर जानकारी भी आयोग ने मांगी है। रिपोर्ट में अलग-अलग दंडनीय कानूनों के तहत लागू प्रावधानों का उल्लेख करने को भी कहा गया है।

### कोल्ड ड्रिंक में मिलाकर दिया था नशीला पदार्थ

**आयोग** ने मामले का उल्लेख करते हुए बताया कि क्राइम ब्रांच में तैनात एक इंस्पेक्टर ने महिला से जेल में बंद उसके पति की मदद करने का बहाना देकर दुष्कर्म किया। इसके साथ ही आरोपी इंस्पेक्टर ने महिला को ब्लैकमेल कर करीब 5.50 लाख रुपये भी वसूले। महिला की शिकायत पर सेक्टर 16 महिला थाना पुलिस ने केस दर्ज किया गया। केस दर्ज होने के बाद आरोपी इंस्पेक्टर की पहचान मनोज कुमार के रूप में हुई है और वह वर्तमान में एचएसवीपी सेल में तैनात है। पुलिस आरोपी इंस्पेक्टर की पुलिस तलाश कर रही है। पलवल की रहने वाली एक महिला को इंस्पेक्टर ने कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर रेप किया। इतना ही नहीं आरोपी ने महिला के आपत्तिजनक फोटो और वीडियो भी लिए। इसके बाद उसने महिला को ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया और उससे पैसे भी वसूले।

# स्कूलों का बदला समय, सुबह 9.30 बजे खुलेंगे स्कूल

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़



**आदेश एक दिसंबर से होगा लागू**

**हरियाणा** के स्कूलों के समय में बदलाव कर दिया गया है। ठंड को देखते हुए शिक्षा विभाग ने यह बदलाव किया है। राज्य में अब सिंगल (एकल) शिफ्ट वाले स्कूल सुबह 9.30 बजे से खुलेंगे।

डबल (दोहरी) शिफ्ट वाले स्कूलों में पहली शिफ्ट का समय सुबह 7.55 से दोपहर 12.30 बजे तक रहेगा। स्कूलों की टाइमिंग के बदलाव का फैसला एक दिसंबर से लागू होगा। स्कूलों में बदलाव के तहत अब सिंगल शिफ्ट के स्कूल दोपहर 3.30 बजे बंद होंगे। जबकि डबल शिफ्ट में पहली शिफ्ट का समय सबुह 7:55 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक रहेगा। इन्ही स्कूलों की दूसरी शिफ्ट में दोपहर 12:40 बजे से खुलेगा और शाम 5:15 बजे तक बंद होगा।

# रोहतक पीजीआई की ओपीडी अनिश्चितकाल के लिए बंद

**पायनियर समाचार सेवा।** रोहतक

**48 घंटे बाद इमरजेंसी सेवाएं भी करेंगे बंद बांड पॉलिसी के विरोध में उठाया कदम**

**बांड** पॉलिसी को लेकर हरियाणा के रोहतक स्थित पीजीआई की ओपीडी सेवाएं अनिश्चित काल के लिए बंद कर दी गई हैं। जिसके बाद ओपीडी में पहुंचने वाले मरीजों को बिना इलाज बेरंग लौटना पड़ेगा। रेजिडेंट डॉक्टर एसोसिएशन (आरडीए) ने एमबीबीएस छात्रों के समर्थन में यह निर्णय लिया है।

48 घंटे बाद इमरजेंसी सेवाएं भी बंद करने का फैसला लिया गया है। ऐसा होता है तो पीजीआईएमएस रोहतक में स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह से ठप हो जाएंगी। रेजिडेंट डॉक्टर एसोसिएशन ने कहा कि सरकार ने एमबीबीएस स्टूडेंट पर जो बांड पॉलिसी लागू की है वह गलत है। जिसका सीधा असर विद्यार्थियों व चिकित्सकों ही नहीं आम जनता पर पड़ेगा। लोगों को मिलने वाले फ्री इलाज को भी सरकार बंद करके महंगे कर देगी। इसलिए गुरुवार से ओपीडी सेवाएं बंद करने का निर्णय लिया है।

# डिप्टी सीएम के काफिले की गाड़ियां आपस में भिड़ीं



**हिसार।** हरियाणा के डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के काफिले का पिहोवा में एक्सीडेंट हो गया। काफिले में दुष्यंत की गाड़ी में शामिल पीसीआर आपस में टकरा गईं। काफिले के आगे गोवंश आ गया था।

गोवंश को बचाने के चक्कर में जब वाहनों की स्पीड कम हुई तो पीछे से आ रही दूसरी पीसीआर टकरा गई। हालांकि डिप्टी सीएम सुरक्षित हैं। इस दुर्घटना में पुलिस कर्मचारी और होमगार्ड घायल हुए हैं। उन्हें पिहोवा के अस्पताल में दाखिल करवाया गया। जहां उनकी हालत सामान्य बताई गई है।

# नशे के लिए पैसे न देने पर कर दी माता-पिता, बहन और दादी की हत्या

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**दिल्ली** के पालम इलाके में एक व्यक्ति ने अपने माता-पिता, बहन और दादी की गला रेतकर हत्या कर दी। घटना मंगलवार की रात साढ़े दस बजे की है। आरोपी का नाम केशव है और वह ड्रग्स का आदी है। परिवार ने उसे नशा मुक्ति केंद्र भेजा था। कुछ दिन पहले ही वह उसे लेकर आए थे, लेकिन उसकी लत नहीं छूटी।

बताया जा रहा है कि मंगलवार को उसने नशे के लिए पैसे मांगे थे। जब घरवालों ने पैसे देने से मना कर दिया तो उसने परिवार के लोगों की हत्या करने का फैसला कर लिया। चारों सदस्यों को घर में अलग-अलग कमरे में ले जाकर उनकी हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी भागने की फिराक में था, लेकिन उसके चचेरे भाई ने पड़ोसियों की मदद से उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। मृतकों की पहचान पिता दिनेश (50), मां दर्शना (47), बहन उर्वशी (18) और दादी दीवानो देवी (75) के रूप में हुई है।

आरोपी के चचेरे भाई ने बताया कि केशव के मकान की ऊपरी मंजिल पर झगड़ा हो रहा था। कुछ देर बाद बहन के चीखने की आवाज सुनी थी। वह बचाने की गुहार लगा रही थी।

# अब हरियाणा में जीटी रोड जाम नहीं करेंगे किसान

**अनिल विज से मिले चढ़ूनी, सभी मांगों पर बनी सहमति**

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़



**हरियाणा** में 24 नवंबर को किसान अब जीटी रोड को जाम नहीं करेंगे। हरियाणा के गृहमंत्री अनिल विज और किसान नेता गुरनाम सिंह चढ़ूनी की मुलाकात के बाद यह फैसला लिया गया। गुरनाम चढ़ूनी ने बताया कि सरकार किसानों की सभी मांगों को मानने के लिए तैयार है।

आंदोलन के दौरान जितने भी केस किसानों पर दर्ज हैं वह सरकार रद्द करेगी। साथ ही पूर्व में दर्ज 32 केस भी वापस होंगे। भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) के अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने चंडीगढ़ में ऐलान किया था कि हरियाणा सरकार की ओर से आंदोलन के दौरान दर्ज केस वापस न लेने के विरोध में 24 नवंबर को अंबाला में जीटी रोड जाम किया जाएगा। इससे पहले किसानों की रेलवे ट्रैक जाम करने की योजना थी।

### 294 मुकदमों को लेकर नाराज थे किसान

**किसान** आंदोलन के दौरान करीब 294 केस दर्ज किए थे। इसके अलावा आंदोलन के पहले के भी कुछ केस पेंडिंग थे। जिसको लेकर किसान नाराज चल रहे हैं। 2020 में 24 नवंबर के दिन ही दिल्ली कूच को यहीं से बैरिकेड तोड़ने की शुरुआत की थी।

# हिंद महासागर की गहराइयों में मिले विचित्र जीव : वैज्ञानिक

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**वैज्ञानिकों** का कहना है कि पैनकेक समुद्री साही (सी अर्चिन), बिना आंखों वाली सर्पमीन (ईल) और चमगादड़ जैसी आकृति वाली मछलियां (बैटफिश) हिंद महासागर की गहराइयों में पाए जाने वाले कुछ ऐसे जीव हैं, जिन्होंने समुद्र के अंदर के जीवन पर नजर रखने वाले शोधकर्ताओं को हैरान कर दिया है।

म्यूजियम्स विक्टोरिया रिसर्च इंस्टीट्यूट (एमवीआरआई) द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि संस्थान के एक दल के नेतृत्व में अभियान के तहत पहली बार ऑस्ट्रेलिया के कोकोस (कीलिंग) आइलैंड मरीन पार्क में समुद्र तल का विस्तार से मानचित्रण किया गया। उन्होंने खुलासा किया कि वहां ऐसे प्राचीन पर्वत मिले हैं, जिनका शिखर समतल है, जिनके अगल-बगल में ज्वालामुखी जैसी शंक्वाकार आकृतियां, सर्पिल पठार और रेत स्खलन से बनी घाटियां हैं। ऑस्ट्रेलिया की राष्ट्रीय विज्ञान एजेंसी सीएसआईआरओ द्वारा संचालित शोध पोत (आरवी) इंवेस्टिगेटर ने हिंद महासागर क्षेत्र में गहरे समुद्र में अब तक अज्ञात समुद्री जीवन का भी सर्वेक्षण किया। अभियान के दौरान पानी के नीचे के वीडियो ने समुद्री पर्वतों के शिखर पर मंडराती विविध मछलियों के जीवन का खुलासा किया है, जिसके नमूने सतह से पांच किलोमीटर नीचे गहराई से एकत्र किए गए हैं। शोधकर्ताओं ने कहा कि सबसे आकर्षक खोजों में से कुछ हैं, ढीली, पारदर्शी, चिपचिपी त्वचा के खोल में ढकी एक पूर्व अज्ञात नेत्रहीन सर्पमीन है। शोधकर्ताओं ने कहा कि उनकी आंखें पूरी तरह से विकसित नहीं होती हैं और मछली के लिहाज से असामान्य रूप से मादाएं दूसरी मछली को जन्म देती हैं।

### चमगादड़ जैसी दिखती है मछली 'बैटफिश'



**दल** ने कहा कि गहरे समुद्र में पाया जाने वाला एक और दिलचस्प जीव चमगादड़ जैसी मछली (बैटफिश) है। यह अपने हाथ जैसे पंखों के सहारे समुद्र तल पर घूमती है। अभियान के मुख्य वैज्ञानिक एमवीआरआई के टिम ओहारा ने कहा, हमने इस सुदूरवर्ती समुद्री पार्क में रहने वाली संभावित नई प्रजातियों की एक चौंकाने वाली संख्या का पता लगाया है। बयान के अनुसार, टीम ने खुद कोकोस (कीलिंग) द्वीप समूह के नीचे विशाल पर्वत की विस्तृत त्रि-आयामी छवियां तैयार की हैं, जिनका पहले कभी विस्तार से मानचित्रण नहीं किया गया था।

**शहर का तापमान**
- अधिकतम 27.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 11.00 डिग्री सेल्सियस

**शहर में आज**
- सेक्टर-12 में खिलाड़ियों का ट्रायल : सुबह नौ बजे
- बीके सिविल अस्पताल की ओपीडी शुरू : सुबह नौ बजे
- शहर में जगह-जगह वैक्सीनेशन कैम्प : सुबह नौ बजे
- बीपीटीपी स्थित पार्क फ्लोर दो में प्रदर्शन जारी : सुबह 10 बजे

## निवेश गुरु

**म्यूचुअल** फंड एक प्रकार का वित्तीय साधन है जो कई निवेशकों से स्टॉक या बॉन्ड या किसी अन्य संपत्ति जैसी प्रतिभूतियों में निवेश करने के लिए एकत्र किए गए धन के एक पूल से बना होता है। म्युचुअल फंड्स प्रोफेशनल वेल्थ मैनेजर्स द्वारा नियंत्रित किया जाता है, जो आपको फंड की संपत्ति आवंटित करने में मदद करते हैं और निवेशकों के लिए पूंजीगत लाभ का उत्पादन करने का प्रयास करते हैं।

## यूटीलिटी न्यूज

### निशान यात्रा के बाद श्याम संकीर्तन

**फरीदाबाद।** श्री श्याम बाबा सेवा ट्रस्ट द्वारा 26 नवंबर को श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। ट्रस्ट के प्रधान गोपाल गोयल ने बताया कि मिल्क प्लांट रोड स्थित अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के प्रांगण में 26 नवंबर की शाम तीन बजे से श्री श्याम बाबा की इच्छा तक 25वां विशाल श्याम संकीर्तन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्वयं श्याम प्रभु होंगे। गोपाल गोयल ने बताया कि संकीर्तन महोत्सव से पहले 25 नवंबर को शहर में निशान यात्रा निकाली जाऐगी। श्याम बाबा के संकीर्तन महोत्सव में जाने माने भजन गायक चित्र विचित्र, हरमिंदर सिंह रोमी,नरेश सैनी व मनीष श्याम लाडला आदि बाबा के भजनों का गुणगान करेंगे। प्रधान गोपाल गोयल ने बताया कि श्याम संकीर्तन महोत्सव में बाबा का भव्य दरबार मुख्य आकर्षण का केंद्र होगा। अयोध्या में बनने वाले राममंदिर की तरह ही यहां भव्य दरबार बनेगा। इसके अलावा अलौकिक श्रृंगार, इत्र वर्षा, अखंड ज्योति, 56 भोग मुख्य आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

## क्विक न्यूज

### रहस्यमय हालत में शव मिला

**पुलिस** को बुधवार सुबह करीब 10:30 बजे सूचना मिली कि सेक्टर 27 की ग्रीनबेल्ट पर एक व्यक्ति का शव पड़ा है। सूचना मिलने पर मौके पर एसएचओ सराय, एसीपी सराय, क्राइम ब्रांच और एफएसएल की टीम पहुंची। शव को बीके हॉस्पिटल पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मृतक व्यक्ति की उम्र करीब 30-32 साल, नाम पता ना मालूम, शरीर पर किसी तरह की चोट के कोई निशान नहीं है। संभवत अज्ञात बीमारी के कारण मृत्यु हुई होगी। लेकिन पोस्टमार्टम से मृत्यु का कारण का पता चलेगा। आज एक व्यक्ति की लाश टेक्नो ऑटो कंपनी, प्लॉट नंबर एक सेक्टर 27सी के गेट के पास ग्रीन बेल्ट एरिया में नजदीक एनएच19 के सर्विस रोड, एनएचपीसी चौक पर पाई गई। मीडिया के माध्यम से सर्वसाधारण से मृतक की फोटो के आधार पर पहचान की अपील की जाती है यदि कोई मृतक को पहचानता है तो प्रबंधक अफसर थाना सराय ख्वाजा से सम्पर्क करें।

# शहर के लिए नासूर बन चुके अतिक्रमण से उत्पन्न हो रही हैं अनेक समस्याएं

### ज्यादातर सेक्टरों की ग्रीनबेल्टों पर अतिक्रमण भी बढ़ते प्रदूषण का कारण

**राजेश दास।** फरीदाबाद

**शहर** में लगातार बढ़ रहे अतिक्रमण के कारण कई तरह की गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। एक तरह से अतिक्रमण शहर के लिए नासूर बन चुका है। ऐसा नहीं है कि प्रशासन के पास अतिक्रमण हटाने का कोई रास्ता नहीं है। प्रशासन चाहे तो चंद दिनों में ही पूरे शहर से अतिक्रमण साफ हो सकता है। पूर्व निगम आयुक्त यशपाल यादव को अतिक्रमण हटाने में न केवल सफलता मिली थी। बल्कि लोगों ने सहयोग करते हुए खुद अपने अतिक्रमण हटाने शुरू कर दिये थे, लेकिन बाद में अज्ञात कारणों के कारण उनका अतिक्रमण हटाने का अभियान धीमा पड़ गया। उनके तबादले के बाद तो लोगों ने फिर से अतिक्रमण करना शुरू कर दिया है। अतिक्रमण शहर के बाजार, सड़कें और ग्रीनबेल्ट तक अतिक्रमण का शिकार हैं। अतिक्रमण की समस्या से शहर के पॉश सेक्टर भी अछूते नहीं हैं। ग्रीनबेल्टों पर हो चुके अतिक्रमण के कारण प्रदूषण भी बढ़ रहा है। एचएसवीपी द्वारा ग्रीनबेल्टों का रखरखाव न करने से अनेक ग्रीनबेल्ट कब्जों का शिकार हो चुकी हैं। वहीं अनेक ग्रीनबेल्टों पर कूड़े और कचरे के ढेर लगे रहते हैं, लेकिन निगम और संबंधित विभागों के अधिकारियों के पास इस ओर ध्यान देने का समय ही नहीं है।


अतिक्रमण के कारण बल्लभगढ़ में ऐसे लगता है जाम।


मुजेसर : अतिक्रमण के कारण चौड़ी रोड भी हो जाती सकरी।

### सेक्टरों की बिगड़ रही सूरत

**शहर** के रिहायशी इलाकों में कायदे कानून ताक पर रखकर पांच मंजिला इमारतों का निर्माण हो रहा है। नियमों के मुताबिक सेक्टरों में मकानों के निर्माण के दौरान कुछ निश्चित जगह खाली छोड़नी पड़ती हैं, लेकिन बिल्डर मानकों को ताक पर रखकर एफएआर से ज्यादा जगह पर मकानों का निर्माण करवा रहे हैं। नियमों के विपरीत निर्माण के दौरान ग्रीनबेल्ट पर रैम्प का निर्माण करा लिया जाता है। इस तरह की शिकायतें प्रदेश भर से एचएसवीपी मुख्यालय में पहुंच रही थीं। जिससे ध्यान में रखते हुए चीफ आर्किटेक्ट ने पंचकुल के एचएसवीपी प्रशासक को पत्र भेज कर इस तरह के एक अवैध निर्माणों को तोड़कर नए बिल्डिंग बायलॉज के मुताबिक बनाने के लिए कहा था। जबकि शहर के सेक्टरों अथवा अन्य रिहायशी इलाकों में बिल्डिंग बायलॉज के विपरीत मकानों का निर्माण किया जा रहा है। यहां तक निर्माणाधीन मकानों को ही कंप्लीशन जारी कर दी जाती है। यदि सरकार ने नियमों के विपरित बनाए जाने वाले अवैध निर्माणों पर ध्यान नहीं दिया तो कोई बड़ा हादसा भी हो सकता है।

### पॉश सेक्टर भी अछूते नहीं हैं



सेक्टर 24 की उजड़ी ग्रीनबेल्ट पर हो चुका है अतिक्रमण।

**एचएसवीपी** की लापरवाही से शहर के विभिन्न सेक्टरों में चारों तरफ अतिक्रमण नजर आते हैं। सेक्टरों की खाली पड़ी जमीनों पर लोगों ने अलग-अलग तरीकों से कब्जे किए हुए हैं। यहां तक कि ग्रीन बेल्टें भी अतिक्रमण का शिकार हैं। लोगों ने ग्रीनबेल्टों पर रैम्प बनवा कर पक्का कर लिया है। सेक्टरों की ग्रीनबेल्टों पर लोगों द्वारा अतिक्रमण कर सरेआम दुकानें लगाई जाती हैं। सेक्टरों में स्ट्रीट वैंडर जोन की जगह मौजूद होने के बावजूद बाजारों में रेहड़ी और फड़ लगाने वाले दुकानदारों का जमावड़ा लगा रहता है। कई स्थानों पर ग्रीनबेल्टों पर पक्के फड़ बनाकर सब्जी और फलों के बाजार लगाए जा रहे हैं। एचएसवीपी द्वारा लाखों रुपये की लागत से बनाई गई साइकिल ट्रैक पर भी जगह जगह लोगों ने अवैध कब्जे कर लिये हैं। बड़खल अनखीर रोड पर सेक्टर 48 से अनखीर चौक तक एचएसवीपी की पूरी ग्रीनबेल्ट पर लोगों ने बड़े पैमाने पर अवैध कब्जे किये हुए हैं। लोगों को परेशानी से बचाने और शहर को अतिक्रमण मुक्त बनाने के लिए एचएसवीपी के अधिकारियों को सख्त कदम उठाने की जरूरत है।

### ठंडे बस्ते में गया स्ट्रीट वैंडर जोन

**करीब** एक साल पहले नगर निगम द्वारा अतिक्रमण के खिलाफ शुरू की कार्रवाई का सबसे ज्यादा नुकसान गरीब तबके के रेहड़ी पटरी वालों को उठाना पड़ा था। निगम कर्मचारियों ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान अपनी ताकत दिखाते हुए कई स्थानों पर रेहड़ियों को भी तोड़ दिया था। कार्रवाई के दौरान उन्हें कई दिनों तक बेरोजगार रहना पड़ा था। उस समय निगमायुक्त ने रेहड़ी पटरी वालों के लिए शहर में विभिन्न स्थानों पर इंदौर की तर्ज पर स्ट्रीट वेंडर जोन विकसित कर उन्हें बूथ अलॉट करने का वायदा किया था। जिसके लिए रेहड़ी पटरी वालों की संख्या जुटाकर जगह भी चिह्नित करने के दावे किये गए थे, लेकिन करीब एक साल का समय गुजर जाने के बाद भी निगम ने इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया। जबकि शहर में ऐसी कई जगह है, जिन्हें निगम अथवा एचएसवीपी ने पहले से स्ट्रीट वेंडर जोन घोषित किया हुआ है, लेकिन वहां भी जगह न देने के कारण रेहड़ी पटरी वालों ने एक बार फिर बाजारों में अपनी दुकानें सजानी शुरू कर दी। जिससे फिर बाजारों में जाम लग रहा है।

### जिम्मेदारों पर हो कार्रवाई



**सामाजिक** कार्यकर्ता धर्मपाल का कहना है कि शहर में होने वाले अतिक्रमण और अवैध निर्माण के लिए सबसे ज्यादा संबंधित विभागों के अधिकारी ही जिम्मेदार है। इसलिए सरकार को संबंधित विभागों के अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करनी चाहिए। अतिक्रमण हटाने के लिए होने वाली तोड़फोड़ के दौरान किये जाने वाले सरकारी खर्च की रिकवरी कार्यरत अथवा सेवानिवृत संबंधित अधिकारी से की जानी चाहिए। तभी समस्या का समाधान हो सकता है।

# संविधान दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


सराय के सरकारी स्कूल में संविधान दिवस के अवसर पर पोस्टर बना कर जगरूक करते छात्र और छात्राएं।

**शिक्षा** विभाग के आदेशानुसार सराय ख्वाजा फरीदाबाद के राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा की अध्यक्षता में जूनियर रेडक्रॉस, सैंट जॉन एम्बुलेंस ब्रिगेड और स्काउट्स गाइडस ने संविधान दिवस के उपलक्ष्य में हमारा संविधान विषय पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया।

प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा ने कहा कि संविधान के निर्माता डॉ आंबेडकर के 132वें जयंती वर्ष के अवसर पर 26 नवंबर को सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने इस दिवस को संविधान दिवस के रूप में मनाने के केंद्र सरकार के फैसले को अधिसूचित किया था। प्राचार्य मनचंदा ने बताया कि संविधान दिवस प्रति वर्ष 26 नवंबर को मनाया जाता है। इसी दिन भारतीय संविधान को संविधान सभा द्वारा औपचारिक रूप से अपनाया गया था। संविधान सभा ने 26 नवंबर 1949 को संविधान को अपनाया था। यद्यपि भारतीय संविधान को 26 जनवरी 1950 को ही अस्तित्व में लाया जय था। इसके बाद बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की 125वें जन्मदिवस के अवसर पर वर्ष 2015 में 26 नवंबर को संविधान दिवस के तौर पर मनाये जाने की घोषणा की गई थी। प्राचार्य ने बच्चों को संबोधन में कहा कि कोई भी संविधान चाहे वह कितना ही सुंदर, सुव्यवस्थित और सुदृढ़ क्यों न बनाया गया हो यदि उसे चलाने वाले देश के सच्चे, निस्पृह, नि:स्वार्थ सेवक न हों तो संविधान कुछ नहीं कर सकता। डॉ. राजेंद्र प्रसाद की यह भावना पथ प्रदर्शक की तरह है। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने कहा कि विद्यालय में आज प्रवक्ता गीता सिंह ने जूनियर रेडक्रॉस और ब्रिगेड सदस्य बच्चों द्वारा संविधान दिवस पर बहुत ही आकर्षक पोस्टर बना कर सभी को मौलिक अधिकारों और मौलिक कर्तव्यों से अवगत कराया। प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचंदा ने सभी पोस्टर बनाने वाली छात्राओं कनिष्का, कुमकुम, सरिता, लक्ष्मी, अंकिता सोने और छात्रा स्पर्श, साहिल एवं रवि का संविधान दिवस के उपलक्ष्य में जागरूक करने के लिए अभिनंदन किया।

# 13वीं नेशनल चैंपियनशिप का सफल आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**सैम्बो** फैडरेशन आफ इंडिया के महासचिव डिप्टी राम शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि 13वीं नेशनल सैम्बो चैंपियनशिप का आयोजन सरदार पटेल इंटरनेशनल स्पोर्ट्स अकैडमी बागौत महेंदरगढ़ में 18 से 20 नवंबर तक किया गया। नेशनल सैम्बो चैंपियनशिप का शुभारंभ डिप्टी राम शर्मा की अध्यक्षता में हरियाणा विधानसभा डिप्टी स्पीकर गंगवा ने किया और इस खेल में ऑल और चैंपियन हरियाणा टीम रही और दूसरे स्थान पर तमिलनाडु के खिलाड़ी रहे।

महासचिव डिप्टी राम शर्मा ने बताया कि 14 साल 25 देव सिंह ने स्वर्ण पदक, 35 किलोग्राम भार में जतिन ने प्रथम, सूरज ने द्वितीय और शरत ने तृतीय स्थान, 40 किलोग्राम में गगन ने पहला और शुभम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। शिवम ने 50 किलोग्राम में पहला स्थान, लड़की कैडेट 41 किलोग्राम में मदिता ने पहला और वंदना ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। टीना ने 14 साल 20 किलोग्राम में पहला और मुस्कान ने 25 किलोग्राम में पहला स्थान, लड़की कैडेट में 50 किलोग्राम में मुस्कान ने पहला और छवि ने दूसरा स्थान प्राप्त कर हरियाणा राज्य का नाम रोशन किया। नेशनल सैम्बो चैंपियनशिप के समापन पर डॉक्टर लोकेश, डॉक्टर मधुर, डॉक्टर सुरेंद्र पानू और मशहूर पंजाबी सिंगर केडी रहे और सरपंच राजेंद्र, महावीर, संतोष, महावीर, रघुवीर, सरदार पटेल इंटरनेशनल स्पोर्ट्स अकैडमी के संचालक नरेंद्र पहलवान, रजनीश पहलवान,सोमबीर और नरेश तंवर आदि मौजूद रहे।



नेशनल चैंपियनशिप के विजेता खिलाड़ी ट्रॉफी के साथ।

# डीएलएफआइए की जिला उपायुक्त ने की सराहना

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जिला** उपायुक्त विक्रम सिंह ने डीएलएफ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की सराहना करते हुए कहा है कि औद्योगिक समस्याओं के समाधान के साथ-साथ आम जनता व पर्यावरण के लिये एसोसिएशन द्वारा जो कार्य किए जा रहे हैं, वह अन्य संगठनों के लिए निश्चित रूप से अनुकरणीय हैं।

एसोसिएशन के प्रधान जेपी मल्होत्रा द्वारा डीएलएफआईए बिजिनेस समिट उपरान्त उनके कार्यालय में हुई मुलाकात में उपायुक्त ने कहा कि बिजिनेस समिट में उद्योग प्रबन्धकों का एकजुट होना व एमएसएमई विषय पर विचार-विमर्श के साथ-साथ जिला प्रशासन, उद्योगों से जुड़े विभागों के अधिकारियों के साथ मंत्रणा ऐसे कार्य हैं, जिनसे निश्चित रूप से उद्योगों को राहत मिलेगी। मल्होत्रा ने जिला उपायुक्त को बताया कि समिट में 140 से अधिक लोग शामिल हुए जिनमें एनसीआर व फरीदाबाद में कार्यरत एमएसएमई प्रतिनिधि, विभिन्न विभागों के अधिकारी व अतिथि शामिल हैं। कार्यक्रम में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के चेयरमैन पी राघवेन्द्र राव, जेसी बोस विवि के वाईस चासंलर प्रो. एस के तौमर, एनएसआईसी के सीएमडी गौरंग दीक्षित, सिडबी के आरओ मनीलाल चौधरी की उपस्थिति भी उल्लेखनीय रही। समिट की मुख्य थीम एमएसएमई-द रियल बैकबोन ऑफ इकोनोमी रही। मल्होत्रा ने बताया कि निकट भविष्य में एसोसिएशन उपायुक्त विक्रम सिंह के साथ एक विशेष इन्ट्रेक्टिव मीट का आयोजन करेगी, जिसमें इंफ्रास्ट्रक्चर व नागरिक सुविधाओं पर विचार विमर्श किया जाएगा।


सेक्टर 12 स्थित लघु सचिवालय कार्यालय में मुलाकात कर डीसी विक्रम सिंह को स्मृति चिह्न भेंट करते डीएलएफ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के प्रधान जेपी मल्हौत्रा।

# डीएवी के विद्यार्थियों ने की साहित्य के दिग्गजों से भेंट

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**साहित्य** आजतक 2022 के साहित्य एवं सांस्कृतिक उत्सव में डीएवी शताब्दी महाविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के छात्रों ने शिरकत की। मेजर ध्यान चंद राष्ट्रीय स्टेडियम, नई दिल्ली में आयोजित इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में छात्रों ने दो दिन पहुंचकर साहित्य जगत के दिग्गजों और आजतक न्यूज चैनल के ऐंकर्स से मुलाकात की।

आजतक न्यूज चैनल द्वारा आयोजित साहित्य उत्सव में बड़े-बड़े सितारों ने भी शिरकत की, जिनमें यतीन्द्र मिश्र, कुमार विश्वास, चेतन भगत, प्रसून जोशी, अफसाना खान, नशेरा शर्मा, अब्दुल बिस्मिल्लाह, अश्विन सांघी जैसे लेखक शामिल रहे। लेखकों के अलावा कार्यक्रम में बॉलीवुड के एक्टर और सिंगर भी शामिल हुए जिनमें दीप्ति नवल, आयुष्मान खुराना, कबीर बेदी, दिव्या दत्ता, हंसराज हंस, कुतले खान आदि नाम प्रमुख रहे। लेखकों, गीतकारों और अभिनेताओं ने अपने अनुभव छात्रों के साथ साझा किये। क्रिएटिव राइटिंग को लेकर छात्रों को काफी मार्गदर्शन मिला, जैसे दीप्ती नवल ने बताया कि कभी-कभी कहानी एक माध्यम से पूरी नहीं होती तो आप दूसरे माध्यम से उसको पूरा कर सकते हैं। आजतक के सभी एंकरों जिनमें सइद अंसारी, चित्रा त्रिपाठी, सुधीर चौधरी, अंजना ओम कश्यप, नेहा बाथम, श्वेता सिंह, आदि से भी छात्र रूबरू हुए। उनको मंच का कुशल संचालन करते देखा।

इस उत्सव में विभिन्न साहित्य रूपों का संगम-कविता, गद्य, संगीत और नाटक रहे। कार्यक्रम में दस्तक दरबार, हल्ला बोल, ललंनटोप अड्डा तथा माइक के लाल जैसे और भी अलग-अलग मंचों की व्यवस्था रही। महाविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के शिक्षकों ने भी टीवी प्रोग्राम प्रसारण के लिए की गई तकनीकी व्यवस्था को छात्रों को समझाया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के लगभग पचत्तर छात्रों के साथ विभागाध्यक्ष मैडम रचना कसाना व सहायक प्रोफेसर वीरेन्द्र सिंह ने भाग लिया।


मेजर ध्यान चंद राष्ट्रीय स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे डीएवी शताब्दी कॉलेज के विद्यार्थी।

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मोबाइल नंबर- 9255029919
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103




खुशी की राह पर अब दूर तक दिखने लगे हैं ग़म
मगर वो पीठ अपनी थपथपाएं क्या करेंगे हम
अँधेरे कह रहे हैं आज दीपक से सभी मिलकर
ज़ुबाँ ख़ामोश रखनी है भले ही आँख है पुरनम

# खर्च विवरण जमा कराएं पंचायत चुनाव उम्मीदवार

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जिला** निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि हरियाणा निर्वाचन आयोग द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार पंचायत चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार अपने खर्च का ब्योरा संबधित आरओ ऑफिस में जमा करवा दें। जिससे कि उनको चुनाव आयोग के पास भिजवाया जा सके।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने आज कहा कि चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद तीस दिन के अंदर सभी उम्मीदवारों को चुनाव खर्च का विवरण जमा करवाना होता है। अन्यथा भविष्य के लिए उनको चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य, ब्लैक लिस्ट घोषित कर दिया जाता है। उपायुक्त ने कहा कि जिला परिषद सदस्यों के लिए तथा फरीदाबाद, बल्लभगढ़ और तिगांव ब्लॉक में सरपंच व पंच पदों के लिए चुनाव उम्मीदवार रहे अपने चुनाव खर्च का ब्योरा रिटर्निंग अधिकारी के कार्यालय में जाकर जमा करवा दें।



उन्होंने कहा कि जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्य पद के उम्मीदवार भी चुनाव खर्च का विवरण समय पर जमा करवाएं। जिला फरीदाबाद में चुनाव खर्च के पर्यवेक्षक डॉक्टर वीरेंद्र कुमार दहिया ने भी निर्देश दिए हैं कि हरियाणा निर्वाचन आयोग द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार उम्मीदवार अपने चुनाव व्यय का समस्त लेखा-जोखा सम्बधित आरओ, एसडीएम कार्यालय, में चुनाव खर्च से संबंधित कर्मचारी के पास जाकर जमा करवा दें। उन्होंने कहा कि जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्य पद के उम्मीदवार सेक्टर-12 के एक्साइज विभाग के कार्यालय के रूम नम्बर तीन में जमा करवाना सुनिश्चित करें।

**यह है चुनाव खर्च की सीमा :** जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने कहा कि हरियाणा निर्वाचन आयोग द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार चुनाव में पंच पद का उम्मीदवार अधिकतम 50 हजार रुपये, सरपंच पद का उम्मीदवार अधिकतम दो लाख रुपये, पंचायत समिति सदस्य का उम्मीदवार अधिकतम तीन लाख 60 हजार रुपये तथा जिला परिषद सदस्य का उम्मीदवार अधिकतम छह लाख रुपये चुनाव खर्च कर सकता है।

# मासिक धर्म कोई अपराध नहीं : चांदनी

**फरीदाबाद।** मासिक धर्म कोई अपराध नहीं, बल्कि एक सामान्य शारीरिक प्रक्रिया है। जिस पर घर और समाज में खुलकर बात की जाए तो इस दौरान स्वच्छता के महत्व को भी समझा जा सकता है। जिसके लिए हमें एक माहौल बनाना होगा और पुरानी परंपरागत सोच को बदलना होगा। यह बात वुमेंस पावर संस्था की फाउंडर प्रेसिडेंट चांदनी आजाद अली ने कही। उन्होंने कहा कि यह स्वच्छता महिलाओं को स्वस्थ रखेगी और आगे बढ़ने का विश्वास देगी, कभी नहीं रुकने का और डर को जड़ से खत्म कर देने का। वुमेंस पावर संस्था पिछले ढाई साल से लगातार मुजेसर के स्लम एरिया में सेनेटरी पैड वितरण कर रही थी। इसी कड़ी में बुधवार से आजाद नगर, सेक्टर 25 के स्लम एरिया में एक नई शुरुआत की है जागरुकता की, जो महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा जागरुक करने का कार्य करेगी और उन्हें बीमारी से दूर रखेगी। इसके लिए वहां फ्री में सेनेटरी पैड वितरित किए और महिलाओं को जागरूक किया कि मासिक धर्म कोई अपराध नहीं, बल्कि एक सामान्य शारीरिक प्रक्रिया है। इस मौके पर वुमेंस पावर संस्था की फाउंडर प्रेसिडेंट चांदनी आजाद अली और वाइस प्रेसिडेंट डॉली कपूर का कहना है कि वह जागरूकता अभियान हमेशा चलाती रहेंगे और इसी तरह महिलाओं को जागरूक करती रहेंगी।



महिला को वुमेंस पावर संस्था के सदस्य सेनेटरी पैड देते हुए।

# बीके में वैक्सीनेशन करवाने आए लोग हुए परेशान

## बच्चों के वैक्सीनेशन सेंटर में इसे शिफ्ट करने से फैली अव्यवस्था

**कविता।** फरीदाबाद


बीके में पीपीई सेंटर में लगी भीड़ में कोरोना से बचाव की वैक्सीन, फैमली प्लानिंग और बच्चों का वैक्सीनेशन करवाने को लगी भीड़।


बीके अस्पताल में मौजूद वैक्सीनेशन के रूम में लगा बिस्तर व पड़े हुए कंबल।

**बादशाह** खान सिविल अस्पताल में मौजूद वैक्सीनेशन रूम को बदल दिया गया है। जिससे यहां आए लोगों को भारी परेशानियों का सामना करने को मजबूर होना पड़ा। यहां वैक्सीनेशन रूम का स्थान बदलकर फैमली प्लानिंग रूम में कर दिया है।

पीपीई सेंटर के नाम से मशहूर इस कक्ष में जहां एक तरफ परिवार नियोजन के ऑपरेशन करवाने वाली महिलाओं-पुरुषों की भीड़ लगी रहती है। वहीं सप्ताह में दो दिन बच्चों को वैक्सीन लगाई जाती है। वहीं अब कोविड से बचाव के लिए वैक्सीन लगवाने वालों के लिए भी यहां व्यवस्था की है। जिससे सेंटर में अव्यवस्था फैल गई है। क्योंकि नवजात और अन्य आयुवर्ग के बच्चों का बुधवार को वैक्सीनेशन डे था। वहीं परिवार नियोजन कैम्प भी था। जिससे सेंटर में पहले ही भीड़ थी। ऐसे में यहां कोविड-19 से बचाव के लिए वैक्सीन लगवाने वाले भी पहुंच गए। जिससे यहां भीड़ लग गई। आलम यह था कि पैर रखने का भी स्थान केन्द्र के भीतर लोगों को नहीं मिल रहा था। वहीं वैक्सीन सेंटर का स्थान बदलने की किसी तरह की कोई सूचना न होने के कारण यहां से लोग सेंटर बंद होने की सोच रखते हुए वापस लौटने को मजबूर हो गए।

**बंद सेंटर में बिस्तर और कंबल :** वैक्सीनेशन सेंटर के बाहर न तो कोई सूचना थी कि वह कहां हैं और क्यों बंद कर दिया गया है। सेंटर में मौजूद कमरे के भीतर एक बिस्तर फर्श पर बिछा हुआ मिला। जिस पर दो कम्बल इस बात की गवाही दे रहे थे कि वहां रात के समय कोई सोया है। क्योंकि अगले कक्ष में खाने-पीने के सामान के लिफाफे पड़े हुए थे, वहीं एक मयूरजग भी वहां पर रखा हुआ था।

**लोग हुए परेशान :** सेंटर बंद होने की सूचना मिलने पर पायनियर संवाददाता ने इस बारे में खोजबीन करने का प्रयास किया। जिससे पता चला कि सीएमओ ने सेंटर को पीपीई सेंटर में चलाने की बात कही है। वहीं एम्बुलेंस नियंत्रण कक्ष को वैक्सीनेशन सेंटर में शिफ्ट करने को कहा है। जब एम्बुलेंस नियंत्रण कक्ष में इस विषय में बात की गई, तो वहां से पता चला कि वह गेट के निकट ही ठीक है। इसलिए वहां शिफ्ट वह नहीं कर रहे हैं। वहीं एक विश्वासनीय सूत्र ने बताया कि बीके अस्पताल में खुली इंसोनित कैंटीन को वह रूम दिया गया है। जिसमें फिलहाल वहां के कर्मचारी सोने के लिए इस्तेमाल कर रहे है। अब इसमें कितनी सचाई है, इस विषय में कोई भी कुछ भी कहने को तैयार नहीं है।

# एफएमडीए की बैठक में लिए जलापूर्ति बढ़ाने और निकासी के लिए कई निर्णय

## एफएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने की अंतर-विभाग समन्वय बैठक की अध्यक्षता

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते एफएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुधीर राजपाल।

**फरीदाबाद** महानगर विकास प्राधिकरण (एफएमडीए) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुधीर राजपाल ने जिले के विभिन्न सरकारी विभागों के अधिकारियों के साथ समन्वय समिति की बैठक की अध्यक्षता की और संबंधित विभागों को परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए निर्देश जारी किए। बैठक में फरीदाबाद के उपायुक्त विक्रम, नगर निगम फरीदाबाद (एमसीएफ) के आयुक्त जितेन्द्र सिंह, एफएमडीए की अतिरिक्त मुख्य अधिकारी और एचएसवीपी की प्रशासक गरिमा मित्तल और फरीदाबाद स्मार्ट सिटी, एफएमडीए और एनएचएआई सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

जलापूर्ति एफएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने हाल ही में बाईपास रोड का दौरा किया था, जहां एफएमडीए की लाइन नंबर 7 की 900 मिमी डायमीटर जलापूर्ति पाइपलाइन बाईपास से परे 600 मिमी डायमीटर की हो जाती है और इस मुद्दे को हल करने के लिए निर्देश जारी किए थे। इस मामले पर एनएचएआई के अधिकारियों के साथ चर्चा की गई, जिसमें यह निर्णय लिया गया कि एफएमडीए की आवश्यकता के अनुसार एनएचएआई द्वारा बाईपास के साथ सेक्टर 29 चौक से एनएचपीसी चौक तक उपयोगिताओं की शिफ्टिंग और 900 मिमी व्यास की पानी की आपूर्ति पाइपलाइन बिछाने का कार्य किया जाएगा। इस से सेक्टर-45 के बूस्टिंग स्टेशन पर जल आपूर्ति बढ़ेगी और ग्रीनफील्ड कॉलोनी, सुरजकुंड रोड गुरुकुल रोड चामवुड़ गांव तक के निवासियों सहित अन्य लोगों को पानी की बढ़ोतरी से लाभ मिलेगा। फरीदाबाद शहर में जल आपूर्ति बढ़ाने के लिए एफएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने यह भी बताया कि एफएमडीए एनबीसीसी द्वारा विकसित 14 ट्यूबवेल का अधिग्रहण करेगा जो अभी एमसीएफ के अधिकार क्षेत्र में है। ये ट्यूबवेल चालू नहीं हैं और एफएमडीए उन्हें पुनर्जीवित करेगा और उन्हें प्राधिकरण के जल आपूर्ति लाइन नंबर 5 से जोड़ेगा, ताकि सेक्टर 28, अशोक एन्क्लेव, सेक्टर 37, स्प्रिंग फील्ड कॉलोनी, के निवासियों को पानी के आवंटन में सुधार हो सके। इस से 10 एमएलडी पानी बढ़ जाएगा।

बैठक में सेक्टर 64 में प्लाटों के नीचे से गुजरने वाली रैनी वेल 900 एमएम व्यास की पाइपलाइन को शिफ्ट करने का मुद्दा भी उठाया गया, जो मकान मालिकों के लिए एक चुनौती बन रहा है। एफएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने निर्देश दिया कि पाइपलाइन को स्थानांतरित करने के लिए एक वैकल्पिक अलाइनमेंट एचएसवीपी द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा।

# सीएम फ्लाइंग ने किया नकली नमक की फैक्ट्री को भंडाफोड़

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


गाजीपुर इंडस्ट्रीयल एरिया में छापे के दौरान पकड़े गए नकली टाटा नमक को चेक करते मुख्यमंत्री उड़नदस्ते के सदस्य और बरामद नमक।

**मुख्यमंत्री** उड़नदस्ता फरीदाबाद को गुप्त सूचना मिली गाजीपुर इंडस्ट्रीयल एरिया में राधा स्वामी सत्संग आश्रम के नजदीक प्लाट नम्बर 191 के सामने बनाये गए शेड में टाटा नमक की नकली पैकिंग की जा रही है व इस टाटा नमक को असल के तौर पर स्थानीय बाजार में बेचकर ज्यादा मुनाफा कमाया जा रहा है। सूचना पर पुलिस पर टीम ने कार्रवाई कर अवैध फैक्ट्री भंडाफोड़ कर दिया।

सीएम फ्लाइंड के डीएसपी राजेश चैची ने बताया कि इस सूचना के सम्बंध में जगदीश निरीक्षक व सतबीर सिंह उप निरीक्षक द्वारा सचिन खाद्य सुरक्षा अधिकारी फरीदाबाद व स्थानीय पुलिस के साथ मौका निरीक्षण किया गया। मौका पर गाजीपुर इंडस्ट्रीयल एरिया में राधा स्वामी आश्रम के नजदीक प्लॉट नंबर 191 के सामने बनाये गए शेड पर बाहर कोई बोर्ड लगा हुआ नही मिला। इस सेड के अंदर नमक के कट्टे खुले व पैकिंग शुदा रखे मिले। मौका पर हाजिर मिले मजदूरों ने पूछताछ पर बतलाया कि यहां पर कपिल मित्तल निवासी बल्लभगढ़ द्वारा टाटा नमक की पैकिंग कराई जाती है व च्यय ट्रेडर्स के नाम से फर्म चलाई जा रही है। मौका पर अलग अलग कट्टों में करीब 245 क्विंटल नमक रखा हुआ मिला। मौका पर टाटा नमक की एक एक किलो की पैकिंग को 91 कट्टों में पैक किया हुआ था। तीन मशीन लगाई हुई मिली जिनसे नमक की पैकिंग की जा रही थी। नमक के पैकेट पर लगे बैच नम्बर से मिलान करने पर पता करनाल का पाया गया, लेकिन पैकिंग यहां पर की जा रही थी। मौका पर टाटा साल्ट नमक व फेना सर्फ के रोल रखे हुए मिले।

# वोटर लिस्ट से गायब नाम जोड़ने के एसडीएम ने किए आदेश जारी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

## पंच-सरपंच के मतदान में भाग लें सकेंगे गायब नाम वाले व्यक्ति भाग: एसडीएम

**जिला** परिषद व पंचायत समिति सदस्यों के लिए मंगलवार को हुए मतदान में चुनाव आयोग की गलती से कई लोगों को मतदान से वंचित होना पड़ा। जिसे देखते हुए एसडीएम त्रिलोक चंद ने सभी बीएलओ को आदेश दिए गए हैं कि वह जिन लोगों के नाम गायब है, उनकी जांच की नाम को जोडें। ताकि ये लोग पंच-सरपंच के मतदान में भाग लें सकें।

जानकारी के मुताबिक कुछ मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से गायब होने की शिकायत मिली है। जिसमें फतेहपुर बिल्लौच गांव निवासी छोटेलाल का नाम भी मतदाता सूची से गायब था। उसने बताया कि वह मतदान करने के लिए मतदान केंद्र पर पहुंचा तो पाया कि मतदाता सूची में उनका नाम गायब है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से बात भी की। मगर किसी ने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। उनकी तरह कई और मतदाता भी वोट डालने से वंचित रह गए। जिनका मतदाता सूची में नाम ही नहीं पाया। लोगों ने इस गड़बड़ी का आरोप सम्बंधित बीएलओ के ऊपर लगाया।

ग्रामीणों ने बताया कि मृतक लोगों का नाम सूची में छोड़ दिया गया है। जिंदा लोगों का नाम काट दिया गया है। कई लोगों का नाम मतदाता सूची से गायब है। मतदान करने के लिए पर्ची के लिए भटकते रहे। पर्ची नहीं मिलने से मतदान से वंचित हो गए। मतदाताओं का वोटर लिस्ट में नाम नहीं होने के चलते बूथों से लौटना पड़ा। एसडीएम त्रिलोक चंद ने बताया कि कुछ मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से गायब होने की शिकायत मिली है। जिस पर बीएलओ को आदेश जारी किए है।

# इमरजेंसी फायर इवेक्यूएशन मॉक ड्रिल अभ्यास

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**हाल** ही में होटल क्राउन प्लाजा, ग्रेटर नोएडा (सीपीजीएन) में नकली पूर्ण आपातकालीन आग निकासी अभ्यास, मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया, इस मॉक ड्रिल का आयोजन यूपी फायर सर्विस टीम, ग्रेटर नोएडा के सहयोग से किया गया। सीपीजीएन के महाप्रबंधक शरद के. उपाध्याय के नेतृत्व में होटल स्टाफ ने इस मॉक ड्रिल में भागीदारी की।

यूपी फायर सर्विस की टीम भी फायर टेंडर के साथ आई थी और होटल के कर्मचारियों को आग बुझाने और अग्निशमन प्रशिक्षण प्रदान किया। इस अवसर पर होटल प्रबंधन और कर्मचारियों को ऐसे में अपनाई जाने वाली प्रक्रियाओं, जैसे आपातकालीन प्रतिक्रिया योजना, निकासी के बाद कर्मचारियों की संख्या और अन्य आवश्यक प्रोटोकॉल के बारे में अवगत कराया गया। ड्रिल के तहत होटल में अग्निशमन यंत्रों की स्थिति की भी जांच की गई। ड्रिल के दौरान, अग्निशमन प्रणाली; फोम मॉनिटर, शुष्क रासायनिक पाउडर अग्निशामक और पानी के छिड़काव का भी परीक्षण किया गया।

सीपीजीएन के महाप्रबंधक शरद के. उपाध्याय ने कहा, आपात स्थिति से निपटने के लिए कर्मचारियों और तकनीकी कर्मचारियों की तैयारी का परीक्षण करने की पहल के तहत यह आपातकालीन प्रतिक्रिया ड्रिल आयोजित की गई थी। ड्रिल अभ्यास के दौरान, हमने यह सुनिश्चित किया कि इससे हमारे मेहमानों को कोई असुविधा न हो और सेवाओं में कोई रुकावट न आए। उन्होंने कहा, हम सभी समझते हैं कि फायर ड्रिल हमारी अपनी सुरक्षा और हमारे आसपास के लोगों की सुरक्षा के लिए कितनी महत्वपूर्ण हैं। कल की ड्रिल में, वास्तविक जरूरत के समय में, ये अभ्यास हमें जीवन बचाने में बहुत मदद करेंगे।

सीपीजीएन के सुरक्षा प्रबंधक प्रदीप कुमार ने कहा कि इस तरह के अभ्यास करना महत्वपूर्ण है, क्योंकि निकासी अभ्यास के माध्यम से आपातकालीन प्रक्रियाओं का पूर्वाभ्यास टीम का आपातकालीन योजना से परिचित होने की स्थिति सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है। होटल सुरक्षा प्रबंधक, प्रदीप कुमार, यूपी फायर सर्विस टीम, लीडिंग फायरमैन सुमैर सिंह, ड्राइवर नरेश पाल, फायरमैन मोहित कुमार, फायरमैन राश सिंह भी ड्रिल का हिस्सा थे।

# रविंद्र फागना ने 7 रन से जीता मैच

**फरीदाबाद।** रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी के मैदान फरीदाबाद में खेले गए प्रैक्टिस मैच में रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी ने रेस्ट ऑफ फरीदाबाद इलवेन को सात रन से हराया। मौके पर बीसीसीआई कोच धर्मेन्द्र फागना ने बताया कि रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते 20 ओवर में 7 विकेट पर 188 रन बनाए। अंचाल सिंघला ने शानदार पारी खेली 92 रन बनाए। रिजवान खान ने 36 रन लिए। रेस्ट ऑफ फरीदाबाद इलवेन के आकाशदीप भानकर, विशाल कुमार, जॉकी, आदेश शर्मा और गोविंद रठोर ने एक-एक विकेट ली। लक्ष्य का पीछा करते हुए रेस्ट ऑफ फरीदाबाद इलवेन ने 20 ओवर में 9 विकेट में 181 रन ही बना सकी। गुंशेज बांगा ने 42 रन, हर्ष कुमार ने 33 रन, हैपी राजपूत ने 30 रन बनाए। रविंद्र फागना के अंचाल सिंघला, लकी फागना, नमन शर्मा और आदित्य तोमर ने दो-दो विकेट ली। मैच में मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार अंचाल सिंघला को दिया गया।

# रैनीवैल और सीवरेज लाइन हाइवे और एक्सप्रेस वे को पार कराने के लिए बैठक

## डीसी विक्रम सिंह की अध्यक्षता में इस बारे में हुई समीक्षा बैठक

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


डीसी विक्रम सिंह समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए।

**जिला** उपायुक्त विक्रम सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को नेशनल हाईवे, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण और नगर निगम विभाग की संयुक्त बैठक सेक्टर 12 में आयोजित की गई। जिसमें फरीदाबाद शहर से जुड़े कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में बड़ोदरा एक्सप्रेस वे के निर्माण से डिस्टर्ब हुई सीवरेज और पीने के पानी की व्यवस्था को दुरुस्त करने पर बारिकी से समीक्षा की गई।

बैठक में डीसी विक्रम सिंह ने फरीदाबाद से बल्लभगढ़ होते हुए निर्माणाधीन वडोदरा एक्सप्रेसव के निर्माण कार्य के दौरान फरीदाबाद और बल्लभगढ़ क्षेत्र में लगे करीब 15 ट्यूबेल को सिफ्ट करने के साथ सेक्टर-61, सेक्टर-62, सेक्टर- 64 व सेक्टर -65 की सीवरेज लाइन को भी जोड़ने का कार्य नेशनल हाईवे के साथ हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण और नगर निगम के साथ तालमेल कर पूरा करना था। इनमें से लगभग नौ ट्यूबवेल लगाने के कार्य को बेहतर अमलीजामा पहनाने की कोशिश करें।

जिस की समीक्षा करने के लिए यह बैठक आयोजित की गई। डीसी विक्रम ने बैठक में मौजूद नेशनल हाईवे के अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए हैं, कि वे उपरोक्त कार्य को जल्द पूरा करें। इसी के साथ नेशनल हाईवे नंबर-19 मथुरा रोड पर स्थित संजय कॉलोनी के सामने नया फुट ओवर ब्रिज बनाने अथवा जेसीबी के सामने बने फुट ओवर ब्रिज को शिफ्ट करने पर चर्चा हुई। ताकि संजय कॉलोनी के सामने नेशनल हाईवे की ग्रिल को पार करते समय होने वाले हादसों को रोका जा सके। इसके अलावा यह भी चर्चा की गई कि संजय कॉलोनी से सैकड़ों लोग हर रोज रोजी रोटी कमाने के लिए नेशनल हाईवे को ग्रिल के ऊपर से पार कर निकलते हैं। जिससे यहां हादसे होते हैं साथ ही नेशनल हाईवे पर जाम की स्थिति बन जाती है। बैठक में टिपरचंद शर्मा, हाईवे के प्रोजेक्ट अधिकारी सौरभ मौजूद रहे।

# सात दिवसीय संकाय विकास के तहत ऑनलाइन कार्यक्रम

**फरीदाबाद।** अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ के आईक्यूएसी प्रकोष्ठ द्वारा प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में समग्र विकास और कल्याण प्रबंधन पर एक राष्ट्रीय स्तर पर 7 दिवसीय संकाय विकास कार्यक्रम ऑनलाइन आयोजित किया जा रहा है। 23 नवंबर सत्र के तीसरे दिन का विषय पर्यावरण कल्याण था।

अरावली एनजीओ के संस्थापक, जितेन्द्र भड़ाना ने प्रकृति के साथ तालमेल बिठाने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला, इसकी सीमाओं से अवगत होना, पृथ्वी के प्राकृतिक संसाधन, ऊर्जा का संरक्षण (अर्थात अप्रयुक्त रोशनी को बंद करना) कागज, डिब्बे और कांच को यथासंभव पुनर्चक्रित करना, प्राकृतिक परिस्थितियों में बाहर समय का आनंद लेना और सराहना करना और हवा, पानी या पृथ्वी को प्रदूषित नहीं करने का संदेश दिया। उन्होंने श्रोताओं को कार्रवाई करने और पर्यावरण विरोधी गतिविधियों के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया।

# धर्मार्थ औषधालय का किया गया शुभारंभ



**फरीदाबाद।** मानव सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। नर सेवा ही नारायण सेवा की कही जाती है। हमें अपने सामर्थ्य के अनुसार लोगों की मदद के लिए आगे आना चाहिए।

यह बात हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने वजीरपुर रोड स्थित शांति पार्क में फरीदाबाद वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा बुधवार को खोले गए धर्मार्थ औषधालय के उद्घाटन अवसर पर कही। उन्होंने कहा कि असोसिएशन ने जरूरतमंद लोगों के परोपकार का जो बीड़ा उठाया है, वह काबिलेतारीफ है। इससे की आसपास कॉलोनी के लोग पूरा फायदा उठा सकेंगे तथा अपना कम कीमत पर इलाज भी करा सकेंगे। खासी-जुकाम व बुखार की दो दिन की दवाई मात्र 30 रुपये में मिलेगी। इस अवसर पर फरीदाबाद वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष केजी अग्रवाल, महासचिव विशन नागपाल, कोषाध्यक्ष महेश चंद्र गुप्ता, उपप्रधान महेंद्र वर्मा ने पूर्व कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल का स्वागत किया। वहीं विपुल गोयल ने संस्था के पूर्व प्रधान आरपी बतरा, जीसी जैन का भी शॉल भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर एडवोकेट विजय कुमार, डॉ. मुकेश सैनी, बालकिशन वशिष्ठ, राजकुमार, डॉ. महेंद्र अरोड़ा, ब्रह्मानंद कौशिक, चुन्नीलाल, डीसी सैनी, जेपी अग्रवाल सहित अनेकों सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी और सदस्य मौजूद थे।

# संक्षिप्त समाचार

## जगदीश चंद्र बोस को पुण्यतिथि पर याद किया



**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने आचार्य जगदीश चंद्र बोस को उनकी 85वीं पुण्यतिथि पर याद किया तथा श्रद्धांजलि अर्पित की। जगदीश चंद्र बोस भारत के आधुनिक विज्ञान के अग्रदूत और बेतार संचार के जनक थे। कुलपति प्रो. सुशील कुमार तोमर ने विश्वविद्यालय में जगदीश चंद्र बोस को पुष्पांजलि अर्पित की और उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कुलपति ने कहा कि जेसी बोस अपने समय से काफी आगे थे। उन्हें भारत में न केवल प्रायोगिक विज्ञान के संस्थापक के रूप में जाना जाता है अपितु उन्होंने वनस्पतिशास्त्री, जीवविज्ञानी और विचारक के रूप में भी पहचान बनाई। उन्होंने कहा कि आचार्य बोस का जीवन युवा शोधकर्ताओं के लिए आदर्श है और उन्हें महान भारतीय वैज्ञानिक के जीवन और कार्यों से सीख लेनी चाहिए। विश्वविद्यालय के छात्र तथा शिक्षक जेसी बोस की प्रतिमा के पास एकत्रित हुए तथा और उनकी पुण्यतिथि पर भारतीय महान वैज्ञानिक को पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का आयोजन डीन स्टूडेंट वेलफेयर कार्यालय द्वारा किया गया। उल्लेखनीय है कि आधुनिक विज्ञान के क्षेत्र में जगदीश चन्द्र बोस की उपलब्धियों को मान्यता देते हुए राज्य सरकार ने वर्ष 2018 में इस महान वैज्ञानिक के नाम पर विश्वविद्यालय का नामकरण किया गया था।

## 27 नवंबर को दी जाएगी राम नाम की दीक्षा

**फरीदाबाद।** श्री राम शरणम, एक ऐसी संस्था, जहां मानव मन की पवित्रता, नि:स्वार्थता तथा आत्मिक शांति के साथ-साथ भगवान श्रीराम के प्रति पूर्ण समर्पण के भाव को अर्जित करने में सक्षम व सफल होता है। इस संस्था द्वारा सभी पंथों को समान सम्मान दिया जाता है। इस संस्था के द्वारा राम-नाम के मंत्र जाप से मानव को प्रेम और भक्ति का ऐसा उत्तम मार्ग बताया जाता है जिसमें मनुष्य लीन होकर अपने सांसारिक एवं आध्यात्मिक जीवन को सफल बनाने में सफल होता है। राम-नाम के जाप मंत्र को स्वयं श्रीराम से भी बड़े होने के मूल मंत्र की अनुभूति, वर्ष 1925 में, पथ प्रदर्शक ब्रह्मलीन पूज्य स्वामी सत्यानंद महाराज को लंबी व कठिन तपस्या के उपरांत प्राप्त हुई। आपने डलहौज़ी के पहाड़ों में भगवान श्रीराम के दर्शनों हेतु तपस्या की और वहीं से राम-नाम के पावन और पवित्र उच्चारण से स्वयं ईश्वर प्राप्ति का मार्ग मिलने का आदेश पाकर आपने अपना बाकी का सारा जीवन राम नाम के जाप मंत्र को ही पूरे उत्तर भारत में दूर-दूर तक प्रचार व प्रसार में समर्पित किया। इसी मार्ग पर चलते हुए पूज्य कृष्ण व रेखा का आगमन फरीदाबाद की पावन धरती पे हो रहा है। आयोजकों के अनुसार दिन रविवार 27 नवंबर स्थान-कम्युनिटी सेंटर सेक्टर 37, फरीदाबाद में वह दोनो अपने आशीर्वचनों से उपस्थित जनसमूह को अनुग्रहीत करेंग और इच्छुक लोगों को राम नाम की दीक्षा भी प्रदान करेंगे।

## केएल मेहता में हुए ट्रायल

**फरीदाबाद।** केएल मेहता दयानंद स्कूल सेक्टर सात स्थित बैडमिंटन अकादमी में खेलो हरियाणा यूथ गेम्स के ट्रायल जिला खेल विभाग की ओर से बुधवार को कराए गए। इसमें खिलाड़ियों ने बड़े ही उत्साह के साथ हिस्सा लिया। पहले मुकाबले में अनन्या गर्ग ने दीपांशु को 21-3 हराया। वहीं दूसरे मुकाबले में आयुष मान ने अरुण को 21-7 से, हृदय डांगी ने गुरकीरत को 21-4 से, मनीष ने युग नागपाल को 21-13 से, हर्षित कौर ने इशिका को 21-15 से हराया। रमनदीप, अंश और मोहन ने भी जीत दर्ज की।

## कर्मचारी पर लगाया नगदी और जेवरात चोरी का आरोप

**फरीदाबाद।** एक चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी पर कंपनी के सीईओ ने तीन लाख रुपये कैश औ सोना चोरी का आरोप लगाया है। पुलिस ने सीईओ की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक सेक्टर 86 निवासी महीप सिंह ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि वह इण्डिया फोर्स कंपनी में सीईओ के पद पर कार्यरत है। उनकी कंपनी में चतुर्थ श्रेणी के पद पर राकेश बेहरा करीब 15 साल से कंपनी में काम कर रहा है। 16 नवंबर को राकेश ने फोन करके एक दिन की छुट्टी ली। जिसके चलते वह 17 नवंबर को ड्यूटी पर गए तो उन्होंने ने अलमारी को चेक की तो करीब 3 लाख रुपये व 35 से 40 ग्राम सोना नहीं मिला। उनका आरोप है कि पैसे व सामान राकेश ने चोरी किए है। उन्होंने राकेश को अपने स्तर पर काफी तलाश किया, लेकिन कुछ पता नहीं चला। राकेश के साथ रविन्द्र कुमार भी कंपनी में इसी के साथ काम करता है। वह भी उसी दिन से गायब है। जिसकी शिकायत सेक्टर-7 थाने में उन्होंने दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है

## कंप्यूटर साइंस विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन



**फरीदाबाद।** कंप्यूटर साइंस विभाग अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ द्वारा कॉर्पोरेट जगत में उभरती प्रौद्योगिकियां विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कॉलेज प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत के संरक्षण में आयोजित किया गया। सत्र के प्रारंभ में कंप्यूटर विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ सचिन गर्ग ने स्वागत भाषण दिया और मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हिमांशु सिंगला, सीईओ और संस्थापक ऑनलाइन ट्रबल शूटर्स, को गुलदस्ता भेंट किया। यह अतिथि व्याख्यान सेल्फ फाइनेंस विंग-तृतीय के प्रभारी डॉ. संजीव गुप्ता के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के वक्ता हिमांशु सिंगला एक सीरियल एंटरप्रेन्योरए निवेशक और वेबहोस्टिंग कंपनी ऑनलाइन ट्रबलशूटर्स के कोच है। उन्होंने जे-स्क्रिप्ट, पायथन, कैनवा, एडवांस एक्सेल, फ्लटर, फाइवर आदि जैसी विभिन्न उभरती तकनीकों पर ध्यान केंद्रित किया। उन्होंने छात्रों को समझाया समस्या निवारण समस्या-समाधान के लिए एक व्यवस्थित दृष्टिकोण है जिसका उपयोग अक्सर जटिल मशीनों, इलेक्ट्रॉनिक्स कंप्यूटर और सॉफ्टवेयर सिस्टम के साथ समस्याओं को खोजने और ठीक करने के लिए किया जाता है। कार्यक्रम में बीसीए और बी वोक (सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट) के 80 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ सचिन गर्ग थे। सत्र छात्रों के लिए अत्यधिक संवादात्मक और उपयोगी साबित हुआ।

## एचएसवीपी को व्हीलचेयर की भेंट

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद एस्टेट एजेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा सांसद एवं केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर की धर्मपत्नी निर्मला देवी एवं अमोलिक ग्रुप के निर्देशक हितेश चौधरी के कर कमलों द्वारा एक व्हीलचेयर अमित कुमार गुलिया संपदा अधिकारी एचएसवीपी सेक्टर 12 फरीदाबाद को भेंट की। क्योंकि एचएसवीपी संपदा कार्यालय कार्यालय सेक्टर 12 फरीदाबाद में प्लाट धारको को अपनी संपत्ति से संबंधित विभिन्न कार्यों के लिए सिंगल विंडो पर बायोमेट्रिक आदि के लिए आना होता है। अक्सर कुछ वरिष्ठ नागरिक महिला एवं पुरुष दिव्यांग या किसी कारणवश बीमार या दुर्घटनाग्रस्त भी होते हैं। ऐसे में उनका पैदल चलकर सिंगल विंडो तक आ पाना कठिन होता है। इन समस्याओं को मद्देनजर रखते हुए ही हमारी संस्था फीवा ने एक व्हीलचेयर इन लोगों की सुविधाओं के लिए 23 नवंबर को देने का कार्यकारिणी की बैठक में निर्णय पहले ही ले लिया गया था। फीवा प्रधान अकाश गुप्ता, महासचिव गुरमीत सिंह देओल, कोषाध्यक्ष सिंह शेखावत, हंसराज अहूजा, रोहतास चहल, भीम अरोड़ा, उमाशंकर गर्ग, राजवीर मनमोहन सिंह, कपिल जिंदल, अशोक कुमार, योगेश खुराना व अंकित मलिक आदि उपस्थित रहे।

# इंटरनेशनल घुड़सवारी प्रतियोगिता में गुरुग्राम की बेटी सानिया शर्मा ने जीता स्वर्ण

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**मंजिलें** उन्हीं को मिलती हैं-जिनके सपनों में जान होती है, पंखों से कुछ नहीं होता-हौसलों से उड़ान होती है। बुलंद हौसलों के दम पर गुरुग्राम की बेटी 13 वर्षीय सानिया शर्मा एक मजबूत खेल घुड़सवारी में अपना लोहा मनवा रही है। उम्र भले ही कम हो, लेकिन हौसलों में मजबूती सानिया को घुड़सवारी में सफलता दिला रही है।

सानिया शर्मा की आज जो उम्र है, उस उम्र में बच्चे घर-परिवार में खेलकर अपना समय विताते हैं। सानिया इस उम्र में घोड़े की लगाम पकड़कर अपने सपनों को पंख लगाने में महारत हासिल कर रही है। बचपन से ही घुड़सवारी के प्रति आकर्षित सानिया के इस सपने को पूरा करने में उनके माता पिता ने भी पूरा साथ दिया है। उनका मानना है कि बेटियों के

### सानिया एक मजबूत खेल घुड़सवारी में अपना लोहा मनवा रही

सपनों को पंख लगाना हर माता-पिता की जिम्मेदारी है। जिस क्षेत्र में बेटियों की रुचि हो, उनका पूरा समर्थन और सहयोग हमें देना चाहिए। उनका कहना है कि हमारे देश की बेटियों ने विदेशों में नाम रोशन किया है।

जयपुर से गोल्ड मेडल जीतकर आई सानिया शर्मा ने सागर इक्वेस्ट्रियन स्पोर्ट्स अकादमी जयपुर में फेडरेशन ऑफ इक्वेस्ट्रियन इंटरनेशनल के तत्वाधान में दो दिवसीय शो जम्पिंग चिल्ड्रन क्लासिक ब्रानज टूवर-2022 प्रतियोगिता में घुड़सवारी का जलवा दिखाया। इस प्रतियोगिता में अंडर-14 आयु वर्ग में 18 घुड़सवारों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के



जीते गए मेडल व ट्रॉफी व अपने घोड़े के साथ सानिया शर्मा।

### इससे पहले 2021 में मुंबई में हुई प्रतियोगिता में ब्राउंज मेडल जीता था

चारों राउंड के बाद सानिया शर्मा ने गोल्ड, आराध्य सिंह ने सिल्वर और जयबीर सिंह ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। इस प्रतियोगिता में ब्रिगेडियर डीवीएस बिश्नोई ज्यूरी मेंबर तथा कर्नल रघुवीर यादव इंटरनेशनल ज्यूरी और प्रेसिडेंट ग्राउंड ज्यूरी थे। इससे पहले दिसम्बर 2021 में सानिया शर्मा ने मुंबई मे हुई जूनियर नेशनल प्रतियोगिता में ब्राउंज मेडल जीता था। अपनी कड़ी मेहनत के बल पर सानिया शर्मा इस सीजन के रीजनल्स में भी क्लीयर कर चुकी है। सानिया ने इस जीत का श्रेय अपनी वरदीनंद अकादमी के कोच, परिजनों एवं अपने श्रीराम स्कूल अरावली गुरुग्राम की शिक्षिकाओं को दिया है।

# शैक्षणिक प्रमाण पत्रों में गड़बड़ी मिली तो जाएगी सरपंची


### हरियाणा राज्य चुनाव आयोग कराएगा प्रमाण पत्रों की जांच

### फर्जी दस्तावेज लगाकर चुनाव लड़ने की हैं आशंकाएं

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**हरियाणा** में पंचायत चुनाव लड़ने के लिए उम्मीदवारों द्वारा जो शैक्षणिक प्रमाण पत्र दिए गए हैं, उनमें गड़बड़ी की आशंकाएं जताई जा रही हैं। कई स्थानों पर चुनाव जीतकर सरपंची का ताज पहन चुके उम्मीदवारों के बारे में आरटीआई से जानकारी मांगी जा रही है। ऐसे में हरियाणा राज्य चुनाव आयोग ने भी साफ कहा है कि चुनाव जीतने वाले उम्मीदवारों के दस्तावेजों की जांच कराई जाएगी। अगर गड़बड़ी मिली तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होगी।

कई जगह से इस बात के इनपुट मिले हैं कि पंचायत चुनाव में सरपंच पद पर जीत हासिल करने वाले काफी उम्मीदवारों ने फर्जी शैक्षणिक दस्तावेज देकर चुनाव लड़ा है। हरियाणा के कई जिलों से इस तरह की बातें उठ रही हैं। इस बाबत लोगों द्वारा चुनाव जीतने वालों के खिलाफ शिकायतें भी दी जा रही हैं और आरटीआई भी लगाई जा रही है। गुरुग्राम से अलग होकर नया जिला बने नूंह (मेवात) में भी इस तरह की काफी शिकायतें मिलीं। ऐसे में राज्य चुनाव आयोग ने प्रदेश के सभी जिला उपायुक्तों को निर्देश जारी किए हैं कि वे चुनाव जीतने वाले जनप्रतिनिधियों के शैक्षणिक दस्तावेजों की जांच करें, ताकि स्थिति स्पष्ट हो सके। इन आदेशों के बाद से तो बहुत से चुनाव जीतने वालों की नींद उड़ी हुई है। अगर जांच हुई तो काफी जनप्रतिनिधि ऐसे मिल सकते हैं, जिन्होंने फर्जी दस्तावेज देकर चुनाव लड़ा है।



### चुनाव जीतने वाले रख सकेंगे अपना पक्ष

**पंचायत** चुनाव जीतने वाले जनप्रतिनिधियों के खिलाफ आने वाली शिकायतों की जांच के बाद हरियाणा पंचायत एक्ट-1994 के सेक्शन-51 की उपधारा (3) के अंतर्गत कार्रवाई की जा रही है। इस प्रावधान के अनुसार अगर सरपंच तथा पंच ने कुछ गलत किया होगा तो उसे निलंबित किया जा सकेगा। किसी भी कड़ी कार्रवाई से पहले जिला उपायुक्त संदेह के दायरे में आने वाले निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का पक्ष भी सुनेंगे। अभी तक किसी भी पंच-सरपंच ने शपथ नहीं ली है। अगर किसी के भी दस्तावेजों में गड़बड़ी मिली तो उन्हें शपथ भी नहीं दिलाई जाएगी। शपथ समारोह से पहले ही सभी के दस्तावेजों की जांच पूरी की जाएगी।

### ईमानदारी से लड़ना चाहिए चुनाव : सिंगला

**गुरुग्राम** के विधायक सुधीर सिंगला एडवोकेट का कहना है कि अगर जनप्रतिनिधि के रूप में ईमानदारी से काम करना चाहते हैं तो चुनाव भी ईमानदारी से लड़ना चाहिए। कोई भी तथ्य निर्वाचन आयोग से छिपाया नहीं जाना चाहिए। अगर कोई ऐसा करता है तो यह व्यक्ति की निष्ठा पर सवाल खड़े करता है। इसलिए चुनाव चाहे कोई भी हो, सत्यता जरूरी है।

### वर्ष 2016 में भी कईयों ने गंवाए थे पद

**वर्ष** 2014 में हरियाणा की बागडोर संभालने वाले मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा में पढ़ी-लिखी पंचायतों की पैरवी की। इस पर पंचायत प्रतिनिधियों के लिए शैक्षणिक योग्यता तय की गई। पुरुष उम्मीदवारों के लिए 10वीं पास, किसी भी श्रेणी की महिला के लिए 8वीं पास और पंच पद के लिए अनुसूचित जाति की महिला उम्मीदवार के लिए 5वीं पास होना अनिवार्य किया गया। वर्ष 2016 में हुए पंचायत चुनाव में पढ़ी-लिखी पंचायतें चुनी गई। विशेषकर युवाओं को इसमें अधिक मौके मिले। उस समय भी फर्जीवाड़े को लेकर काफी शिकायतें मिली थीं। शिकायतों की जांच की गई तो कई पंच-सरपंच को पद गंवाना पड़ा था। अब भी पंचायत प्रतिनिधियों को प्रमाण पत्रों की जांच प्रक्रिया से गुजरना होगा। अगर गड़बड़ी मिली तो उनका पद जाना तय है।

# अनाज मंडी में थम नहीं रहा चोरी का सिलसिला



सोहना अनाज मंडी परिसर में अनाज से भरे कट्टे।

**सोहना।** अनाज मंडी में बाजरे से भरे कट्टे चोरी होने से स्थानीय आढ़तियों की नींद उड़ी हुई है। बीते 15 दिनों में बाजरा भरे लगभग 80 कट्टे चोरी हुए हैं। आढ़ती अनाज मंडी में चौकीदार न होने का आरोप लगाते हुए रात्रि के समय में मंडी के सभी गेट बंद होने की मांग कर रहे हैं।

स्थानीय अनाज मंडी में चोरी की बढ़ती वारदातों ने आढ़तियों को बेचैन कर रखा है। आढ़ती रात के समय में बार-बार उठकर अपने सामान की जांच करते और दो-दो घंटे खुले में बैठकर अपने अनाज से भरे कट्टों की रखवाली करते हैं। चोरी की बढ़ती वारदातों से आढ़तियों में मार्केट कमेटी विभाग के खिलाफ भारी रोष पनपने लगा है। 15 दिन में अनाज मंडी में 77 बाजरे से भरे कट्टे चोरी हुए हैं। इससे पहले चली धान की निजी खरीद के दौरान भी कट्टे चोरी हुए थे।

स्थानीय आढ़तियों का आरोप है कि मंडी में रात के समय में चौकीदार नहीं होता। न ही अनाज मंडी के गेटों को बंद किया जाता। चोरों को आने व जाने में किसी प्रकार की परेशानी नहीं होती है। चोर बिना रोकटोक के अपनी वारदातों को अंजाम देकर चले जाते हैं।

**क्या कहते हैं आढ़ती :** अनाज मंडी में अनाज का कारोबार करने वाले आढ़ती सुमित का कहना है कि चार दिन पहले उसके बाजरे से भरे 17 कट्टे चोरी हुए हैं। इससे पहले हीरा मनीष के 21, ग्यासीराम-विजय के 22 और दुर्गा-अनुप के 17 कट्टे रात के समय में चोरी हुए हैं। ग्यासीराम-विजय की आढ़त से बाजरे से भरे कट्टों को चोरी करने की वारदात सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई है। चोर सेंट्रो कार में कट्टे भरते हुए नजर आए हैं।

मार्केट कमेटी सचिव कृष्ण कुमार का कहना है कि उनके पास एक मात्र चौकीदार है। जिससे रात के समय में एक ही चौकीदार रहता है। मंडी के अनुसार चौकीदार की संख्या तीन से चार होनी चाहिए। रात के समय में सब्जी के वाहन आने शुरु हो जाते हैं। जिसकी आढ़ में अन्य वाहन भी आते व जाते रहते हैं।

# नप के संपत्ति कर में ग्रामीणों को मिलेगी 50 फीसदी छूट

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**नगर** परिषद सीमा क्षेत्र में आने वाले 13 गांवों के ग्रामीण 50 फीसदी छूट के साथ अपना संपत्ति कर जमा करा सकेंगे। यह छूट केवल लाल डोरा के अंदर मकान बनाकर रहने वाले नागरिकों के लिए ही होगी। संपत्ति कर को 31 अक्टूबर तक जमा कराया जा सकेगा।

हरियाणा निकाय विभाग ने नगर परिषद सीमा क्षेत्र के अंदर आने वाले गांवों में लाल डोरा सीमा क्षेत्र के अंदर रहने वाले ग्रामीणों को विशेष छूट के साथ अपना संपत्ति कर जमा करने को कहा है। संपत्ति कर जमा करने वाले नागरिक को अपने संपत्ति कर एक ही बार में जमा करने पर 50 फीसदी की छूट मिलेगी। जिसके लिए नगर परिषद द्वारा जल्द ही ग्रामीणों को योजना का लाभ उठाने के लिए मुनादी भी कराई जाएगी। ताकि ग्रामीण योजना का लाभ उठाते हुए संपत्ति कर को समय पर जमा करा सकेंगे। वर्तमान में यह छूट 31 अक्टूबर 2024 तक के लिए लागू की गई है।

**कौन-कौन से गांवों में मिलेगा लाभ** : वर्ष 2014 में नगर परिषद निर्माण के दौरान नगर पालिका को नगर परिषद का दर्जा मिलने से पहले सोहना से लगते गांव रायसीना, मोहम्मदपुर गुर्जर, गुंडवास, सोहना ढाणी, धुनेला, बेरका, सिरसका, लोहटकी, खाइका, बालूदा, लाखूवास, जखोपुर और रायपुर को शामिल किया था। वैसे तो नगर परिषद सीमा क्षेत्र में कुल रिहायशी



मकानों की संख्या 24358 है। लेकिन ग्रामीण क्षेत्र मकानों की संख्या आठ हजार के लगभग है।

**पहली बार संपत्ति कर भरेंगे ग्रामीण** : नगर परिषद सीमा क्षेत्र के अधीन आने वाले गांवों में रहने वाले ग्रामीणों से अब तक किसी प्रकार का कर नहीं वसूला गया, लेकिन संपत्ति कर पहली बार जमा करेंगे। 2014 में शामिल होने के बाद नगर परिषद सीमा में रहने वाले ग्रामीणों ने आज तक किसी प्रकार का कर नहीं दिया है। नगर परिषद कार्यकारी अधिकारी अतर सिंह ने बताया कि ग्रामीण ऑनलाइन अपने संपत्ति कर को देख व भर सकते हैं।

# दिव्यांगों के अधिकारों के प्रति जागरुकता के लिए गोवा में होगा पर्पल फेस्ट

प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

**दिव्यांग** व्यक्तियों के लिए समाज को संवेदनशील बनाने व उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए 6 जनवरी से 8 जनवरी, 2023 तक गोवा में दिव्यांगजनों के लिए अपनी तरह का पहला पर्पल फेस्टिवल आयोजित किया जा रहा है। उपायुक्त निशांत कुमार यादव के मुताबिक अब तक के पहले समावेशी पर्पल फेस्टिवल के लिए 25 नवंबर से पंजीकरण शुरू हो जाएगा।

उपायुक्त ने बताया कि महोत्सव का आयोजन समाज कल्याण विभाग, विकलांग व्यक्तियों के लिए राज्य आयोग और गोवा की एंटरटेनमेंट सोसाइटी (ईएसजी) द्वारा ईएसजी पणजी परिसर में आयोजित किया जाएगा। उत्सव में

### छह से आठ जनवरी के बीच पणजी में आयोजित किया जाएगा फेस्टिवल

पैनल चर्चा, कलात्मक लाइव परफॉर्मेंस, भव्य प्रदर्शनियां, इमर्सिव एक्सपीरियंस जोन, और बहुत कुछ शामिल है।

पर्पल फेस्ट को विभिन्न कैटेगरी में बांटा गया है, जिसमें पर्पल थिंक टैंक, पर्पल फन, पर्पल एक्सपीरिएंस जॉन, पर्पल एक्सिबिशन सहित पर्पल रैन आदि कैटेगरी शामिल है। यह कार्यक्रम गोवा के प्रतिनिधियों, प्रदर्शकों, मीडिया और देश भर के दिव्यांग छात्रों के लिए निःशुल्क है। हालांकि, देश भर के अन्य सभी प्रतिनिधियों और प्रदर्शकों को 1,000 रुपये का शुल्क देना होगा। उन्होंने बताया कि पंजीकरण फॉर्म में दो श्रेणियां हैं-व्यक्तिगत और संगठन। दिव्यांगता के क्षेत्र में काम करने वाले एनजीओ या संस्थानों को 50 प्रतिशत छूट मिल सकती है। जो लोग 10 से अधिक प्रतिभागियों के साथ संगठन श्रेणी के तहत पंजीकरण करते हैं, उनसे प्रत्येक के लिए 500 रुपये का शुल्क लिया जाएगा। जिला समाज कल्याण अधिकारी जितेंद्र ढिल्लों ने बताया कि फेस्ट में आवेदन करने के इच्छुक व्यक्ति अथवा संगठन गोआ के राज्य दिव्यांगजन आयोग की वेबसाइट पर जाकर इवेंट ऑप्शन में फेस्ट से जुड़ी विस्तृत जानकारी प्राप्त करने के साथ ही अपना पंजीकरण भी करवा सकते हैं।

# झूठे आरोपों से पदमुक्त किए गए लेक्चरर कल्याण भारत को मिली नियुक्ति

### जांच में एक्सटेंशन लेक्चरर कल्याण पर लगे आरोप झूठे साबित हुए

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**झूठे** आरोपों में पदमुक्त किए एक्सटेंशन लेक्चरर कल्याण सिंह भारत को अब निदेशालय उच्चतर शिक्षा विभाग ने बहाल किया है। कल्याण सिंह भारत ने इसके लिए विभाग के अधिकारियों का आभार जाता है। उन्होंने निष्पक्ष जांच करके उनकी बहाली की है। उनकी नौकरी बहाली लम्बे संघर्ष 2 साल 9 महीने 16 दिन के बाद हुई है।

सोहना खंड के गांव चमनपुरा निवासी समाजसेवी कल्याण सिंह भारत राजनीति विज्ञान विषय में उच्चतर शिक्षा प्राप्त हैं। हरियाणा सरकार के नियमानुसार उनकी नियुक्ति 1 अगस्त 2014 को बतौर एक्सटेंशन लेक्चरर के पद पर द्रोणाचार्य राजकीय महाविद्यालय गुरुग्राम में हुई थी। उनका शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक कार्य बहुत ही सराहनीय



राजकीय महाविद्यालय द्रोणाचार्य में नियुक्ति के दौरान प्राचार्य डा. विरेंद्र सिंह अंतिल के साथ कल्याण सिंह भारत।

रहा। नियुक्ति के करीब छह साल बाद 6 फरवरी 2020 को तत्कालीन प्रिंसिपल (वर्तमान में सेवानिवृत) पूजा खुल्लर ने उनको दुर्व्यवहार और कार्य सही नहीं करने के झूठे आरोप लगाकर एक्सटेंशन लेक्चरर की सेवाओं से मुक्त कर दिया था। तब से अब तक वे अपनी बहाली के लिए लड़ाई लड़ रहे थे।

अब 22 नवंबर 2022 को निदेशक उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा पंचकूला के सामने कल्याण सिंह भारत आरटीआई के माध्यम से अपना सारा रिकॉर्ड लेकर पेश हुए। अपने लिए पैरवी की कि उन्हें झूठा फंसाकर पदमुक्त किया गया। इस मामले में कार्रवाई करते हुए निदेशालय उच्चतर शिक्षा विभाग ने भी जांच के बाद पाया कि कल्याण सिंह भारत को झूठा फंसाया गया है।

इसी के साथ ही विभाग ने उनकी बहाली के आदेश जारी किए हैं। द्रोणाचार्य राजकीय महाविद्यालय गुरुग्राम को ई-मेल के माध्यम से उनकी एक्सटेंशन लेक्चरर के पद पर नियुक्ति देने के आदेश दिए। बुधवार को द्रोणाचार्य राजकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डा. विरेंद्र सिंह अंतिल ने कार्यमुक्त कल्याण सिंह भारत को राजनीति विज्ञान विषय में एक्सटेंशन लेक्चरर के पद पर नियुक्त कराई। श्री भारत ने विभाग के उच्चाधिकारियों, प्राचार्य समेत उन सभी का आभार जताया है, जिन्होंने उनकी इस लड़ाई में साथ दिया। उन्होंने कहा कि वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपने शैक्षिक कार्य को गति देंगे।

# अंतराष्ट्रीय गीता महोत्सव को लेकर 28 नवंबर को होगी बैठक

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह की अध्यक्षता में 28 नवंबर को दोपहर बाद तीन बजे लघु सचिवालय के छठी मंजिल पर स्थित सभागार में विभागीय अधिकारियों, कालेज प्राचार्य, सामाजिक संगठनों व स्वयंसेवी संस्थाओं के पदाधिकारियों और वेलफेयर सोसायटियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक होगी।

यह जानकारी जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी राकेश गौतम ने देते हुए बताया कि इस बैठक में दो से चार दिसंबर तक आयोजित होने वाले अंतराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव को लेकर विचार-विमर्श किया जाएगा। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी ने आगे बताया कि हर साल की तरह इस बार भी अंतराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव दो से चार दिसंबर तक फरीदाबाद के सेक्टर -12 कन्वेंशन हॉल में जिला स्तर पर आयोजित किया जाएगा।

# एडब्लूएस ने भारत में दूसरा इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र लॉन्च किया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**भारत** में दूसरा एडब्लूएस क्षेत्र ग्राहकों को वर्कलोड चलाने के ज्यादा विकल्प प्रदान करेगा, उन्हें ज्यादा लचीलापन व उपलब्धता मिलेंगे, वो भारत में डेटा को सुरक्षित रूप से स्टोर कर सकेंगे, और कम लेटेंसी के साथ अंतिम यूज़र्स को सेवा दे सकेंगे। नया एडब्लूएस एशिया पैसिफिक (हैदराबाद) क्षेत्र 2030 तक 4.4 बिलियन डॉलर (लगभग 36,300 करोड़ रुपये) से ज्यादा के योजनाबद्ध निवेश के साथ हर साल 48,000 से ज्यादा फुल-टाईम नौकरियों को सपोर्ट करेगा।

भारत में एको जनरल इंश्योरेंस, एक्सिस बैंक, क्लेवरटैप, डिजिटल इंडिया कॉर्पोरेशन (माईटी), डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरीज, तेलंगाना सरकार, एचडीएफसी बैंक, जुपिटर, लेंडिंगकार्ट, नेशनल स्किल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन, फिजिक्सवाला, और टाटा एल्क्सी जैसे सैकड़ों-हजारों ग्राहक एडब्लूएस पर इनोवेट कर रहे हैं। भारत, 22 नवंबर, 2022 - एमेज़ॉन.कॉम, इंक. कंपनी (NASDAQ: AMZN), एमेज़ॉन वेब सर्विसेज़, इंक (एडब्लूएस) ने आज भारत में अपने दूसरे एडब्लूएस क्षेत्र - एडब्लूएस एशिया पैसिफिक (हैदराबाद) क्षेत्र के लॉन्च की घोषणा की। आज से डेवलपर्स, स्टार्टअप्स, एंटरप्रेन्योर्स, एवं एंटरप्राईसेस तथा सरकार, शिक्षा जगत एवं नॉनप्रॉफिट संगठनों को भारत में स्थित डेटा सेंटर्स से अपनी एप्लीकेशंस संचालित करने और एंड यूज़र्स को सेवाएं देने के ज्यादा विकल्प मिलेंगे। ग्राहकों को डेटा एनालिटिक्स, सिक्योरिटी, मशीन लर्निंग, एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) सहित इनोवेशन लाने के लिए एडवांस्ड एडब्लूएस टेक्नॉलॉजी उपलब्ध होंगी।

पुनीत चंडोक, प्रेसिडेंट - कमर्शियल बिजनेस, एडब्लूएस इंडिया एवं साउथ एशिया, एआईएसपीएल का बयान: हम भारत में दूसरे एडब्लूएस क्षेत्र के लॉन्च की घोषणा करने की खुशी है, जिससे सैकड़ों-हजारों ग्राहकों को एडब्लूएस पार्टनर्स को ज्यादा लचीलापन, कम लेटेंसी, और ज्यादा दृढ़ता से एडब्लूएस टेक्नॉलॉजी का उपयोग करने की क्षमता मिलेगी। नया एडब्लूएस एशिया पैसिफिक (हैदराबाद) क्षेत्र भारत के लिए क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश करने, देश को डिजिटल क्षमताओं का प्रशिक्षण और कौशल प्रदान करने, स्थानीय नौकरियों का सृजन करने, और ज्यादा सस्टेनेबल भविष्य बनाने की हमारी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता का हिस्सा है। भारत में इनोवेशन का एक समृद्ध इतिहास है और हमें एडब्लूएस की शक्ति ज्यादा ग्राहकों एवं एडब्लूएस पार्टनर्स तक पहुँचाने की खुशी है, जिससे उन्हें एक बेहतर दुनिया बनाने, विस्तृत स्तर पर नागरिकों को लाभ पहुँचाने, और टेक्नॉलॉजी के अनुभवों में सुधार करने के लिए जरूरी टूल्स मिल सकेंगे।

राहुल शर्मा, प्रेसिडेंट - पब्लिक सेक्टर, एडब्लूएस इंडिया एवं साउथ एशिया, एआईएसपीएल का बयान: एडब्लूएस ग्लोबल डिजिटल अर्थव्यवस्था में भारत की स्थिति लीडर के रूप में मजबूत करने के लिए, देश में क्लाउड अपनाने को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। भारत में दूसरे एडब्लूएस क्षेत्र के लॉन्च के साथ ग्राहकों को नए फीचर्स बनाने, भारत में महत्वपूर्ण डेटा स्टोर कर सकेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में किया जागरूक



गुरुग्राम के सेक्टर-31 स्थित पॉलीक्लिनिक में वायु प्रदूषण को लेकर आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में बोलते सिविल सर्जन डॉ. विरेंद्र यादव।

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के सिविल सर्जन डॉ. विरेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में वायु प्रदूषण से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों व इससे बचाव को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम सेक्टर-31 स्थित पॉली क्लिनिक के ट्रेनिंग सेंटर में आयोजित किया गया था। इस दौरान चिकित्सा अधिकारियों को वायु प्रदूषण से होने वाली बिमारियों व इनसे बचाव के उपायों के बारे में जानकारी दी गई। इसके अलावा कार्यक्रम में वायु प्रदूषण को कम करने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी भी सांझा की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उप-सिविल सर्जन डा. प्रिया ने बताया कि वायु प्रदूषण हमारे स्वास्थ्य के लिए काफी हानिकारक है। इससे सांस लेने संबंधी बिमारियां हो सकती हैं। इसके अलावा इससे हमारे फेफड़ों को भी काफी नुकसान पहुंचता है। इसके अलावा वायु प्रदूषण से हृदय रोग, आंखों में जलन तथा स्ट्रोक आदि की समस्या भी हो सकती है। वायु प्रदूषण से बचाव को लेकर हमें आवश्यक सावधानियां बरतते हुए, अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। इस दौरान चिकित्सा अधिकारियों ने इन बिमारियों से बचाव को लेकर संशयों को भी दूर किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सिविल सर्जन डा. विरेन्द्र यादव ने चिकित्सा अधिकारियों को अपने कर कमलों से एलईडी लाइटें भी वितरित की।

### करुणामयी मंदिर पर दो दिवसीय गीता प्रवचन

**सोहना।** नगर परिषद के गांव सांप की नंगली में बने करुणामयी मां शक्तिपीठ मंदिर पर दो दिवसीय गीता प्रवचन और गोविन्द ध्यानम का कार्यक्रम चलेगा। यह कार्यक्रम 26 और 27 नवंबर को होगा। मंदिर पर सेविका दीजां ने बताया कि दो दिवसीय गीता प्रवचन में अर्चिका दीदी प्रवचन करेंगी दोनों ही दिन सुबह 9 से 11 बजे तक कार्यक्रम चलेगा। जिससे सुनने के लिए सैकड़ों की संख्या में भक्तजन आएंगे। समाजसेवी अनुज गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर तैयारियां चल रही हैं।

### चेक बाउंस मामले मे कोर्ट में राशि की दोगुना, दो साल की सजा

**गुरुग्राम।** वर्ष 2012 में स्वर्गीय विनोद शर्मा के चेक बाउंस मामले में अतिरिक्त सत्र न्यायधीश अभिषेक फुटेला की अदालत ने आरोपी देवेंद्र लाकड़ा को दोषी माना है। उसे 2 साल की सजा व 5 करोड़ रुपये राशि शिकायतकर्ता को अदा करने के आदेश दिए हैं। शिकायतकर्ता पक्ष की अधिवक्ता अंजू रावत नेगी के मुताबिक वर्ष 2012 में गुरुग्राम अदालत की निचली अदालत में देवयानी फूड प्रोडक्ट बनाम लक्ष्मी बिल्डर नाम से ढाई करोड़ चेक बाउंस का केस डाला गया था। जिसमें मामले के लंबित रहने के दौरान लक्ष्मी बिल्डर के मालिक विनोद शर्मा के संदेहास्पद परिस्थितियों में मृत्यु हो गयी थी। उनकी मृत्यु के बाद उनकी धर्मपत्नी मीनू शर्मा ने अपने पति के केस को जारी रखा। इस मामले में निचली अदालत ने 3 करोड़ शिकायतकर्ता को अदा करने के आदेश दिए गए थे। इस निर्णय के खिलाफ दोषी देवेंद्र लाकड़ा ने गुरुग्राम के अतिरिक्त सत्र न्यायधीश अभिषेक फुटेला की अदालत में अपील दायर करी थी। शिकायतकर्ता की अधिवक्ता एडवोकेट डॉ. अंजू रावत नेगी व विनोद यादव ने इस केस की पैरवी की। कोर्ट ने शिकायतकर्ता के पक्ष में फैसला सुनाया, जिसमें दोषी देवेंद्र लाकड़ा को दोगुना भुगतान करने के आदेश दिए व उनकी दो साल की सजा को बरकरार रखा।

### महिला संदिग्धहालत में नकदी व जेवरात लेकर गायब

**सोहना।** भोंडसी पुलिस चौकी के अधीन आने वाली देवनगर पार्ट-1 कॉलोनी में रहने वाली विवाहिता संदिग्ध हालत में गायब हो गई। पीड़ित मां की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। देवनगर पार्ट-1 निवासी ओमवती ने भोंडसी पुलिस को बताया कि उसकी शादीशुदा बेटी पूजा उसके घर पर ही रह रही थी। वह मंगलवार को परिवार में किसी को बिना बताए चली गई। बेटी घर से 25 हजार रुपये नकद समेत करीब एक लाख रुपये के जेवरात भी लेकर गई है। जिसमें चांदी से बनी तांगड़ी, पाजेब सोने से बनी झुमकी और अंगूठी भी घर से लेकर गई है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर युवती की तलाश शुरू कर दी है।

### जिला परिषद चुनाव में 75 प्रतिशत मतदान : विक्रम सिंह

**फरीदाबाद।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के चुनाव के लिए मंगलवार को मतदान शांतिपूर्वक सम्पन्न हुए। लोगों ने लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। युवा से लेकर उम्रदराज लोगों ने पूरी शिद्दत के साथ लोकतंत्र के महापर्व में अपना योगदान दिया। महिलाओं का उत्साह देखने लायक था। आमजन अब अपने मताधिकार के लिए जागरूक हो गया है। डीसी विक्रम ने कहा कि जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के लिए 75 प्रतिशत मतदान हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रजातंत्र के पर्व पर लोगों ने हर्ष और उल्लास से मनाने के साथ जमकर भागीदारी की है। उन्होंने बताया कि जिला परिषद के 10 और पंचायत समिति के 60 वार्डों के मतदान मंगलवार को डाले गए हैं । जिला मे कुल 226526 मतदाता हैं, इनमें से 121952 पुरुष और 100459 महिलाएं तथा ट्रांसजेंडर 15 हैं। जिला में कुल 311 बूथों पर वोट डाले गए हैं। जिसमें 101 सामान्य, 90 संवेदनशील और 130 अति संवेदनशील बूथ शामिल रहे हैं। डीसी विक्रम सिंह ने आगे बताया कि सायं 6 बजे मतदान केंद्र को बंद कर दिया गया था और लोग मतदान केंद्र के अंदर रहे उनको ही वोट डालने दिया गया। जिला फरीदाबाद में 75 प्रतिशत मतदान हुआ। डीसी विक्रम सिंह ने विस्तृत जानकारी देते हुए आगे बताया कि राजकीय प्राइमरी स्कूल राइट विंग, अलीपुर में 78.86 प्रतिशत, राजकीय प्राइमरी स्कूल लेफ्ट विंग, अलीपुर में 71.75 प्रतिशत, राजकीय हाई स्कूल, राइट विंग में 84.33 प्रतिशत हुआ।

# बूथ लेवल एजेंटों के माध्यम से युवा बनवाएं वोट : मंडल आयुक्त

## कहा, प्रशासन के साथ-साथ राजनीतिक दलों का भी दायित्व

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**मंडल** आयुक्त संजीव वर्मा ने बुधवार को लघु सचिवालय के सभागार में फोटो युक्त मतदाता सूची 2023 के विशेष संक्षिप्त पुनर्निरीक्षण से जुड़े अधिकारी एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की संयुक्त बैठक ली। उन्होंने कहा कि प्रशासन के साथ-साथ राजनीतिक दलों का भी यह दायित्व बनता है कि वह बूथ लेवल एजेंटों के माध्यम से अधिक से अधिक युवाओं के वोट बनवाएं। इस कार्य में सम्बन्धित बीएलओ बूथ एजेंटों को पूर्ण सहयोग देंगे, अगर कहीं कोई दिक्कत आती है तो तुरंत इसकी सूचना जिला निर्वाचन कार्यालय में दें।

मंडल आयुक्त ने कहा कि मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनर्निरीक्षण कार्य को सफलतापूर्वक करने में ईआरओ की अहम भूमिका है। इसके लिए सभी ईआरओ अपने-अपने क्षेत्र के बीएलओ पर कड़ी नजर रखें और उनकी प्रत्येक बूथ पर उपलब्धता सुनिश्चित करें। इसके अलावा बूथों का औचक निरीक्षण भी करते रहें और उनकी उपस्थित रिपोर्ट दूरभाष पर भी ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि सभी ईआरओ सीनियर सेकेंडरी स्कूल, आईडीआई तथा कॉलेजों के प्रिंसीपल से निजी तौर से मिले और उनकी जिम्मेदारी सुनिश्चित की जाए कि हर युवक व युवती जिनकी आयु 18 वर्ष पूरी हो चुकी है या होने वाली है उन सभी के वोट अवश्य बनवाई जाएं और इस बारे प्रिंसिपल से लिखित में लिया जाए।


मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनर्निरीक्षण कार्य को चेक करते हुए मंडल आयुक्त संजीव वर्मा।

### जो प्रिंसिपल ज्यादा वोट बनवाएं, उसे करें सम्मानित

**उन्होंने** यह भी कहा कि जो प्रिंसिपल अधिक से अधिक युवाओं के वोट बनवाता है उन्हें जिला स्तरीय कार्यक्रमों में प्रशासन की ओर से सम्मानित किया जाए। बैठक में उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनीश यादव ने बीएलओज को भी निर्देश दिए कि वह हर पात्र व्यक्ति का वोट बनाएं

### बीएलओज नए वोट बनवाने का रखें रिकार्ड

**मंडल** आयुक्त संजीव वर्मा ने बुधवार को गांव शामगढ़, झंझाडी, आदर्श पब्लिक स्कूल करनाल तथा फूसगढ़ में पहुंचकर फोटो युक्त मतदाता सूची 2023 के विशेष संक्षिप्त पुनर्निरीक्षण कार्य का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बीएलओज को निर्देश दिए कि वे नये वोट बनाने के लिए वितरित किए गए फार्मों का रिकार्ड रखने के लिए रजिस्टर लगाएं और जो लोग फार्म लेकर जाते हैं। उनसे निजी तौर पर सम्पर्क करके वोट अवश्य बनाएं। इस कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसडीएम घरौंडा प्रदीप सिंह, एसडीएम करनाल अनुभव मेहता, एसडीएम इन्द्री राजेश पुनिया, चुनाव तहसीलदार जय किशन तथा कानूनगो नरेश, सुरेन्द्र व सुरेश भी मौजूद रहें।

और जो जिन मतदाताओं की मृत्यु हो चुकी है या स्थान छोड़कर किसी अन्य स्थान पर रहने लग गए हैं तो उनका नाम मतदाता सूची से हटाएं।

# खसरा बढ़ा रहा स्वास्थ्य विभाग की टेंशन, चलेगा जागरुकता पखवाड़ा

**मेवात।** खसरा हरियाणा के नूंह जिले में पैर पसार चुका है। खसरे के लगातार बढ़ रहे केसों ने स्वास्थ्य विभाग नूंह की टेंशन बढ़ा दी है। जिले में इस साल अब तक तकरीबन 600 से अधिक खसरा केस कंफर्म हो चुके हैं, जो देश भर के किसी भी जिले में सबसे अधिक केस हैं।

नूंह जिला नीति आयोग के सबसे पिछड़े जिलों की सूची में शामिल है और हरियाणा का एकमात्र जिला है, इसलिए खसरा की बीमारी पर केंद्र से लेकर राज्य सरकार की सीधी नजर है। केंद्र सरकार का लक्ष्य है कि वर्ष 2030 तक खसरा का देश में खात्मा करना है, लेकिन रूटीन वैक्सिनेशन में कमी की वजह से स्वास्थ्य विभाग के इन केसों ने हाथ पैर फूलाकर रख दिए हैं। इतना ही नहीं जिला प्रशासन के आला अधिकारियों की भी इस पर सीधी नजर है। स्वास्थ्य विभाग नूंह ने खसरे के केसों की संख्या को देखते हुए 15-30 नवंबर तक एमआर जागरुकता पखवाड़ा शुरू करने का फैसला लिया है। इन 15 दिनों के अंदर उन सभी बच्चों को खसरे का टीका लगाया जाएगा। जिनकी आयु नौ माह-डेढ़ साल है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को गांव - गांव जाकर


डॉक्टर सुरेंद्र सिंह सीएमओ नूंह।

खसरा की बीमारी के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी जाएगी तथा यह भी बताया जाएगा कि नौ माह तथा डेढ़ साल के बच्चों को टीका लगाने के बाद किसी प्रकार का कोई साइड इफेक्ट नहीं है। इसमें स्वास्थ्य विभाग, ग्राम पंचायतों के साथ-साथ महिला एवं बाल विकास विभाग के कर्मचारियों की मदद भी लेने जा रहा है। सिविल सर्जन डॉ सुरेंद्र यादव ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि रूटीन वैक्सिनेशन कोविड वैक्सीनेशन के कारण प्रभावित हुआ था। जिसकी वजह से इतने ज्यादा खसरा के केस जिले में सामने आए हैं। उन्होंने माना कि देशभर में इन केसों की संख्या किसी भी जिले में सबसे अधिक है। इसलिए चिंता का विषय अवश्य है।

## संक्षिप्त समाचार

### मतगणना को लेकर जारी किए धारा 144 के आदेश

**सोनीपत।** जिला में 27 नवंबर को जिला परिषद व पंचायत समिति पद के लिए होने वाली मतगणना की सुरक्षा को पुख्ता करने के लिए प्रशासन ने जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। जिलाधीश ललित सिवाच ने मतगणना के दिन मतगणना केन्द्रों में बाहरी लोगों के जमावड़े पर रोक लगाते हुए धारा-144 के आदेश जारी किए हैं। उन्होंने अपने आदेशों में कहा कि मतगणना केन्द्रों के 200 मीटर दायरे में 05 से अधिक व्यक्तियों के इक्ट्ठा होने तथा अपराध के किसी भी हथियार जैसे चाकू गंडासे, कुल्हाड़ी, लाठी जेली इत्यादि ले जाने पर रोक रहेगी। जिलाधीश ने कहा कि मतगणना केन्द्रों पर कोई भी व्यक्ति धारा-144 का उल्लंघन करता पाया गया तो प्रशासन उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगा। उन्होंने कहा कि ये आदेश पुलिस बल तथा मतगणना ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों पर लागू नहीं होंगे।

### काउंटिंग एजेंट पास के लिए आवेदन 25 तक जमा कराएं उम्मीदवार

**मेवात।** जिला परिषद का चुनाव लड़ चुके सभी उम्मीदवार 27 नवंबर को होने वाली मतगणना के लिए अपने गणन अभिकर्ता की नियुक्ति के लिए, आगामी 25 नवंबर को सायं तीन बजे तक गणन अभिकर्ता के दो नवीनतम रंगीन फोटो युक्त पहचान पत्र व प्रारूप भरकर संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारी जिला परिषद के पास जमा करवाना सुनिश्चित करें। डीसी एवं रिटर्निंग अधिकारी जिला परिषद अजय कुमार ने बताया कि 27 नवंबर को प्रातः सात बजे जिला परिषद के सभी 25 वार्डों की मतगणना नूंह स्थित यासीन मेव डिग्री कालेज, आईटीआई पुन्हाना, आईटीआई पिनगवां, जैन कन्या महाविद्यालय फिरोजपुर-झिरका, मॉडल संस्कृति स्कूल तावडू व ब्लॉक नगीना की मतगणना बीआईईटीएस नगीना में स्थापित मतगणना केंद्रों पर होगी,जिसके लिए उम्मीदवार गणन अभिकर्ता नियुक्ति के लिए निर्धारित प्रारूप भरकर संबंधित सहायक रिटर्निंग अधिकारी को 25 नवंबर तक भिजवाना सुनिश्चित करें।

### उच्च शिक्षा के लिए ऋण पर ब्याज दर में पांच फीसद का अनुदान

**मेवात।** हरियाणा महिला विकास निगम की ओर से लड़कियों व महिलाओं को देश व विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए बैंकों के माध्यम से ऋण प्राप्त करने पर ब्याज दर में 5 प्रतिशत अनुदान दिया जाता है। उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि भारत सरकार के बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को ओर गति प्रदान करने के उद्देश्य से लड़कियों व महिलाओं को देश व विदेश में तकनीकी, डिप्लोमा, स्नातकोर, पीएचडी व अन्य उच्च शिक्षा कोर्स में दाखिला लेने के लिए महिला विकास निगम की ओर से बैंकों के माध्यम से ऋण उपलब्ध करवाया जाता है ताकि मंहगें ब्याज दर के कारण कोई भी छात्रा उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित न रह सके। उन्होंने बताया कि 5 प्रतिशत ब्याज राशि की क्षतिपूर्ति महिला विकास निगम के द्वारा की जाती है। इसके लिए आय एवं जाति की कोई शर्त नहीं है लेकिन लड़की व महिला हरियाणा की स्थाई निवासी होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि यह योजना महिलाओं एवं लड़कियों के लिए बेहद लाभकारी साबित हो रही है।

### पंचायत भवन में गीता जयंती महोत्सव 2 से 4 दिसंबर तक

**मेवात।** उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव दो से चार दिसंबर तक स्थानीय पंचायत भवन के परिसर में मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति गीता जयंती महोत्सव जिला प्रशासन व सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग द्वारा संयुक्त रूप से मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि गीता सेमिनार, गीता हवन एवं पाठ, स्कूली छात्रों द्वारा पेंटिंग व अन्य शैक्षणिक प्रतियोगिताएं, नगर शोभा यात्रा तथा श्रीमद्भागवतगीता, महाभारत एवं भगवान श्री कृष्ण के बहुआयामी व्यक्तित्व पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम समारोह के मुख्य आकर्षण होंगे। उपायुक्त ने बताया कि 2 दिसंबर को गीता हवन, पाठ एवं महा-आरती, प्रदर्शनी का उद्घाटन तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 3 दिसंबर को गीता ग्रंथ पर आधारित सेमिनार, सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा 4 दिसंबर को शौभाकारन, पारितोषिक वितरण व नगर शोभा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। गीता जयंती महोत्सव के दौरान आजादी का अमृत महोत्सव के थीम पर आधारित विभिन्न विभागों द्वारा क्रियान्वित की जा रही योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी देने के लिए प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। उन्होंने बताया कि समारोह के बेहतर ढंग से आयोजन के लिए अतिरिक्त उपायुक्त आनन्द कुमार को नोडल अधिकारी लगाया गया है। गीता एक आध्यात्मिक ग्रंथ है, जिसका प्रचार एवं प्रसार करने के लिए प्रत्येक वर्ष गीता जयंती महोत्सव का आयोजन किया जाता है।

### भगवान परशुराम महाकुंभ के लिए दर्जनभर गांवों को दिया दौरा


कार्तिकेय शर्मा राज्यसभा सांसद से मुलाकात करते दीपक सतीजा एडवोकेट व उनके साथी।

**मेवात।** आगामी 11 दिसंबर को करनाल के सेक्टर 12 हुड्डा ग्राउंड में होने जा रहे भगवान परशुराम महाकुंभ को सफल बनाने के लिए दीपक सतीजा एडवोकेट ने नूंह जिले के दर्जनभर गांवों का दौरा कर राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा से मुलाकात कर ज्यादा से ज्यादा भीड़ लाने का भरोसा दिलाया। दीपक सतीजा एडवोकेट ने कहा कि भगवान परशुराम महाकुंभ का आयोजन करनाल में कराया जा रहा है। जिसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री पंडित विनोद शर्मा एवं उनके राज्यसभा सांसद पुत्र कार्तिकेय शर्मा के अलावा सुनील भारद्वाज भोंडसी व उनके पुत्र युवा नितिन भारद्वाज एडवोकेट की महत्वपूर्ण भूमिका है। दीपक सतीजा एडवोकेट ने कहा कि भगवान परशुराम महाकुंभ को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। इस कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम महाकुंभ में प्रदेश के यशस्वी एवं विकास पुरुष मुख्यमंत्री मनोहर लाल कुछ बड़ी घोषणाएं कर सकते हैं। दीपक सतीजा एडवोकेट पंचनद ट्रस्ट सदस्य ने कहा कि नूंह जिले से करनाल में आयोजित होने वाले इस महाकुंभ में बड़ी संख्या में लोग भाग लेंगे।

# हरियाणा शिक्षक पात्रता परीक्षा के चलते जिला में लागू रहेगी धारा 144

**मेवात।** जिलाधीश अजय कुमार ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा तीन, चार दिसंबर को आयोजित करवाई जाने वाली हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा एचटेट की परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए परीक्षा केंद्रों की परिधि में धारा 144 लागू करने के आदेश पारित किए हैं।

एचटेट की लेवल 3 की परीक्षा शनिवार को सायं काल सत्र 3 बजे से साढ़े 5 बजे तक होगी। लेवल 2 की परीक्षा रविवार को सुबह के सत्र 10 बजे से साढ़े 12 बजे तक होगी तथा लेवल 1 की परीक्षा इसी दिन सायं काल सत्र 3 बजे से साढ़े 5 बजे तक होगी। जिलाधीश ने नियमानुसार शक्ति का प्रयोग करते हुए आपराधिक प्रक्रिया 1973 के अनुसार धारा 144 लागू की है। जारी आदेशों में कहा गया है कि कोई भी व्यक्ति घातक हथियार, आग्नेय अस्त्र विस्फोटक सामग्री के साथ-साथ तलवार, भाला, बरछा, चाकू व लाठी आदि हथियार लेकर नहीं चल सकता। जारी आदेशों के तहत परीक्षा केंद्रों की 200 मीटर की परिधि में पांच या इससे अधिक व्यक्ति इक्ट्ठा होने पर पाबंदी रहेगी। इसके अलावा कोई भी व्यक्ति अनावश्यक रूप से प्रवेश नहीं कर सकता है।

आदेशों की अवहेलना करने वाले तथा असामाजिक तत्वों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा। परीक्षा केन्द्रों के नजदीक 500 मीटर की परिधि में सभी फोटोस्टेट की दुकानें भी बंद रहेगी। ये आदेश ड्यूटी पर तैनात पुलिस व कर्मचारियों पर लागू नहीं होंगे। आदेशों की अवहेलना करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी। जिलाधीश ने बताया कि हरियाणा शिक्षक पात्रता परीक्षा एचटेट शनिवार व रविवार को जिला के 10 केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। पात्रता परीक्षा के लिए मेवात इंजीनियरिंग कॉलेज पल्ला, हिंदू सीनियर सेकेंडरी स्कूल, यासीन मेव डिग्री कॉलेज नूंह, राजकीय पॉलिटेक्निकल कॉलेज मालब, शहीद लेफ्टिनेंट किरण शेखावत राजकीय महिला महाविद्यालय सालाहेड़ी परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं।

# आंगनबाड़ी वर्करों के विरोध प्रदर्शन के बाद मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

पायनियर समाचार सेवा। मेवात

**हरियाणा** बाल विकास एवं आंगनबाड़ी वर्कर्स यूनियन से जुड़ी जिले की हजारों महिलाएं इन दिनों बेहद परेशान हैं। उनकी परेशानी है विभाग द्वारा पोषण ट्रैकर एप से ऑनलाइन काम करने का दबाव बनाना। आंगनबाड़ी वर्कर ने बुधवार को लघु सचिवालय नूंह प्रांगण में बड़ी संख्या में पहुंचकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और अतिरिक्त उपायुक्त नूंह के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया। जिसमें उन्होंने कई मांगों का जिक्र किया। आंगनबाड़ी वर्कर्स का हौसला बढ़ाने के लिए, राज्य प्रधान छोटा गहलावत भी नूंह पहुंचीं।

पत्रकारों से बातचीत के दौरान आंगनबाड़ी वर्कर्स यूनियन से जुड़ी नेताओं ने कहा कि शून्य से छह वर्ष के बच्चे तथा गर्भवती महिलाओं का कामकाज उन्हें दिया जाता है। उसके लिए विभाग ने पोषण ट्रैकर एप शुरू की है। ना तो महिलाओं को मोबाइल दिए गए हैं और ना ही इसके बारे में प्रशिक्षण दिया है। साथ ही साथ महिलाएं इस ऐप को चलाने में पूरी तरह से सक्षम नहीं हैं। पढ़ी-लिखी कम हैं। कुछ आंगनबाड़ी वर्कर्स की आयु बहुत ज्यादा है, जो इस ऐप के माध्यम से ऑनलाइन कामकाज नहीं कर सकती हैं, लेकिन विभाग के अधिकारी इस ऐप से काम करने का दबाव लगातार बना रहे हैं। महिलाओं ने दो टूक कहा कि बिना सुविधाओं के इस तरह की ऐप से ऑनलाइन कामकाज नहीं कर सकतीं। इसके अलावा उन्होंने कहा कि उनकी बहुत सारी मांग पिछले काफी समय से पेंडिंग चली आ रही हैं। उस पर विभाग का कोई ध्यान नहीं है। इतना ही नहीं बूथ लेवल ऑफिसर का काम करने का दबाव भी उनके ऊपर बनाया जा रहा है। सिलेंडर - ईंधन आदि का खर्च 2018 से नहीं दिया है। समय पर राशन की सप्लाई नहीं दी जाती। राज्य प्रधान छोटा गहलावत ने कहा कि वैसे तो पूरे प्रदेश में आंगनबाड़ी वर्कर्स यूनियन के सामने बहुत सारी दिक्कतें हैं, लेकिन सबसे अधिक दिक्कत है हरियाणा के नूंह जिले में हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी आंगनबाड़ी वर्कर्स के साथ ज्यादती बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आंगनबाड़ी वर्कर्स यूनियन की लड़ाई लड़ने के लिए पूरी तरह से सक्षम हैं और अगर जबरन काम कराने का दबाव महिलाओं पर बनाया गया तो इसका डटकर मुकाबला करेंगे। कुल मिलाकर सरकार द्वारा विभाग के कामकाज को ऑनलाइन कराने के लिए शुरू की गई पोषण ट्रैकर एप महिलाओं के गले की फांस बनती दिख रही है। जिसका वे डटकर विरोध कर रही हैं। अब देखना यह है कि आंगनबाड़ी वर्कर्स के विरोध के बाद सरकार में जिला प्रशासन उनकी समस्या का समाधान किस प्रकार करता है या फिर आंगनबाड़ी वर्कर्स को इसके लिए लंबे समय तक धरना प्रदर्शन करने की नौबत सामने आती है। फिलहाल ट्रैकर एप से महिलाओं की नींद उड़ी हुई है।



# शहर में होने वाले विकास कार्यों को लेकर अधिकारी नहीं है गंभीर

## नगर पार्षदों ने लगाया अधिकारियों पर विकास में कोताही का आरोप

पायनियर समाचार सेवा। फिरोजपुर झिरका

**शहर** में होने वाले वार्ड में विकास कार्यों को लेकर अधिकारी गंभीर नहीं है । जिसके चलते शहर के प्रत्येक वार्ड में विकास कार्य ठप पड़े हुए हैं।

शहर के वार्ड नंबर चार के पार्षद सुभाष ने आरोप लगाते हुए कहा कि नगर पालिका कार्यालय में अधिकारियों के पास जब किसी विकास कार्यों को लेकर बात की जाती है तो वह केवल उच्च अधिकारियों से परमिशन ली जाएगी, कहकर पार्षद को चलता कर देते हैं जबकि वार्ड वार्ड के लोगों द्वारा लगातार वार्ड में नाली बनाने, टूटी फूटी पुलिया बनाने , जगह-जगह सड़कों की मरम्मत कराने, स्ट्रीट लाइट लगवाने, जाल इत्यादि लगवाने को लेकर लगातार शिकायतें आ रही हैं। लगभग चार महीने बीतने के बाद भी वार्ड में किसी विकास कार्य को हरी झंडी नहीं दी गई है जबकि बार-बार नगरपालिका में सचिव और कनिष्ठ अभियंता के सामने सारी मांग रखी गई है। वहीं वार्ड के लोगों द्वारा बार-बार अपनी समस्या पार्षद के समक्ष रखी जा रही है लेकिन विभाग के अधिकारियों की लापरवाही और सुस्त रवैया के चलते पार्षद द्वारा रखी जा रही वार्ड की समस्याओं पर कोई सुनवाई नहीं की जा रही है।

वहीं शहर के वार्ड नंबर एक के पार्षद हसन मोहम्मद का कहना है कि जनता ने उन्हें चुनकर पार्षद बनाया है। वह वार्ड के लोगों की समस्याओं को नगर पालिका में उच्च अधिकारियों के समक्ष रखते हैं लेकिन उच्च अधिकारी डीएमसी द्वारा परमिशन ली जाएगी का बहाना बनाकर चार महीने से विकास कार्यों को पलीता लगाते नजर आ रहे हैं । इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ पात्र परिवारों के खाते में दूसरी किस्त के रुपए नहीं डाले जा रहे हैं जबकि लोगों ने अपना मकान लेंटर तक बनाकर तैयार कर लिया है।

# फिरोजपुर झिरका खंड में डिपो धारकों पर राशन नहीं पहुंचने से लोगों में मची अफरा-तफरी

**फिरोजपुर झिरका।** एक तरफ प्रदेश सरकार द्वारा गरीब और पात्र लोगों को राशन मुहैया कराने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। वहीं सरकार की नीतियों को पलीता लगाते हुए नवंबर माह की 24 तारीख होने के बावजूद गरीबों को बांटे जाने वाला पीएमकेजीवाई और पीडीएस राशन स्टोर कीपर और ठेकेदार की लापरवाही के चलते डिपो धारकों तक नहीं पहुंच पाया है। जिससे प्रदेश सरकार की नीति को पलीता लगता नजर आ रहा है। वही राशन पात्र उपभोक्ताओं को राशन नहीं मिलने से ग्रामीण क्षेत्रों में अफरा-तफरी मची हुई है।

फिरोजपुर झिरका खड के दर्जनभर डिपो धारकों ने जानकारी देते हुए बताया कि नवंबर माह की 23 तारीख होने के बावजूद भी क्षेत्र में लगभग 170 डिपो धारकों पर पीएमकेजीवाई और पीडीएस का राशन पूरी मात्रा में नहीं पहुंच पाया है । जिससे राशन पात्र लोगों द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में अफरा-तफरी का माहौल देखा जा रहा है। वही निर्वाचित सरपंचों द्वारा राशन समय पर नहीं बांटे जाने को लेकर जबरदस्त विरोध किया जा रहा है। डिपो धारकों ने बताया कि क्षेत्र में लगभग 170 से अधिक डिपो लगते हैं। स्टोर कीपर और ठेकेदार की लापरवाही के चलते 23 नवंबर होने के बावजूद भी लगभग 70 से अधिक राशन केंद्रों पर अभी तक कोई राशन नहीं पहुंचा है। जबकि ज्यादातर राशन के केंद्रों पर फ्री वाला राशन पीएमकेजीवाई वाला राशन पहुंचा है , तो पीडीएस वाला राशन नहीं पहुंचा है, और किसी डिपो होल्डर पर पीडीएस वाला राशन पहुंचा है , तो पीएमकेजीवाई वाला राशन नहीं पहुंचा है । डिपो धारकों का कहना है कि 20 तारीख तक सभी डिपो धारकों पर राशन की सप्लाई पहुंचना अनिवार्य होता है लेकिन 23 नवंबर होने के बावजूद भी सप्लाई को नहीं पहुंचाया गया है । इसके अलावा बीपीएल परिवारों को दी जाने वाली चीनी स्टोर पर आने के बावजूद भी चीनी की सप्लाई नहीं दी जा रही है। डिपो धारकों को आरोप है कि स्टोर कीपर और ठेकेदार द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। इसके अलावा डिपो धारकों ने आरोप लगाते हुए बताया कि होडल से उठने वाले गेहूं में लगभग डेढ़ से दो क्विंटल गेहूं सप्लाई डिपो धारकों को कम दी जा रही है।

# कजाकिस्तान में एमबीबीएस की पढ़ाई करने के लिए रवाना हुए नूंह के छात्र

पायनियर समाचार सेवा। फिरोजपुर झिरका

**मेवात** क्षेत्र में उच्च शिक्षा के प्रति क्षेत्र के बच्चों का रुझान बढ़ता जा रहा है। यहां के बच्चों में उच्च शिक्षा के प्रति ऐसा रुझान है कि वे अब विदेशों में भी उच्च तालीम हासिल करने लिए जा रहे हैं। इसी क्रम में एमबीबीएस की पढ़ाई के लिए नूंह के 22 छात्र कजाकिस्तान के लिए रवाना हुए। इन छात्रों को विदा करने के लिए इनके परिजन दिल्ली के अंतराष्ट्रीय हवाई अड्डा पहुंचे और उन्हें नम आंखों को रवाना किया।

इन छात्रों को मोटिवेट व गाइड करने के लिए नवाज गाइडेंस की तरफ से काफी सहयोग किया गया।


भारतीय छात्रों के दल को रवाना करने पहुंचे उनके परिजन।

नवाज गाइडेंस के सरफराज नवाज ने बताया कि भारतीय छात्रों का एक दल देर शाम दिल्ली के हवाई अड्डे से रवाना हो गया। यह छात्र साउथ कजाकिस्तान मेडिकल यूनिवर्सिटी सिमकेंट से एमबीबीएस की पढ़ाई करने गए हैं। उन्होंने बताया कि विदेश में उच्च शिक्षा प्राप्त करने गए सभी बच्चों से केवल एक ही बात कही गई है कि वे अच्छी से अच्छी तालीम हासिल कर एक अच्छा इंसान बनकर हिंदुस्तान वापस लौटें। शिक्षा पूरी करने के बाद अपने मुल्क के लोगों की सेवा करें। अपने मां-बाप का नाम रोशन करें। अपने देश का नाम रोशन करें।

सरफराज नवाज ने बताया कि देर रात रवाना हुए छात्रों का दूसरा दल तीन दिसंबर को रवाना होगा। पहले दल में कुल 26 छात्र रवाना हुए हैं। उन्होंने बताया कि यह मेवात और प्रदेश के लिए हर्ष की बात है कि मेवात जैसे पिछड़े क्षेत्र के बच्चे भी अब विदेशों में उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए विदेश जाने लगे हैं। इससे पहले मेवात में शैक्षणिक स्तर तथा उच्च शिक्षा के प्रति लोगों का रुझान नहीं था। लेकिन प्रदेश सरकार व शिक्षा के क्षेत्र में काम कर रहे सामाजिक संगठनों के लोगों के अथक प्रयासों की बदौलत तथा छात्रों को मोटिवेट करने के बाद अब यहां के छात्र एमबीबीएस की पढ़ाई करने के लिए विदेश जाने लगे हैं। जो खुशी की बात है।

# ट्रैक्टर के नीचे दबने से श्रमिक की मौत

**फिरोजपुर झिरका।** मंगलवार की देर रात रंगाला गांव स्थित मीट फैक्टरी के एक श्रमिक की ट्रैक्टर के नीचे दबने से मृत्यु हो गई। हादसा तब हुआ जब फैक्टरी के श्रमिक यहां से निकलने वाले कचरा को परिसर के अंदर खाली करने जा रहे थे। इसी दौरान ट्रैक्टर का संतुलन बिगड़ गया जिसमें एक श्रमिक दब गया। मृतक श्रमिक की पहचान प्रतापगढ़ उत्तर प्रदेश के रहने वाले सौरव (20) पुत्र शिव नारायण के रूप में हुई है। पुलिस ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। जांच अधिकारी एएसआई राजबीर ने बताया कि सौरव नाम का एक युवक मीट फैक्टरी में काम करता था।

पायनियर क्लासीफाइड

• नाम परिवर्तन •

I, Mahinder Arora S/o Laxman Dass R/o 3E-160 NIT Faridabad have changed my to Mahinder Kumar

• बेदखली सूचना •

मैं वेद प्रकाश पुत्र श्री बाबूराम निवासी ओम गुप सोसाइटी, हुड्डा सेक्टर-2 पलवल ने अपने पुत्र निशित गर्ग व पुत्रवधू सोनिया को चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उनसे लेनदेन, झगड़ा करने वाले खुद जिम्मेदार होंगे, हम नहीं।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

## गुजरात चुनाव
### कांग्रेस की दशा

**राहुल** गांधी तथा अन्य कांग्रेस नेताओं को चुनावों को गंभीरता से लेते हुए उसी दृष्टिकोण से काम करना चाहिए। आखिरकार राहुल गांधी ने गुजरात के चुनाव संघर्ष में प्रवेश कर सूरत जिले के महुवा में एक रैली को संबोधित किया। हालांकि, यह कदम बहुत देर से उठाया गया है, पर इससे कांग्रेस कार्यकर्ता उत्साहित होंगे क्योंकि उनके अभियान में चोटी के नेताओं की संख्या अधिक नहीं है। इसके उलट प्रतिद्वंद्वी भारतीय जनता पार्टी कोई कसर नहीं छोड़ रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह चुनावी संघर्ष का नेतृत्व कर रहे हैं। आम आदमी पार्टी भी कठोर परिश्रम कर रही है और उसके प्रमुख अरविंद केजरीवाल व अन्य वरिष्ठ नेता इस पश्चिमी राज्य में वोट मांग रहे हैं। हिमाचल प्रदेश को भी कांग्रेस के सर्वोच्च नेताओं ने अनदेखा किया। सोनिया गांधी वहां स्वास्थ्य कारणों से नहीं गईं। प्रियंका गांधी ने प्रचार में भाग लिया, पर इससे राज्य के नेता संतुष्ट नहीं थे। कुछ सप्ताह पहले तक पहाड़ी राज्य में भाजपा की संभावनायें कमजोर नजर आती थीं क्योंकि यह राज्य हर पांच साल में सरकार बदलता रहा है। सत्ता-विरोधी लहर के साथ ही विद्रोहियों की समस्या भी थी। एक वीडियो वाइरल हुआ जिसमें प्रधानमंत्री मोदी को एक विद्रोही भाजपा नेता से चुनाव में बैठने को कहते दिखाया गया था। इससे भाजपा विरोधी खुश थे और कह रहे थे कि पार्टी इतनी परेशान है कि प्रधानमंत्री को हस्तक्षेप करना पड़ रहा है। लेकिन वे भाजपा की लगन पर गौर करने में विफल रहे। भाजपा कार्यकर्ताओं का उत्साह उस समय बहुत बढ़ गया जब उन्होंने देखा कि देश का सबसे बड़ा नेता राज्य के चुनाव में बहुत दिलचस्पी ले रहा है।

इसकी तुलना राज्य विधानसभा चुनावों के प्रति देश की सबसे पुरानी पार्टी के सर्वोच्च नेताओं से करें तो तस्वीर एकदम उल्टी नजर आती है। सर्वोच्च नेता राहुल गांधी लगातार 'भारत जोड़ो यात्रा' में व्यस्त हैं। उन्होंने वी.डी. सावरकर पर अनावश्यक विवाद पैदा कर महाराष्ट्र में अपनी सहयोगी शिवसेना-उद्धव को नाराज किया। इसके फौरन बाद मेधा पाटकर के यात्रा में शामिल होने की भाजपा ने आलोचना की। राहुल व पाटकर का नाम लिए बिना मोदी ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए राहुल से मेधा पाटकर की निकटता पर सवाल उठाते हुए कहा कि 'वे नर्मदा बांध के खिलाफ थे।' ऐसा लगता है कि राहुल गांधी अपनी समझ से भाजपा के कथित 'उग्र राष्ट्रवाद' व 'हिंदू-केन्द्रीयता' का जवाबी विमर्श तैयार कर रहे हैं। इसीलिए यात्रा का नाम भारत जोड़ो दिया गया है तथा यात्रा में मेधा पाटकर की उपस्थिति को प्रचारित किया जा रहा है। यह जवाबी-विमर्श एक ऐसा आधार हो सकता है जिससे एनजीओ व एक्टिविस्टों के साथ समझदारी बढ़ने पर पार्टी को लाभ मिले जिनमें से अधिकांश वामपंथी झुकाव वाले हैं। यह संकेत करना जरूरी है कि इन एक्टिविस्टों ने 2004 में अटल बिहारी वाजपेयी सरकार को बदनाम करने में प्रमुख भूमिका निभाई थी। इसके परिणामस्वरूप आठ साल तक विपक्ष में रहने के बाद कांग्रेस सत्ता में लौटने में सफल हुई थी। इसलिए राहुल गांधी के विचलनों के पीछे कोई विचार या दीर्घकालीन रणनीति हो सकती है। लेकिन कोई राजनीतिक पार्टी तात्कालिक व मझोली अवधि वाले मुद्दों को अनदेखा नहीं कर सकती है। उसे चुनावों को गंभीरता से लड़ना चाहिए, अच्छे इरादों व नैतिक भावनाओं को कभी नजरंदाज़ नहीं करना चाहिए, पर असली राजनीति की भी अनदेखी नहीं की जा सकती है। इस मामले में राहुल गांधी का नेतृत्व विफल है। पिछले नौ साल में देश ने मोदी की असाधारण प्रगति तथा कांग्रेस की लगातार गिरावट देखी है। राहुल तथा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे जैसे नेताओं को चुनाव लड़ने तथा उसके अनुसार व्यवहार करने में गंभीरता बरतनी चाहिए।



# गुजरात बर्बाद करेंगे 'आप' या कांग्रेस

**यदि आम आदमी पार्टी व कांग्रेस को सत्ता में आने का मौका मिला तो गुजरात जल्द ही दीवालियेपन के फिसलन भरे रास्ते पर जा सकता है।**



**गोविंद भट्टाचार्जी**
(लेखक, सीएजी कार्यालय के पूर्व महानिदेशक हैं।)



शहरीकृत, उद्यमिता-समर्थक तथा 90 प्रतिशत हिंदू जनसंख्या वाला गुजरात लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी की सोशल-इंजीनियरिंग रणनीतियों की प्रयोगशाला बना हुआ है। दिसंबर में चुनाव वाले इस राज्य में भाजपा 27 साल से शासन कर रही है और उसने 2019 के लोकसभा चुनाव में सभी 26 सीटों पर विजय पाई थी। हालांकि, उसके दो प्रमुख प्रतिद्वंद्वी सत्ता-विरोधी लहर की उम्मीद लगाए हैं, लेकिन भाजपा के इसे तोड़ कर पुनः सत्ता में लौटने की उम्मीद है। पिछले साल भ्रष्ट व अक्षम समझी जाने वाली विजय रूपानी सरकार हटाने के बाद भाजपा ने अपनी छवि में काफी सुधार किया है, हालांकि मोरबी कांड ने प्रशासनिक स्तर पर व्याप्त भाई-भतीजावाद तथा भ्रष्टाचार को उजागर किया है और उसका थोड़ा असर हो सकता है। लेकिन इससे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'करिश्मे' तथा गुजराती मतदाताओं में उनके प्रति व्याप्त असाधारण विश्वास को तोड़ने में कोई सफलता नहीं मिलेगी। यहां तक कि मुसलमान भी भाजपा के साथ जा सकते हैं और यह नहीं कहा जा सकता है कि इसका कारण केवल भय है। भाजपा ने अपने 'गुजरात माडल' को शानदार आर्थिक वृद्धि, प्रगति व समृद्धि के रूप में पेश किया है। गुजरात ने अनेक अनुकरणीय पहलों में अग्रणी भूमिका अदा की है और उनका सफल क्रियान्वयन किया है। भारत के अनेक राज्यों ने 2003 में लड़कियों की शिक्षा के लिए उसके 'कन्या केलावनी' योजना का अनुसरण किया है। इसके साथ ही अन्य राज्यों के लिए उसके द्वारा नए उद्योगों के लिए इनोवेशन, स्टार्टअप व इन्सेंटिव ने भी अनुकरणीय उदाहरण पेश किया है। गुजराती वैसे भी कठोर परिश्रम व बिजनेस योग्यता के लिए जाने जाते हैं। गुजरातियों की कार्य संस्कृति को देखते हुए वे सरकारी 'खैरातों' के बजाय बाजार या कार्यस्थल से मिलने वाले सामाजिक न्याय के प्रति ज्यादा विश्वास करते हैं।

वैसे आप ने अपना घोषणापत्र नहीं जारी किया है, पर उसके द्वारा किए गए वादों को देखते हुए किसी औपचारिक घोषणापत्र की जरूरत नहीं है। वह 'पंजाब माडल' की नकल करते हुए प्रति माह 300 यूनिट मुफ्त बिजली, बेरोजगार नौजवानों के लिए 3,000 रुपये तथा प्रत्येक वयस्क महिला के खाते में 1,000 रुपये भेजने के साथ निजी नौकरियों में स्थानीय नौजवानों के लिए 80 प्रतिशत कोटे तथा हर गाय के लिए 40 रुपये प्रति दिन व पुरानी पेंशन योजना बहाली जैसे वादे कर रही है। मोदी ने विकास के बजाय 'रेवड़ी' या खैरात संस्कृति की आलोचना करते हुए कहा था, 'रेवड़ी संस्कृति वाले कभी नए एक्सप्रेसवे, नए हवाईअड्डे या डिफेंस कारीडोर नहीं बनाएंगे।' इसका विरोध करते हुए केजरीवाल ने कहा कि महिला मतदाताओं के लिए '1,000 रुपया महीना रेवड़ी नहीं है।

यह आपका अधिकार है। जनता का पैसा जनता के पास जाना चाहिए, स्विस बैंकों में नहीं।' चुनाव निकट आने के साथ निश्चित रूप से और 'खैरातों' का वादा किया जाएगा। सत्ता के लालच में केजरीवाल कहीं भी नहीं रुकेंगे, भले ही इसका अर्थ पूरे गुजरात राज्य को बेचना ही क्यों न हो। 2017 के चुनाव में भाजपा को वोटों में 49 प्रतिशत हिस्से के साथ कुल 182 सीटों में से 99 पर विजय मिली थी, जबकि कांग्रेस को 41 प्रतिशत वोटों के साथ 72 सीटों पर सफलता मिली थी। आप ने 29 सीटों पर चुनाव लड़ा था, पर वह एक भी सीट नहीं जीत सकी तथा अधिकांश सीटों पर उसकी जमानत जब्त हो गई। उसे नोटा से भी कम वोट मिले थे।

अत्यधिक क्षरण व विचारों के दीवालियापन के स्पष्ट संकेत दे रही कांग्रेस केवल 'खैरातों' के वादे करने में आप से आगे निकलने का प्रयास कर रही है। राहुल गांधी ने एक रैली में कहा कि उनकी पार्टी आप द्वारा पस्तावित सभी 'खैरातों' के सिवा और अधिक देगी। इस प्रकार कुछ दिन पहले जारी उनके घोषणापत्र में पुरानी पेंशन योजना बहाल करने, 10 लाख सरकारी नौकरियां देने, 10 लाख रुपये तक मुफ्त चिकित्सा सहायता देने, 500 रुपये में गैस सिलिंडर देने, 3,000 रुपये बेरोजगारी भत्ता देने तथा दिव्यांगों, विधवाओं, वरिष्ठ नागरिकों व जरूरतमंद महिलाओं को 2,000 रुपये की पेंशन देने जैसे वादे किए। इसके साथ ही उन्होंने 3 लाख तक कर्ज माफी, जरूरतमंद छात्रों को 20,000 रुपये स्कालरशिप देने, गौशालाओं के लिए 1,000 करोड़ रुपये देने जैसे वादे भी किए। इसमें से अनेक वादे 'राजस्थान माडल' से लिए गए हैं, जहां उसने 2018 में भाजपा से सत्ता छीनी थी। इन वादों से गुजराती मतदाताओं को उत्साहित होना चाहिए, लेकिन जनमत सर्वेक्षण कुछ और कहते हैं। शायद आप को कांग्रेस के वोट छीनने से लाभ हो क्योंकि उसने कांग्रेस से सीख कर खैरातें देने का खेल ज्यादा आकर्षक बनाया है। लोकरंजकता की इस राजनीति में कठोर प्रतियोगिता का सामना कर रही भाजपा ने अब तक 'खैरातों' की दौड़ में शामिल न होने तथा मतदाताओं को आप से सतर्क रहने को कहा है। भाजपा के राज्य अध्यक्ष सी.आर. पाटिल ने कहा था, 'गुजरात में एक आगंतुक केजरीवाल के वादे चीनी उत्पादों की तरह हैं। सवाल है कि वे कब तक बने रहेंगे।' भाजपा को अभी अपना चुनाव घोषणापत्र जारी करना है जिसके लिए वह 'अग्रेसर गुजरात' अभियान से मिले जनता के सुझावों पर गौर कर रही है। उम्मीद है कि गुजरात के मतदाता सही फीडबैक देंगे। आप की बेलगाम उदारता ने पंजाब राज्य को पहले ही वेंटीलेटर पर डाल दिया है। वह ऐसी बेहोशी में डूबा है जिससे उसके जल्दी उबरने की उम्मीद कम है। सुरक्षित रूप से अनुमान लगाया जा सकता है कि पंजाब सरकार जल्द ही उन विस्फोटक वित्तीय दबावों का शिकार बन जाएगी जिनके गंभीर सामाजिक परिणाम होंगे। वित्त वर्ष 21 में पंजाब का पेंशन, वेतन व ब्याज पर खर्च कुल राजस्व खर्च का 67 प्रतिशत था तथा सब्सिडी पर उसके 9,758 करोड़ के खर्च में 17 प्रतिशत वृद्धि हुई है। इससे किसी अन्य चीज पर खर्च के लिए बहुत कम पैसा बचता है। वर्तमान वित्त वर्ष में उसका बिजली सब्सिडी पर कुल खर्च 25,000 करोड़ होगा जिसमें जुलाई, 2022 से 300 यूनिट मुफ्त बिजली की 'खैरात' पर ही 16,000 करोड़ रुपये खर्च होंगे। सरकार ने पुराने कर्जों का ब्याज अदा करने के लिए पिछले दो महीने में 8,000 करोड़ रुपये कर्ज लिया है। उसका कर्ज-जीएसडीपी अनुपात भारत में सबसे ज्यादा 54 प्रतिशत है। प्रति व्यक्ति एक लाख कर्ज के साथ यह भयानक कर्ज जाल में फंस गया है जहां केवल पुराने कर्ज व उनका ब्याज अदा करने के लिए कर्ज लेना पड़ता है। इसके बावजूद उसने अपनी सत्ता के पहले दो महीने में विज्ञापनों पर 37 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। इस प्रकार पंजाब आज भारत की सबसे खराब प्रबंधन वाली अर्थव्यवस्था बन गया है।

इसके एकदम उलट गुजरात की स्थिति बहुत अच्छी है। हालांकि, कोरोनावायरस वैश्विक महामारी के कारण सकल राज्य घरेलू उत्पाद-जीएसडीपी की वृद्धि दर एक साल पहले 9.75 प्रतिशत से गिर कर केवल 0.57 रह गई। वैश्विक महामारी के दौरान सार्वजनिक स्वास्थ्यरक्षा में कमियां उजागर हुईं और आप इनका चुनावी लाभ उठाना चाहती है। 2011-12 से गुजरात लगातार राजस्व खाते में अतिरिक्त की स्थिति में रहा, पर वित्त वर्ष 21 में 22,548 करोड़ रुपये का अतिरिक्त राजस्व घाटा हुआ। लेकिन इसके बावजूद उसने राजकोषीय घाटे को 2.44 प्रतिशत पर नियंत्रित रखा है जो गुजरात राजकोषीय दायित्व कानून-जीएफआरए, 2005 में निर्धारित 3 प्रतिशत की सीमा के भीतर है। उसने अपना कर्ज-जीएसडीपी अनुपात भी 18 प्रतिशत पर बनाए रखा है जो जीएफआरए की 27 प्रतिशत सीमा के भीतर है। वित्त वर्ष, 21 में गुजरात ने कुल राजस्व का 63 प्रतिशत अपने संसाधनों से जुटाया, जबकि पंजाब में यह 50 प्रतिशत था। लेकिन वैश्विक महामारी से पहले भी गुजरात का अपना राजस्व गतिरोध का शिकार था। वह 22 प्रतिशत कर्ज ले रहा है तथा उसका लंबित दायित्व चक्रवृद्धि वार्षिक दर पर 10 प्रतिशत है।

यदि आप व कांग्रेस को मौका मिल गया तो गुजरात जल्द ही निश्चित रूप से दीवालियेपन के फिसलन भरे रास्ते पर चला जाएगा।

# कौन होगा पाकिस्तान का अगला सेना प्रमुख ?

**भूपिंदर सिंह**
(लेखक, पूर्व सैन्य अधिकारी व पूर्व उपराज्यपाल हैं)



आधिकारिक तौर पर, पाकिस्तानी सेना ने तीन बार (1958-71, 1978-88, 1999-2008) पाकिस्तान का नेतृत्व संभाला है। अनौपचारिक रूप से, यह 1958 से खाखी रंग के डॉक मार्टन बूट्स केअधीन है, 1978 में जनरल जिया-उल-हक केसाथ प्रतिष्ठान (पढ़ें, पाकिस्तानी सेना) की वापसी तक पाकिस्तान के सबसे खराब समय के 71 चरण के बाद के चरण को छोड़कर। हर तीन बार जब धूर्त जनरलों ने नेतृत्व संभाला, उन्होंने उसी राजनीतिक शक्ति को डबल-क्रॉस किया था जो जनरलशिप केलिए उनके उत्थान के लिए जिम्मेदार थी। एक ही हाथ जो खिलाता है उसे काटना, लगातार दोहराई जाने वाली घटना है। यह चलन तब शुरू हुआ जब तत्कालीन रक्षा सचिव इस्कंदर मिर्जा ने सबसे जूनियर मेजर जनरल अयूब खान को पाकिस्तानी सेना का पहला देशी कमांडर-इन-चीफ बनाने की पैरवी की (अयूब का नाम नामांकन सूची में भी नहीं होने के बावजूद)। बाद में राष्ट्रपति के रूप में, इस्कंदर मिर्जा ने संविधान को निरस्त कर दिया और जनरल अयूब खान केसाथ मुख्य मार्शल लॉ प्रशासक केरूप में मार्शल लॉ की घोषणा की - इस कदम के20 दिनों के भीतर, जनरल अयूब ने इस्कंदर मिर्जा को टक्कर मार दी और उन्हें इंग्लैंड भेज दिया! दशकों बाद, जुल्फिकार अली भुट्टो ने सात वरिष्ठ जनरलों को हटाकर वरिष्ठता में सबसे जूनियर लेफ्टिनेंट जनरल जिया-उल-हक को सेना प्रमुख के रूप में नियुक्त किया। अपने कनिष्ठतम दर्जे के बावजूद, ज़िया का ट्रैक रिकॉर्ड, डरावना स्वभाव और सबसे बढ़कर, और अत्यधिक आज्ञाकारी और जुल्फिकार अली भुट्टो के प्रति निष्ठावान होने की प्रतिष्ठा भी थी - सेना प्रमुख बनने के एक साल से भी कम समय में, जनरल ज़िया ने मार्शल लॉ की घोषणा की। और उसके कुछ साल बाद, अपने प्रारंभिक उपकारी को फांसी पर चढ़ा दिया! कुछ दशक बाद, जनरल ज़िया केराजनीतिक नायक नवाज़ शरीफ़ ने भी एक ऐसा ही आश्चर्य प्रकट किया, जब उन्होंने जनरल परवेज मुशर्रफ़ में दो वरिष्ठों को हटाते हुए एक प्रत्यक्ष रूप से सुरक्षित पाक सेना प्रमुख नियुक्त किया। तीसरी बार इतिहास को दोहराना था जब जनरल परवेज मुशर्रफ ने उस आदमी को अपदस्थ कर दिया जिसने उन्हें सीओएएस बनाया और असहाय नवाज को सऊदी अरब भगा दिया! दिलचस्प बात यह है कि



तख्तापलट में गद्दी से हटने वाली तीन नागरिक सरकारों में से प्रत्येक पाक राजनीति के 3 अलग-अलग अनुनय का प्रतिनिधित्व करती थी - मुशर्रफ ने पीएमएल-एन की व्यवस्था को हटा दिया था, जिया ने पीपीपी की व्यवस्था को हटा दिया था और अयूब ने एक उदार-सत्तावादी तनाव को हटा दिया था ( इमरान खान की पीटीआई की वृत्ति में) इस्कंदर मिर्जा को टक्कर देने में। इसके अलावा, इन सैन्य हड़पने वालों में से प्रत्येक तथाकथित अल्पसंख्यक/सुरक्षित जातीय संप्रदायों से थे क्योंकि अयूब हरिपुर से एक हजारा थे (और लोकप्रिय रूप से पठान नहीं थे), जबकि जिया-उल-हक और परवेज मुशर्रफ दोनों मोहाजिर थे (भारत से अप्रवासी)। ये अति-महत्वाकांक्षी जनरल पारंपरिक पंजाबी (राजपूत / जाट) या पठान जातीयता से नहीं थे, जो पाकिस्तानी सोल्डरिंग स्टॉक का बड़ा हिस्सा बनाता है, फिर भी उनके संस्थागत असर ने उन्हें अच्छी तरह से स्थापित राजनेताओं को रौंदने की अनुमति दी। हालांकि, जब असैन्य राजनेताओं ने स्पष्ट रूप से शासन किया, तब भी राजनेताओं को उखाड़ फेंकने में आर्मी हाउस की निर्णायक छाप, जो वास्तव में पाकिस्तानी सेना के प्रमुख के रूप में उनकी नियुक्ति के लिए जिम्मेदार थे, सुसंगत है। नवाज शरीफ के पास चट्टानी संबंध रखने और उन सभी छह प्रमुखों द्वारा पछाड़ने का संदिग्ध रिकॉर्ड है, जिन्हें उन्होंने चुना था - पहले जनरल वहीद काकर ने नवाज को इस्तीफा देने के लिए मजबूर किया, अगला जनरल जहांगीर करामत थे जिन्हें समय से पहले सेवानिवृत्ति के लिए मजबूर किया गया था, तीसरे जनरल परवेज मुशर्रफ थे। चौथे जनरल परवेज कयानी थे जिन्होंने एकतरफा खुद को दूसरा कार्यकाल दिया, पांचवें जनरल राहील शरीफ थे जिन्होंने नवाज को अपनी लोकप्रियता और विस्तार की बातों से रातों की नींद हराम कर दी और छठा, है वर्तमान जनरल क़मर बाजवा जो 2018 में नवाज़ को हटाने और इमरान खान को प्रधान मंत्री के रूप में चुनने के लिए अकेले जिम्मेदार थे!

आज, विडंबना यह है कि यह वही जनरल क़मर बाजवा हैं जिन्होंने इमरान की पीटीआई (जब तक इमरान खान का कद बहुत बड़ा नहीं हो गया) के साथ छेड़खानी करके 360 डिग्री मोड़ लिया और फिर पीएमएल-एन और पीपीपी के गठबंधन में लौट आए। पाकिस्तानी प्रतिष्ठान या सेना हमेशा किसी भी राजनीतिक नेता, पक्षपातपूर्ण ध्वज या विचारधारा केप्रति कोई स्थायी वफादारी के साथ अपनी इकाई नहीं रही है - इसने पीएमएल-एन, पीपीपी या यहां तक कि पीटीआई के साथ चतुराई से पक्ष लिया है क्योंकि यह शीर्ष पर आवश्यक समझा जाता है, लेकिन कभी भी सदस्यता नहीं लेता है या लंबे समय तक किसी भी पक्षपातपूर्ण वरीयता में खुद को निहित किया।

सामयिकता से पता चलता है कि अगला प्रमुख (जैसा कि वाशिंगटन डीसी में जनरल कमर बाजवा द्वारा पुष्टि की गई है, इसलिए विश्वसनीय है) निश्चित रूप से इमरान की पसंद से नहीं होगा, जैसे लेफ्टिनेंट जनरल फैज हमीद (पिछले डीजी-आईएसआई, जिन्हें इमरान का करीबी माना जाता है)। यह भी स्पष्ट है कि शरीफ बंधुओं, हालांकि पीपीपी के साथ गठबंधन में, लेफ्टिनेंट जनरल मोहम्मद आमिर (एक बार आसिफ जरदारी के सैन्य सचिव) जैसे कथित पीपीपी वफादार के प्रति दयालु नहीं हो सकते हैं। यह ज्ञात धार्मिक रूढ़िवाद के साथ किसी को भी नियुक्त करने से भी दूर रहेगा क्योंकि प्रतिष्ठान को ज़िया के शरीयाकरण में कमी का डर है। यहां तक कि किसी भी दावेदार को समायोजित करने केलिए प्रणाली में हेरफेर करने के सुझावों से भी बचा जा सकता है, और इससे लेफ्टिनेंट जनरल असीम मुनीर को बाहर रहना पड़ सकता है। उन्मूलन का कानून लेफ्टिनेंट जनरल साहिर शमशाद मिर्जा, लेफ्टिनेंट जनरल अजहर अब्बास और लेफ्टिनेंट जनरल नौमान महमूद की पसंद के लिए मैदान छोड़ देता है ताकि थल सेनाध्यक्ष और नाममात्र अधिक वरिष्ठ, चीफ ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी के पदों को भरा जा सके। माना जाता है कि तीनों अनुभवी पेशेवर हैं।

## आप की बात

### धर्मांतरण का खतरा

**भय,** प्रलोभन और अंधविश्वास के माध्यम से किसी को अपने धार्मिक पहचान बदलने के लिए बाध्य करना देश के लिए बड़ा और गंभीर संकट बनता जा रहा है। इस तरह के मातंतरण के विरुद्ध याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने भी चिंता जताई है। न्यायालय का कहना है कि इस पर रोक लगाने के लिए केंद्र सरकार को प्रयास करने होंगे। अनदेखी से स्थिति बिगड़ सकती है। जबरन मतांतरण राष्ट्र की सुरक्षा और धर्म की स्वतंत्रता को प्रभावित करता है। मतांतरण कराने वालों के निशाने पर प्रायः गरीब तबका होता है, जिसकी विवशता और गरीबी का लाभ उठाकर उन्हें धर्म बदलने के लिए बाध्य किया जाता है। संविधान में सभी को अपने मत-मजहब के प्रचार की स्वतंत्रता है, लेकिन इसका अनुचित लाभ उठाया जा रहा है। प्रचार के नाम पर अन्य को बरगलाने की स्वतंत्रता किसी को नहीं दी जा सकती है। कई राज्यों में गरीब आदिवासियों और अनुसूचित जाति के लोगों को बहकाकर उन्हें धर्म परिवर्तन के लिए विवश करने के लिए कैसे-कैसे हथकंडे अपनाए जा रहे हैं, यह कोई छुपा तथ्य नहीं रहा गया है। इन पर अंकुश लगाना जरूरी है क्योंकि इससे सामाजिक विकृति पैदा हो सकती है।

**सदन जी,** पटना

### महिला-उत्पीड़न

**मेरा** देश प्राचीनकाल से सुसंस्कृत रहा है। देवियों को पूजा जाता रहा है और आज भी ये विरासत में मिले संस्कार देश में विद्यमान हैं। परन्तु कतिपय राक्षसी प्रवृत्ति के लोगों ने हमें विरासत में मिली संस्कृति और संस्कार को छिन्न-भिन्न कर दिया है। छोटी-छोटी बालिकाओं के साथ ही युवतियों और महिलाओं तक को राक्षसी प्रवृत्ति के लोग कभी बलात्कार, कभी हत्या, कभी ऑनर कीलिंग, कभी लव-जिहाद तो कभी धर्मान्तरण के नाम पर अपनी हवस का शिकार ही नहीं बना रहे हैं, बल्कि उनकी नृशंस हत्या तक कर रहे हैं। सोशल मीडिया, इंटरनेट और अन्य संचार साधनों की बढ़ती सुविधाएं तो एक बड़ा कारण हो सकती है साथ ही स्वार्थ की राजनीति, कमजोर कानून-व्यवस्था और सरकारी तंत्र में बढ़ती भ्रष्टता से भी बढ़ती अनैतिक प्रवृत्ति से इंकार नहीं किया जा सकता। राजनीति से ऊपर उठकर अगर सरकार सख्त कदम उठाये और फिर अपराधी हो या भ्रष्ट लोग उनसे सख्ती से निपटा जाए तो अवश्य बढ़ती राक्षसी प्रवृत्ति पर काबू पाया जा सकता है। इससे अधिक दु:ख-दर्द की बात और क्या हो सकती है?

**शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### अलविदा तबस्सुम

**तबस्सुम** का अर्थ है-एक प्यारी सी मुस्कान। जबकि वह अपने नाम पर खरी उतरी और अपने साक्षात्कार-फूल खिले हैं गुलशन-गुलशन, के माध्यम से दो दशकों तक प्रशंसकों के दिलों पर छाई रही। इन सबका सुंदर वर्णन तबस्सुमजी अपने साक्षात्कार में प्रस्तुत करती थीं। इसीलिए उनका साक्षात्कार 1972 से 1993 तक दो दशकों तक दर्शकों के दिलों पर हावी रहा। हमारी पीढ़ी में हमारा बचपन उनके साक्षात्कारों को देखते हुए बीता, खासकर इसलिए क्योंकि उस समय आज के दूरदर्शन जैसे चैनलों की भरमार नहीं थी और वे भी समय पर शुरू होते थे। और समय पर रुक जाते थे। अब हर जगह चैनल्स की सूखी या भरपूर फसल है। लेकिन, वर्तमान गुलशन में, ऐसी तबस्सुम और ऐसी मुस्कान दोबारा नहीं होगीं। तबस्सुम को अलविदा कहने के साथ ही नई पीढ़ी को दूरदर्शन व श्वेत श्याम फिल्मों के उस दौर से परिचित कराना जरूरी है जब जीवन प्राकृतिक रूप से फिल्मों व कलाकारों की कला का हिस्सा बनता था। तबस्सुम उस दुनिया का प्रतीक हैं जो अब हमारे बीच नहीं रही।

**दत्तप्रसाद शिरोडकर,** मुंबई


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**मैं** सुनिश्चित करना चाहता हूं कि भाजपा यहां हर बूथ पर जीते। क्या आप मेरे लिए यह काम करेंगे?

- **नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री



**मैं** कॉप 27 में हुई प्रगति का स्वागत करता हूं, लेकिन सुस्ती का कोई स्थान नहीं है। अभी बहुत कुछ करना है।

- **ऋषि सुनक**
ब्रिटिश प्रधानमंत्री



**लोग** विरोध कर रहे हैं। वे अपनी जमीन व संसाधन देने पर तैयार नहीं हैं। उनको फर्जी वादों पर अब और विश्वास नहीं है।

- **अरुन्धती राय**
लेखिका

# हर पात्र व्यक्ति का बनाया जाएगा आयुष्मान गोल्डन कार्ड

## किसी को हताश और उदास होने की जरूरत नहीं है : कल्याण

पायनियर समाचार सेवा। करनाल


विधायक हरविंद्र कल्याण।

**घरौंडा** के विधायक हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना का विस्तार करके हरियाणा सरकार ने चिरायु योजना के तहत परिवार पहचान पत्र के आधार पर गरीब लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाये जा रहे हैं। उन्होंने नई योजना की शुरुआत के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल का धन्यवाद किया और कहा कि आयुष्मान भारत योजना का लक्ष्य गरीब परिवारों को आर्थिक सुविधा देने का तो है ही, साथ ही ऐसी व्यवस्था भी खड़ी की जा रही है जिसमें गरीब परिवारों को भी सरकारी अस्पतालों के साथ-साथ प्राईवेट अस्पतालों में भी करीब 15 सौ बीमारियों के इलाज के लिए 5 लाख रुपये वार्षिक खर्च के साथ उत्तम स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ देना है। उन्होंने लोगों से अपील की कि हर पात्र व्यक्ति का आयुष्मान गोल्डन कार्ड सरकार द्वारा अवश्य बनवाया जाएगा, किसी को हताश व उदास होने की जरूरत नहीं है, सीएससी सेंटर व आयुष्मान मित्रों के पास सभी अवश्यक दस्तावेजों के साथ पहुंचे और अफरा-तफरी ना मचाए, संयम बरते। विभाग के अधिकारी घर पहुंचकर यह सुनिश्चित करेंगे कि गरीब परिवार का आयुष्मान कार्ड बन गए है। उन्होंने कहा कि करनाल जिला में आयुष्मान भारत योजना के तहत गोल्डन कार्ड धारक लाभार्थियों को अब तक 44.40 करोड़ रुपए का क्लेम दिया जा चुका है। वहीं योजना के तहत अब तक पूरे जिला में करीब 2 लाख 53 हजार व्यक्तियों के कार्ड बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना के विस्तार से करीब 5 लाख गरीब लोगों के परिवार पहचान पत्र के आधार पर आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाए जाएंगे और जिला में स्थापित सभी सीएससी व सरकारी अस्पताल में आयुष्मान गोल्डन कार्ड बनाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में प्रदेश सरकार के पैनल पर 46 अस्पताल सूचीबद्ध हैं, जिनमें नौ सरकारी अस्पताल 37 अस्पताल प्राइवेट हैं।

# भागवत कथा के श्रवण मात्र से खुल जाते हैं मोक्ष के द्वार : निखिल मदान

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**मन्दिर** श्री ठाकुर द्वारा कल्याण नगर में हो रही श्रीमद्‌भागवत कथा में बुधवार को बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे मेयर निखिल मदान ने कहा कि सोनीपत शहर में धर्म की बढ़ती लोकप्रियता इस बात का प्रमाण है कि लोगों की धर्म के प्रति आस्था युगों-युगों से चली आ रही है।

यहां तक कि द्वापरयुग में भी भगवान श्रीकृष्ण ने हरियाणा की भूमि को धर्मनगरी के रूप में चुना। भागवत कथा के श्रवण मात्र से ही प्राणी के मोक्ष के द्वार खुल जाते हैं। उत्तराखंड धाम वाले कथा वाचक भागवत गंगोत्री विभूषित सुभाष शास्त्री ने माला पहनाकर नगर निगम मेयर को आशीर्वाद दिया।

गुरु महाराज ने साधकों को परीक्षित जन्मवृतांत, श्रीशुक्रदेव आगमन का प्रसंग सुनाकर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। उन्होंने कहा कि व्यासजी ने भागवत की शुरुआत में ही कर नहीं, वरन व्यहं शब्द का इस्तेमाल किया है। जिसके अंदर मैं आ जाता है तो समझो उसके विनाश का समय चल रहा है। इसलिए जीवन में अहंकार को छोड़ दो। काम, क्रोध, मोह, लोभ को त्याग कर भव सागर से पार पाया जा सकता है।

मौके पर समिति प्रधान पवन तनेजा, रमेश चावला नम्बरदार, प्रेम वधवा, अशोक पुरी, रमेश मानकतालिया, गोबिंद लाल मदान, सोनू कालड़ा, रमेश खन्ना, राकेश बत्रा, जुगल नंदा, पण्डित भगवती प्रसाद, ताड़केश्वर शर्मा, महिला मण्डली प्रधान द्रौपदी थरेजा, राज मुंजाल, रितु नंदा, प्रकाश आहूजा, कान्ता गोयत, वीना तनेजा आदि महिला पदाधिकारी एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।

## संक्षिप्त-समाचार

### नन्हे विद्यार्थियों ने स्मार्ट प्वाइंट पर जाकर सीखे खरीदारी के गुर



**कुरुक्षेत्र।** किड्‌जी कल्याण नगर के नन्हे विद्यार्थियों ने लक्ष्मण कॉलोनी में बने स्मार्ट प्वाइंट पर जाकर खरीददारी के गुर सीखे। स्कूल की इंचार्ज एकजोत कौर ने बच्चों को बताया कि खरीददारी के लिए स्मार्ट प्वाइंट में प्रवेश करने से पहले ट्राली लेनी होती है, ताकि उसमें पसंदीदा प्रोडक्ट्स रखे जा सके। तत्पश्चात डिस्प्ले किए गए सभी प्रोडक्ट्स की निर्माण तिथि व एक्सपायरी तिथि को भी ध्यान से देखें। कभी भी जल्दबाजी में प्रोडक्ट्स न खरीदें। बचत की दृष्टि से कंपनी द्वारा दी गई स्कीमों को भी ध्यान से देखने और पढ़ने के बाद ही प्रोडक्ट को खरीदें। इससे पहले सभी विद्यार्थी स्कूल ड्रेस में सुसज्जित होकर स्मार्ट प्वाइंट पहुंचे और अनुशासन में रह कर स्मार्ट प्वाइंट का उत्साह पूर्वक अवलोकन किया। इस दौरान विद्यार्थियों को रिफ्रेशमेंट भी दी गई। स्कूल के डायरेक्टर आदित्य वत्स ने बताया कि स्कूल प्रबंधन का उद्देश्य विद्यार्थियों में चहुंमुखी प्रतिभा का विकास करना है। इसी उद्देश्य से बच्चों को धार्मिक और व्यवसायिक स्थानों का अवलोकन करवाया जाता है। स्कूल स्टाफ में अंजनी शर्मा, कविता सैनी, नीतू गर्ग, नेहा शर्मा, रचना रोड, ज्योति, नीरज शर्मा, निशा राय, तनु शर्मा आदि अध्यापिकाएं भी मौजूद रही।

### नि:शुल्क दंत चिकित्सा शिविर में 170 बच्चों के दांतों की जांच




**कुरुक्षेत्र।** ग्लोबल इवेंट आर्गेनाइजेशन ट्रस्ट की ओर से गवर्नमेंट मिडिल स्कूल रतगल में मुफ्त दंत चेकअप कैम्प का आयोजन किया गया। ट्रस्ट के चेयरमैन एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने बताया कि कैम्प में डॉक्टर सिमरन आनंद बीडीएस ने अपनी सेवाएं दी। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरप्रीत सिंह चीमा बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। हरप्रीत सिंह चीमा ने स्कूल के बच्चों के लिए पचास सर्वों देने का ऐलान किया। कैंप में डॉक्टर सिमरन आनंद ने विद्यार्थियों के दांतो की जांच की और प्रत्येक बच्चे को दंत सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी। उन्होंने बताया के दांत हमारे शरीर का एक आवश्यक अंग है, जिसकी सुरक्षा व सफाई हमारे संपूर्ण शरीर के स्वास्थ्य के लिए अत्यंत आवश्यक है। दांतो को लंबे समय तक मजबूत और आकर्षक बनाए रखने के लिए प्रतिदिन दो बार ब्रश करना आवश्यक है। इस दंत चिकित्सा शिविर में स्कूल पूर्व मुख्य अध्यापिका सुखबीर कौर व अन्य अध्यापिकाओं ने डॉक्टरों की टीम का विद्यार्थियों को दंत सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए धन्यवाद किया। मुख्य अध्यापिका सुखबीर कौर ने ट्रस्ट के सदस्यों का भी आभार जताया और भविष्य में भी स्कूल में इस प्रकार के कैंप लगाने का अनुरोध किया। डॉक्टर सिमरन आनंद ने बच्चों व उनके परिवारों सहित सभी अध्यापक गणों को चेकअप के लिए छूट देने का ऐलान किया व साथ ही दांत की ट्रीटमेंट के लिए 60 प्रतिशत छूट का ऐलान भी किया। मधुसूदन बवेजा ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा समय-समय पर सामाजिक कार्य किए जाते हैं।

# विद्यार्थियों ने पैनोरमा, धरोहर व चिड़ियाघर का किया भ्रमण

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र


भ्रमण के दौरान विद्यार्थी।

**अल्पाइन** पब्लिक स्कूल शाहाबाद की कक्षा प्रथम से आठवीं तक के विद्यार्थियों के लिए कुरुक्षेत्र में शिक्षा एवं हरियाणा प्रदेश की संस्कृति से संबंधित भ्रमण का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रिंसिपल दीपक सिंघल ने विद्यार्थियों को भ्रमण पर जाने से पहले आवश्यक निर्देश एवं शुभकामनाएं दी। इस भ्रमण में विद्यार्थियों को कुरुक्षेत्र के पैनोरमा, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय हरियाणा संस्कृति धरोहर एवं पिपली चिड़ियाघर भ्रमण के लिए ले जाया गया। पैनोरमा में विद्यार्थियों ने विज्ञान से संबंधित तथ्यों एवं प्राचीन आविष्कारों के बारे में जानकारी ली। धरोहर में हरियाणा की पारंपरिक वेशभूषा, चरखे द्वारा सूत कातने के तरीके, शिल्पकारी, प्राचीन सिक्के, व्यवसाय, धार्मिक संस्कृति, पत्थरों एवं धातुओं से बने आभूषणों, प्राचीन काल में खेती करने के तरीके एवं सिंचाई तथा वैज्ञानिक तरीकों को समझ कर उनका ज्ञान लिया। पिपली चिड़ियाघर में विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रकार के पशु-पक्षियों को देख कर खूब आनंद लिया एवं जलपान करके मनोरंजन किया। इस भ्रमण का सारा कार्य विद्यालय की कोऑर्डिनेटर प्रोमिला एवं विद्यालय के अध्यापक गगन मदान और हर्षवर्धन की देखरेख में हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के स्टाफ सदस्य वीणा, भावना, ज्योति शर्मा, मीनू, अर्शदीप ,रेनू, अन्नू, दिव्या, दीपिका, रजनी, प्रिया, मनीषा, आरती, गीतिका, अंजू और ज्योति मौजूद रहे।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने की खुदकुशी

**करनाल।** गांव पुंडरी में बहन के घर आए युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी का फंदा लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। मामले की सूचना पुलिस को दी गई, पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए राजकीय मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। पुलिस ने परिजनों के ब्यानों के आधार पर आगामी कानूनी कर शव परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार गांव कालरम गांव निवासी शेखर पुंडरी गांव में अपनी बहन के घर आया हुआ था। उसने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस व एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस जांच अधिकारी रोहताश ने बताया कि मृतक पर लड़की की वीडियो वायरल करने का मामला दर्ज था। जिसके कारण शेखर तनाव में था। बताया कि शेखर के शव का पोस्टमार्टम करवाया जा रहा है। इस मामले में 174 की कार्रवाई की गई है। शव परीक्षण के बाद परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

# एडीजीपी द्वारा नशा मुक्त हरियाणा रणनीति के अंतर्गत हो रहा है कार्य

## एक दिवसीय 82वां नशा मुक्ति जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

पायनियर समाचार सेवा। करनाल


जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थितजनों को सम्बोधित करते हुए पुलिस अधिकारी।

**हरियाणा** राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो अर्थात एनसीबी प्रमुख एवं अंबाला मंडल के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्रीकांत जाधव भापुसे साहब के दिशा-निर्देशों एवं मार्गदर्शन में एचएसआईडीसी नीलोखेड़ी में एक दिवसीय 82वां नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्थान के रजिस्ट्रार कैलाश चन्द्र की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ। हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी डॉ. अशोक कुमार वर्मा इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पधारे हुए थे।

उन्होंने हरियाणा राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो द्वारा हरियाणा को नशा मुक्त करने की रणनीति को साझा करते हुए कहा कि अब हरियाणा में नशे के कारोबार में संलिप्त लोगों के लिए केवल एक ही मार्ग शेष है कि या तो सुधर जाए अन्यथा एनसीबी का सामना करने के लिए तैयार रहें। प्रत्येक जिले में नशा तस्करों और नशा परोसने वाले अपराधियों की संपत्ति को जब्त करने का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। अभी अभी सिरसा में नशे की तस्करी में संलिप्त एक अपराधी की एक करोड़ 40 लाख 31 हजार की संपत्ति को जब्त करने का कार्य किया गया है जिसका अभी का मूल्य 3.50 करोड़ रुपए है। उन्होंने युवाओं को प्रयास से जुड़ने का आह्वान किया और बताया कि 9050891508 हेल्पलाइन नंबर इसी आशय से पूरे हरियाणा में लागू किया गया है जिस पर गुप्त सूचनाएं दी जा सकती हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी युवाओं ने जीवन में नशा न करने की शपथ ली और रजिस्ट्रार कैलाश चन्द्र को एक प्रमाण पत्र ब्यूरो की ओर से प्रदान किया गया।

# स्वस्थ मनुष्य को हर तीन माह बाद रक्तदान करना चाहिए : चंद्रकांत कटारिया

## सीईओ केडीबी ने किया रक्तदातओं का उत्साहवर्धन

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र


शिविर में रक्तदान करते केडीबी के सचिव रणवीर सिंह

**नगराधीश** एवं केडीबी के सीईओ चंद्रकांत कटारिया ने कहा कि रक्तदान करना पुण्य का कार्य है। रक्तदाता द्वारा किया गया रक्तदान असंख्य लोगों को नया जीवन प्रदान करता है। स्वस्थ मनुष्य को हर तीन माह बाद रक्तदान करते रहने चाहिए। वे अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के अवसर पर सर्व समाज कल्याण सेवा समिति द्वारा ब्रह्मसरोवर के तट पर 576 नंबर स्टॉल पर आयोजित रक्तदान शिविर में रक्त दाताओं को संबोधित कर रहे थे।

वही शिविर की अध्यक्षता कर रहे रेडक्रॉस के सचिव रणबीर सिंह ने स्वयं भी रक्तदान किया और रक्त दाताओं से कहा कि रक्तदान महादान होता है। रक्त ही एकमात्र ऐसा पदार्थ है जिसका निर्माण किसी फैक्ट्री में नहीं किया जा सकता। केवल स्वैच्छिक रक्तदाताओं द्वारा रक्तदान करने से ही रक्त की कमी पूरी की जा सकती है। इस अवसर पर रेडक्रॉस के सहायक सचिव रमेश चौधरी विशेष तौर पर मौजूद रहे। इस अवसर पर समिति के प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर सैनी, संरक्षक नरेश सैनी, मीडिया प्रभारी तरुण वधवा, गुरविंदर कौर, कॉर्डिनेटर अविनाश गोयल, कोषाध्यक्ष ऋषिपाल गोलन, जिलाध्यक्ष पुनीत सेतिया, जितेंद्र जीतू, मदन लाल कथूरिया, सविता मदान, पूनम व नरेश मौजूद रहे। समिति के प्रदेश अध्यक्ष रामेश्वर सैनी ने बताया कि स्टाल नंबर 576 पर 29 नवंबर तक लगातार रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में पार्थ ब्लड बैंक से डॉ श्वेता सैनी के नेतृत्व में डॉक्टर संजीव वर्मा, लैब टेक्नीशियन चेतन, गुरमीत, स्टाफ नर्स प्रिया व मोनिका ने रक्त संग्रहित किया।

हरियाणा स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी कुरुक्षेत्र द्वारा एचआईवी टेस्ट कैंप भी लगाया गया। कैंप में डॉक्टर बलविंदर सिंह, डॉक्टर ध्यान सिंह, डॉक्टर निशा व मीत कुमार ने जांच की।

# मूल्यांकन प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया आयोजन


कार्यक्रम में मौजूद अतिथिगण।

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**जिला** सचिवालय सभागार में (अटल भूजल योजना) सिंचाई विभाग के अंतर्गत देव ऋषि एजुकेशन सोसायटी देहरादून की तरफ से एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कैपेसिटी बिल्डिंग सोसायटी से टीम लीडर विजय अवघड़े, प्रकाश चंद्र पाठक व डॉ कमलेश जोशी ने संयुक्त रूप से सरस्वती हेरिटेज सर्कल से सुप्रिडेंट इंजीनियर व अटल भूजल योजना रीजनल अधिकारी अरविंद कौशिक को पुष्पगुच्छ भेंट कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

डॉ. कमलेश जोशी ने कार्यशाला सत्र की जानकारी देते हुए भविष्य में योजनागत कार्यक्रम रूपरेखा बारे विस्तार पूर्वक बताया। विजय अवघडे ने जल सुरक्षा योजना में जैविक खेती ड्रिप, स्प्रिंकलर, फसल विविधीकरण बारे विस्तृत जानकारी दी। एमआईएस एक्सपर्ट कुमारी मानसी ने एमआईएस पोर्टल अपडेशन बारे जानकारी दी। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी संतोष कुमारी, फॉरेस्ट आफिसर शमशेर सिंह, सिंचाई विभाग से एसडीओ विनोद वर्मा, डीआरडीए सोलर एनर्जी से प्रोजेक्ट आफिसर अजय कुमार, एमआई कांटा डिपार्टमेंट से जितेंद्र मुकेजा, पंचायती राज विभाग से एसडीओ सुरेश कुमार, डीपीएमयू से कमलेश कुमार ग्राउंड वाटर एक्सपर्ट, डॉ सतविन्द्र टाया आईईसी एक्सपर्ट, अनुराग शर्मा, नेहरू युवा केंद्र से असिस्टेंट कांता देवी व सुरेश सैनी, एग्रो स्पेशलिस्ट देशपाल सिंह, महावीर टेक्निकल एसोसिएट ग्राउंड वाटर सेल, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (वासो) से बीआरसी अनिल कुमार व प्रदीप कुमार ने सहभागिता दी।

# चुन्नी लाल के देहांत पर सूरजभान कटारिया ने जताया दुख

**कुरुक्षेत्र।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की डॉ. आंबेडकर फाउंडेशन के सदस्य सूरजभान कटारिया ने आजादी से पूर्व ब्रिटिश सत्ता के खिलाफ विद्रोह करने वाले चमार रेजीमेंट के आखिरी बचे सैनिक महेंद्रगढ़ जिले के गांव भोजावास निवासी 100 वर्षीय हवलदार चुन्नी लाल के देहांत पर शोक व्यक्त किया है। कटारिया ने कहा कि दूसरे विश्व युद्ध में कोहिमा से रंगून तक कई मोर्चों पर जापान के विरुद्ध लड़ने वाले इस योद्धा ने गत रात्रि 2 बजे अंतिम सांस ली। सूरजभान कटारिया ने चुनीलाल के इतिहास पर कहा है कि नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की सेना के खिलाफ ब्रिटिश हुकूमत द्वारा युद्ध के आदेश मिलने, का पालन न करने पर इन्होंने ब्रिटिश हुकूमत की 5 साल की जेल भी काटी थी। चमार रेजीमेंट के एकमात्र जिंदा बचे हवलदार चुन्नीलाल की देहांत पर सूरजभान कटारिया ने कहा कि रविदासी समाज के लिए, समाचार दुखद है। त्रिपुरा के राज्यपाल सत्यदेव नारायण आर्य, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग भारत सरकार के अध्यक्ष विजय सापला आदि शोक व्यक्त किया।

# किसान फलों की खेती कर कमाएं अधिक मुनाफा : डॉ. गोयल



किसानों को जानकारी देते एमएचयू निदेशक डॉ. रमेश गोयल व कार्यशाला में उपस्थितजन।

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

**महाराणा** प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय करनाल के अनुसंधान निदेशालय द्वारा एमएचयू कुलपति प्रो. समर सिंह के निर्देश पर गांव अंजनथली में कृषक आमदनी बढ़ाने के लिए फलों की खेती विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के तौर पर एमएचयू के अनुसंधान निदेशक डॉ. रमेश गोयल ने शिरकत की। कार्यशाला में 50 से अधिक किसानों, महिलाओं ने भाग लिया।

अनुसंधान निदेशक डॉ. रमेश गोयल ने किसानों को फलों की जीवन में महत्वता बताते हुए कहा कि खानपान में फल जरूरी है। क्योंकि फलों में सभी पौष्टिक तत्व पाए जाते हैं, जो शरीर के लिए बेहद जरूरी होते हैं। उन्होंने कहा कि सभी को प्रतिदिन फलों को उचित मात्रा में शामिल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसान फलों की खेती करके अन्य फसलों की बजाए दोगुना मुनाफा कमा सकते हैं, जो उनके जीवन में आर्थिक क्रांति वाला साबित होगा। उन्होंने किसानों से कहा कि एमएचयू की स्थापना भी इसी उद्‌देश्य से की गई है कि किसान बागवानी वि.वि. का फायदा उठाएं।

किसान किस समय फलों की खेती करें, कौन-कौन सी फलों की फसलें लगाई जा सकती हैं, इन सभी जानकारियों के बारे में किसानों को विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों से संपर्क करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार भी फलों के बाग लगाने पर सहायता देती है। जिसका फायदा किसानों को उठाना चाहिए। मौके पर डॉ. सुरेंद्र सिंह, डॉ. बिजेंद्र सिंह, डॉ. विजय और विक्रम सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# इंडसइंड बैंक यमुनानगर, हरियाणा में आयोजित करेगा ग्राहक जागरुकता कार्यशाला

पायनियर समाचार सेवा। यमुनानगर

IndusInd Bank

**इंडसइंड** बैंक ने बुधवार को घोषणा की कि वह लोगों के बीच सुरक्षित बैंकिंग प्रणाली के बारे में जागरुकता पैदा करने के लिए गुरुवार, 24 नवंबर को यमुनानगर, हरियाणा में ग्राहक जागरुकता कार्यशाला आयोजित करेगा। आयोजन स्थल होटल जीएम कॉन्टिनेंटल, वर्कशॉप रोड, यमुनानगर, हरियाणा में मॉडल टाउन होगा और कार्यशाला का समय दोपहर 2.30 बजे से शाम चार बजे के बीच होगा। इस पहल के माध्यम से, बैंक का लक्ष्य राज्य भर के लोगों को सुरक्षित बैंकिंग संबंधी उपायों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना है। साथ ही, उनसे अपनी बैंकिंग संबंधी गोपनीय और अन्य संवेदनशील जानकारी दूसरों के साथ साझा नहीं करने के बारे में आग्रह करना है। यह कार्यशाला चालू नवंबर महीने में हरियाणा के चार जिलों के 27 से अधिक गांवों और शहरों में आयोजित बैंक की ग्राहक जागरुकता कार्यशालाओं का एक हिस्सा है। इन जागरुकता कार्यशालाओं का उद्देश्य ग्राहकों को शिक्षित करके वित्तीय धोखाधड़ी करने वालों के जाल से बचाने के बारे में मदद करना है। साथ ही ग्राहकों को बैंक की कार्यप्रणाली को लेकर ग्राहकों के रूप में अपने अधिकारों के बारे में नागरिकों को शिक्षित करना, शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया आदि के बारे में जानकारी दी जाएगी।

इंडसइंड बैंक के उपभोक्ता बैंकिंग और मार्केटिंग प्रमुख सौमित्र सेन ने इस बारे में जानकारी देते हुए कहा, इंडसइंड बैंक में हम धोखाधड़ी को रोकने के लिए सतर्कता और डिजिटल साक्षरता को अपना सबसे मजबूत बचाव मानते हैं। कम नकदी वाली अर्थव्यवस्था के भारत सरकार के दृष्टिकोण और डिजिटल लेनदेन को अपनाने को बढ़ावा देने के अनुरूप, इन कार्यशालाओं के माध्यम से इंडसइंड बैंक का उद्देश्य देश के नागरिकों के बीच सुरक्षित बैंकिंग के बारे में जागरुकता फैलाना है।

# पांच साल से कम उम्र के बच्चों में फ्लू के कारण अस्पताल में भर्ती होने का खतरा सात गुना ज्यादा रहता है

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



**इंडियन** एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स (आईएपी) और विश्व स्वास्थ्य संगठन ने छह महीने से पांच साल तक की उम्र के बच्चों को हर साल टीका लगवाने का सुझाव दिया है। बच्चों में पूरे साल फ्लू का खतरा रहता है, विशेष रूप से सर्दियों में और मानसून में यह खतरा ज्यादा बढ़ जाता है। टीकाकरण के बाद शरीर में एंटीबॉडी विकसित होने में करीब दो हफ्ते का समय लग जाता है, इसलिए मानसून या सर्दियों का मौसम आने के दो से चार हफ्ते पहले टीका लगवा लेना चाहिए। 5 साल से कम उम्र के बच्चों में न केवल फ्लू के कारण ज्यादा परेशानी होने का खतरा रहता है, बल्कि वे अन्य लोगों को संक्रमित भी कर सकते हैं।

सालाना 4-इन-1 फ्लू टीकाकरण की जरूरत को लेकर वर्द्धमान मेडिकेयर सेंटर, गुरुग्राम के सीनियर कंसल्टेंट पीडियाट्रिशियन, नियोनेटोलॉजिस्ट और एडोलसेंट हेल्थ स्पेशलिस्ट डॉ. एमपी जैन ने कहा, 'पांच साल से कम उम्र के बच्चों को फ्लू से बचाना चाहिए, जो कि एक गंभीर संक्रमण है। फ्लू से बचाने का एक प्रभावी तरीका है सालाना 4-इन-1 फ्लू टीकाकरण। इस टीके को लगवाने का सबसे सही समय सर्दियों से ठीक पहले का है। इस मौसम में फ्लू संक्रमण के ज्यादा मामले सामने आते हैं।'

फ्लू इन्फ्लूएंजा वायरस के कारण होता है और यह नाक, गले व फेफड़े पर असर डालता है। इसके कुछ सामान्य लक्षण हैं खांसी, बुखारी, गले में खराश, थकान, मांसपेशियों में दर्द और सिरदर्द। संक्रमित लोगों के बोलने, छींकने या खांसने से वायरस आसानी से दूसरों में पहुंच सकता है। सांसों के साथ बाहर आने वाले ड्रॉपलेट प्रत्यक्ष तौर पर स्वस्थ लोगों तक पहुंच सकते हैं या किसी सतह पर गिरकर वहां से किसी अन्य को संक्रमित कर सकते हैं, जैसे किसी दरवाजे पर वायरस रह सकते हैं, जिसे कोई स्वस्थ व्यक्ति छूकर वायरस के संपर्क में आ सकता है। ज्यादातर लोग कुछ दिन या हफ्ते में ठीक हो जाते हैं, लेकिन पांच साल से कम उम्र के बच्चे, खासकर दो साल से कम उम्र के बच्चे और जिन बच्चों को पहले से कोई गंभीर बीमारी हो, उनमें फ्लू के कारण बहुत ज्यादा बीमार पड़ने का खतरा रहता है और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ सकता है।

एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड

सूचना

निम्न लिखित ऋणी, सह-ऋणी व गारण्टर को सूचित किया जाता है सरफेसी अधिनियम 2002 के अन्तर्गत आपकी सम्पत्ति को एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक द्वारा विक्रय किया जा रहा है। यदि आप द्वारा नोटिस दिनांक से "7 दिवस" के भीतर बंधक सम्पत्ति में रखा हुआ सामान नहीं हटाया जाता है तो उक्त सामान का बेचान अथवा अन्यत्र किरायाशुदा स्थान पर स्थानान्तरित कर दिया जायेगा। जिसके हर्जे, खर्चे व स्थानान्तरण के दौरान होने वाले नुकसान के लिए आप स्वयं उत्तरदायी होंगे। सामान प्राप्त करने व इस सम्बन्ध में अन्य जानकारी हेतु सम्पर्क सूत्र :- श्री दीपक डोगरा 8288004367 या नजदीकी शाखा में सम्पर्क करें।

| ऋण खाता संख्या | ऋणी /सह-ऋणी/बंधक-कर्ता/जमानतदार का नाम | बंधक सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| खाता संख्या : L9001060719687061 | स्वामी इन्डस्ट्रीज जरिए प्रोपराइटर अनील कुमार (ऋणी), अनील कुमार पुत्र ईश्वर दास (सह-ऋणी), ईश्वर दास पुत्र करतारा राम (सह-ऋणी व बंधककर्ता) | सम्पत्ति स्थित खाता नं. 140/99 तादादी 7-1, 0-2, (2 बिस्वा), गांव तागरा, करणपंव एचवी नं. 141, एमसी, पंचकुला,जोन कालका, जिला पंचकुला, हरियाणा क्षेत्रफल 100 वर्ग गज |

दिनांक- 23-11-2022
स्थान - हरियाणा
S/d प्राधिकृत अधिकारी
एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड

# महोत्सव में 23 राज्यों के कलाकार दिखा रहे अपनी हस्तकला का हुनर

## 600 से ज्यादा शिल्पकार कर रहे हैं यात्रियों को आकर्षित


आकर्षक मुद्रा में कलाकार।


सांस्कृतिक प्रस्तुति देते कलाकार।


आकर्षक मुद्रा में कलाकार।

गुरजोत दुग्गल। कुरुक्षेत्र

**अंतरराष्ट्रीय** गीता महोत्सव के कारण ही धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र को शिल्प और लोक कला केंद्र के रूप में एक अनोखी पहचान मिल रही है। इस गीता स्थली कुरुक्षेत्र की गोद में देश की लगभग सभी राज्यों की लोक कला और संस्कृति समा गई है। इस लोक कला और संस्कृति को देखने के लिए हर वर्ष लाखों की संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक कुरुक्षेत्र पहुंच रहे हैं। इस वर्ष भी अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के मंच पर देश के 23 राज्यों से 600 से ज्यादा शिल्पकार पहुंचे हैं और देश के छह से ज्यादा राज्यों के लोक कलाकार अपने-अपने प्रदेश की संस्कृति की छटा बिखेर रहे थे। इस धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र को शिल्प और लोक कला केंद्र के रूप में पहचान दिलाने का सारा श्रेय मुख्यमंत्री मनोहर लाल को जाता है। धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र के ब्रह्मसरोवर और आसपास के क्षेत्र को देखकर ऐसा लग रहा है मानों भारतवर्ष की संस्कृति व शिल्पकला एक लघु भारत के रूप में ब्रह्मसरोवर पर उमड़ आई हो। गीता महोत्सव में अनेक राज्यों से आए कलाकार अपनी हस्तकला के माध्यम से अपनी कला का हुनर दिखा रहे हैं। शिल्पकारों की कला गीता महोत्सव का आकर्षण का केन्द्र बिन्दु बने हुए हैं। मेले को लगे हुए अभी पांचवां दिन ही हुआ है। लगातार दर्शकों की संख्या में इजाफा हो रहा है। पर्यटकों को ब्रह्मसरोवर के घाटों पर जम्मू और कश्मीर, हिमाचल, पंजाब, राजस्थान, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल सहित दक्षिण भारत के राज्यों की संस्कृति व शिल्पकारी की प्रस्तुतियां दी जा रही है। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि सरकार और प्रशासन की तरफ से कलाकारों व शिल्पकारों के लिए तमाम व्यवस्था की गई है, प्रशासन का प्रयास है कि प्रत्येक कलाकार को सरकार के नियमानुसार तमाम सुविधाएं मिल सके।

माटी कला की प्रदर्शनी पर्यटकों का मन मोह रही है

माटी से नए तरीके से वस्तुओं को बनाकर अपनी कला का प्रदर्शन करने वाले संदीप बता रहे हैं, वह स्नातक पास है और यह उनका पुश्तैनी काम है। वह कहते है कि इस काम में उनके परिवार ने अलग ही आयाम हासिल किया है। उनके परिवार के अलग-अलग सदस्यों ने इसमें राष्ट्रीय, राज्य स्तरीय व अन्य पुरस्कार अपने नाम किए है। वहीं संदीप कुमार बताते हैं, कि उनके पिता शोभा राम को आईफा ने डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान की है। तो उनके फूफा हरि कृष्ण को पद्मश्री मिला है। सरकार ने भी हमारी कला को देखते हुए माटी कला बोर्ड के माध्यम से हमें सहायता प्रदान कर रही है।


ऐतिहासिक ब्रह्मसरोवर का आकर्षक दृश्य।

### मध्य प्रदेश की भील कला के बारे में जान रहे ब्रह्मसरोवर आए यात्री

**ब्रह्मसरोवर** में मेला शुरू होते ही अनेक कलाओं का प्रदर्शन शुरू हो गया है। उनमें से एक कला भील कला भी जिसके बारे में मेले में पहुंचने वाले यात्रियों को नही है, परंतु यहां पहुंचने के बाद पर्यटक भील कला से अवगत हो रहे हैं। इस कला की प्रदर्शनी लगाने वाले सुभाष कटारा बताते है कि यह कला मध्य प्रदेश में आम तौर पर घरों में विवाह शादी में दीवारों पर कपड़ों करते थे। अब यह धीरे-धीरे लुप्त होती जा रही है। वह बताता है कि वह आठ साल से अलग-अलग मेलों में अपनी कला का प्रदर्शन करके रोजी रोटी चला रहा है। लोग काफी पसंद कर रहे हैं। आप को बता दे भील कला कैनवास के कपड़े व दीवारों पर बिंदुओं के माध्यम से मनाई जाने वाली चित्रकारी है। वही सुभाष बता रहा है कि उसकी स्टाल पर 500 से लेकर 20000 तक की पेंटिंग है। यह शिल्पकला ब्रह्मसरोवर के उत्तरी तट पर स्टॉल नंबर 117 पर देखी जा सकती है।

### लकड़ी को तराश कर तैयार किए बेहद उम्दा श्री राम मंदिर व गोल्डन टेम्पल के स्वरूप



**सेल्फ** हेल्प ग्रुप के शिल्पकार बेजुबान लकड़ी को तराशकर एक ऐसा स्वरूप दे रहे है। इस स्वरूप को देखकर हर कोई आश्चर्यचकित हो रहा है। इस शिल्पकला को पहली बार अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में एक विशेष मंच दिया गया है। इस मंच पर शिल्पकारों ने अयोध्या में बनने वाले श्री राम मंदिर, अमृतसर के गोल्डन टेम्पल और भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन-रथ के लकड़ी से तराशकर हूबहू स्वरूप तैयार किए है। इस शिल्पकला की चारों तरफ खूब प्रशंसा की जा रही है। अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2022 में अयोध्या में बनने वाला श्री राम मंदिर कैसा होगा, देखे तस्वीर हूबहू, ऐसे ही बन रहा है श्री राम मंदिर। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के दौरान श्री राम मंदिर के स्टाल पर इसे देखने वालों की भारी भीड़ लगी है। हरियाणा के जिला कैथल के रहने वाले दीपक जांगड़ा ने बताया की अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के उनके स्टाल पर ज्यादातर लोगों को भीड़ सिर्फ श्री राम मंदिर को खरीदने वालों की है।

### शिव के भजनों का करते हैं गुणगान

**जंगम** जोगी कलाकार कृष्ण ने बताया कि वे भगवान शिव की स्तुति करते हैं। इसमें उनकी कथा सुनाई जाती है, जिसमें शिव विवाह से लेकर उनके अमरनाथ तक जाने की पूरी कहानी गीतो के माध्यम से प्रस्तुत होती है। कृष्ण ने बताया कि इन गीतों और भजनों को सीखने के लिए कई-कई महीने निरंतर अभ्यास किया जाता है।

### 75 हजार से ज्यादा छात्र-छात्राएं ऑनलाइन करेंगे अष्टादश श्लोकी गीता पाठ

**उपायुक्त** शांतनु शर्मा ने कहा कि प्रदेश के 22 जिलों व 119 खंडों के 75 हजार से ज्यादा छात्र-छात्राएं और शिक्षकगण आनलाईन प्रणाली के जरिए वैश्विक गीता पाठ के साथ कुरुक्षेत्र से जुड़ेंगे। इस वैश्विक गीता पाठ के साथ जुड़कर अष्ठद्वादश श्लोकों का उच्चारण करेंगे। इस उच्चारण से पूरे प्रदेश का वातावरण गीतामय हो जाएगा और पूरे प्रदेश की युवा पीढ़ी में एक सकारात्मक उर्जा सोच और ऊर्जा का सजृन होगा। प्रदेश के 75 हजार से अधिक छात्र 4 दिसंबर को दोपहर 12 बजे इस वैश्विक गीता पाठ में भाग लेंगे। गौरतलब है कोरोना काल में विद्यार्थियों को एक स्थान पर एकत्र करने की बजाए गत वर्ष ऑनलाइन माध्यम से सामूहिक गीता पाठ करवाया गया था।



### जंगम जोगी परंपरा को जिंदा रख रहे युवा कलाकार

**युवा** पीढ़ी अगर परंपरा को जिंदा रखने के लिए आगे आए तो यह गौरव की बात है। ऐसा ही उदाहरण अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में कालका से पहुंची जंगम जोगी की पार्टी पेश कर रही है। इस पार्टी में शामिल छह कलाकारों में से तीन युवा कलाकार है, जो पेशे से पेंटर हैं लेकिन अपनी पुश्तैनी परंपरा को जिंदा रखने के लिए जंगम जोगी के भजन गुनगुना रहे हैं। इन सभी जंगम जोगी कलाकारों ने हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल का धन्यवाद किया कि अंतरराष्ट्रीय गीता जैसे महोत्सव आयोजित किए जा रहे हैं, जिससे उन जैसे कलाकारों को एक मंच मिल रहा है। कालका से जंगम जोगी की पार्टी लेकर कुरुक्षेत्र आए कृष्ण कुमार का कहना है कि आज के युवा पढ़ाई-लिखाई करने के बाद नौकरी या अपना काम शुरू कर देते हैं। चुनिंदा ही ऐसे होते हैं, जो अपनी पुश्तैनी परंपरा को बनाए रखने के लिए प्रयास करते हैं और जंगम जोगी के भजन गाना शुरू करते हैं। इन्हीं में से 22 वर्षीय मनीष, 24 वर्षीय अभिषेक और 26 वर्षीय अरूण जो जंगम जोगी हैं। कृष्ण कुमार ने बताया कि तीनों कलाकार रोजी रोटी चलाने के लिए तो पेंटर हैं लेकिन उन्होंने जंगम जोगी की परंपरा को भी अपनाया।



## संक्षिप्त-समाचार

### दुष्यंत चौटाला के काफिले की गाड़ियां क्रॉसिंग में टकराईं



**कुरुक्षेत्र/पिहोवा।** अंबाला हिसार हाइवे पर गांव भेरियां के निकट डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के काफिले की क्रॉसिंग में तैनात पायलट गाड़ियां आपस में टकरा गईं। हादसे में पुलिस कर्मचारियों को मामूली चोटें आई हैं। बता दें कि दुष्यंत चौटाला चंडीगढ़ से उचाना की तरफ जाने के लिए निकले थे। इस दौरान लोकल पुलिस की गाड़ी उनके काफिले में आगे चल रही थी कि अचानक गांव भेरिया के निकट हाइवे पर गोवंश गाड़ियों के सामने आ गया। जैसे ही चालक ने ब्रेक लगाई तो पीछे आ रही पुलिस की गाड़ी से टकरा गई। हादसे के बाद डिप्टी सीएम का काफिला कुछ देर रुक कर रवाना हो गया। हादसे में पुलिस कर्मियों को मामूली चोटें आई हैं। हाईवे पर बैठे गोवंश के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं, लेकिन प्रशासन इस तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

### पोस्टर मेकिंग में मुस्कान व निबंध प्रतियोगिता में आदर्श रहे प्रथम



**कुरुक्षेत्र।** चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा राजकीय विद्यालय लुखी में फसल अवशेष प्रबंधन विषय पर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान पोस्टर मेकिंग व निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित हुई और बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में 10वीं कक्षा की मुस्कान ने प्रथम स्थान हासिल किया जबकि नैंसी ने तृतीय व 11वीं कक्षा की तनू ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं निबंध लेखन प्रतियोगिता में आठवीं के आदर्श ने प्रथम, 11वीं की प्राची ने द्वितीय व नौवीं की पायल ने तृतीय स्थान हासिल किया। केविके की वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. सरिता ने कहा कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चों को फसल अवशेष प्रबंधन के बारे में जानकारी देना है। ताकि बच्चे अपने परिवार के सदस्यों व आस-पास के लोगों को पराली न जलाने के बारे में जागरूक कर सकें। उन्होंने बच्चों को कहा कि विद्यालय में जो भी प्रतियोगिता का आयोजन हो, सभी बच्चों को प्रतियोगिताओं में भाग लेना चाहिए। डॉ. ममता ने बच्चों को फसल अवशेष जलाने से होने वाले नुकसान के बारे में विस्तार से बताया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार ने भी बच्चों को प्रतियोगिताओं में भाग लेने के बारे जागरूक किया।

### बेकार पड़े समान से बना दी कलाकृति



**कुरुक्षेत्र।** आविष्कार हो या कला उसके लिए सिर्फ एक आइडिया होना चाहिए फिर सब कुछ संभव है ऐसे ही नजारा कुरुक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती में महिला एवं बाल विकास विभाग के स्टाल संख्या 550 पर देखने को मिल रहा है। किसी ने कागज की गुड़िया बनाई किसी ने दीये रंगीन किये तो किसी ने डिपोसल कप का झूमर बना दिया। महिला एवं बाल विकास विभाग हरियाणा की और से बाल देख रेख संस्थानों के बच्चों की बनाई कला कृतियां किसी पेशेवर कला से कम नहीं है। हर कला कृति में बच्चों ने मेहनत के साथ एक आइडिया प्रयोग किया है। बच्चों ने बेहद कम लागत से वस्तुओं को बनाया है और उसकी बिक्री की कीमत भी बेहद कम रखी है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी इंदु शर्मा और कार्यवाहक जिला बाल संरक्षण अधिकारी रंजन शर्मा ने बताया कि प्रदर्शनी के माध्यम से बच्चों के हुनर को महिला एवं बाल विकास विभाग की निदेशक और संयुक्त निदेशक की देखरेख में प्रदर्शनी के माध्यम से प्रदर्शित करने का प्रयास किया गया है जिसे लोगों की सराहना मिल रही है। बच्चों की प्रदर्शनी में कागज अखबार गत्ता वेस्ट सामान से बनाई वस्तुएं लगाई गयी है जो घरेलू उपयोग की जा सकती है। अखबार का इस्तेमाल कर एक सुन्दर गुड़िया, बुलेट मोटर साईकल, शगुन के लिफाफे, डिपोसलकप से झूमर बनाया गया है जिसमे रंगबिरंगी लाइटें शाम के समय रोशनी करती है बच्चों इन सभी में मेहनत और आइडिया प्रयोग करते हुए कलाकृतियों को बनाया है। इसमें उनकी प्रतिभा झलकती है विज्ञानं और प्रयोग के युग में बाल देख रेख संस्थानों में आश्रित बच्चों ने भविष्य की प्रतियोगिता के दौर के लिए खुद को परिपक्क किया है।

## सर्दियां शुरू, प्रशासन नहीं ले रहा रैन बसेरों की सुध

### भाजपा नेता राजीव जैन ने रैन बसेरों का किया औचक निरीक्षण

रणबीर सिंह रोहिल्ला। सोनीपत

**सर्दियों** के मौसम की शुरुआत हो चुकी है। रात का तापमान भी 11-12 डिग्री के आसपास पहुंच गया है। ऐसे में रात के समय बेसहारा व जरूरतमंद लोगों को सोने के लिए छत की आवश्यकता होती है। अब तक जरूरतमंद लोगों के लिए ये रैन बसेरे सुचारु रूप शुरू होकर चलने चाहिए थे, मगर प्रशासन इनकी कोई सुध नहीं ले रहा है। मंगलवार रात भाजपा नेता राजीव जैन ने रैन बसेरों का किया औचक निरीक्षण किया। कई जगहों पर उन्हें रैन बसेरों पर ताला लटका मिला, बिजली-पानी, दरी, गद्दे जैसे मूलभूत सुविधाएं भी नदारद मिली।

भाजपा नेता राजीव जैन ने सबसे पहले नगर निगम कार्यालय के अंदर रखे रैन बसेरे का निरीक्षण किया तो बदहाल अवस्था में मिला। उन्होंने जब उसको खोलकर देखा तो उसमें र्द्दी के बोरे रखे हुए थे। उसके बाद रेलवे स्टेशन मालगोदम के पास रखे अस्थाई रेन बसेरे में लाइट भी नहीं थी, खिड़कियां भी टूटी हुई थीं। वहां दो आदमी सो रहे थे, पूछने पर उन्होंने बताया कि यहां न तो गद्दे हैं और न ही कंबल है। इसके बाद उन्होंने स्थाई तौर पर बने शनि मंदिर रैन बसेरा का दौरा किया तो वहां ताला बंद मिला।



बाहर एक आदमी खड़ा हुआ था, उसने बताया कि उसके कपड़े भी अंदर है और वह पिछले घंटे भर से बाहर ठंड में खड़ा हुआ है। यहां गर्म पानी के लिए सोलर प्लांट लगाया था जो कि दो साल से खराब पड़ा हुआ है। वहीं पीने के पानी के लिए लगाया गया आरओ भी खराब है। इसके बाद उन्होंने मुरथल फ्लाईओवर के नीचे बना हुआ अस्थाई रैन बसेरा का दौरा किया तो वो भी साइड में रखा हुआ था। पता चला कि रोड़ी व डस्ट बेचने वालों ने उसमें अपनी टेबल, कुर्सियां रखकर अपना ऑफिस बना रखा था। राजीव जैन ने सबसे बाद में बहालगढ़ फ्लाईओवर के नीचे बनाए अस्थाई रैन बसेरा का दौरा किया तो वहां भी ताला बंद मिला।

## भाषण प्रतियोगिता में प्रथम रही सिमरन को किया सम्मानित



**कुरुक्षेत्र।** श्री कृष्णा विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दयाल नगर में गुरु तेग बहादुर महाराज का शहीदी दिवस बड़े सम्मान और श्रद्धा से मनाया गया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने श्री जपुजी साहिब का पाठ करके कार्यक्रम की शुरुआत की। विद्यार्थियों द्वारा गुरबाणी शब्द-कीर्तन किया गया। विद्यार्थियों ने श्रीगुरु तेग बहादुर साहिब के उपदेशों और शिक्षाओं को भाषण के माध्यम से प्रस्तुत किया।

बहन सिमरन ने हिन्द की चादर श्रीगुरु तेग बहादुर साहिब विषय पर अपनी प्रस्तुति दी। प्राचार्य प्रतिभा पुरी ने सिख कौम को वीरता और शहादत की मिसाल बताया। प्रबन्धक मदन गोपाल ने बच्चों को गुरु साहिबान की शिक्षाओं पर चलने और नाम सिमरन के लिए प्रेरित किया। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर रही सिमरन को सम्मानित किया।

स्कूल के शैक्षिक निर्देशक पंकज शर्मा द्वारा गुरु साहिब की शहादत से छात्रों को शिक्षा लेने, शारीरिक बल बढ़ाने, चरित्र निर्माण एवं दुखियों की सेवा करने का आह्वान किया। गुरु चरणों में अरदास के पश्चात कार्यक्रम का समापन हुआ। इस दौरान स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी मौजूद रहे।

## ओल्ड करंसी, डाक टिकट फोटो प्रदर्शनी का शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**विश्व** धरोहर सप्ताह के तहत स्वर्णप्रस्थ संग्रहालय सोनीपत में आयोजित हो रहे कार्यक्रम में पांचवे दिन बुधवार को बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए उपायुक्त एवं ब्यूटीफिकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष ललित सिवाच ने 140 वर्ष पहले चलन में रहे चांदी के सिक्कों और 100 वर्ष पुरानी डाक टिकटों से संबंधित फोटो प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस मौके पर ब्यूटीफिकेशन सोसाइटी के सदस्य सचिव राजेश खत्री ने उनका स्वागत किया और एक स्मृति चिह्न के अतिरिक्त देश के प्रमुख संग्रहालय से संबंधित पुस्तक सौंपने के बाद संग्रहालय से संबंधित जानकारी दी।

मौके पर उपायुक्त ललित सिवाच ने सदस्य सचिव राजेश खत्री को निर्देश दिए कि वह यहां हो रहे विकास कार्यों पर निगरानी रखें और खास तौर से यहां निर्माण में होने वाली निर्माण सामग्री की गुणवत्ता अच्छी क्वालिटी की होनी चाहिए और जो संग्रहालय में वस्तु सजाने का कार्य पहले से ही चल रहा है, उस कार्य में तेजी लाते हुए जल्द वस्तुएं स्थापित कार्य करने का कार्य पूर्ण होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह संग्रहालय वास्तव में है देश दुनिया से पहुंचने वाले पर्यटकों को प्राचीन इतिहास की जानकारी उपलब्ध हो रही है। यहां पर आने वाला पर्यटक संग्रहालय में सजाई गई सभी ओरिजिनल वस्तुओं को देख सकेगा। डिप्टी कमिश्नर ने खासतौर से संग्रहालय को नि:शुल्क वस्तुएं देने वाले लोगों का भी धन्यवाद किया और कहा कि उन्होंने अपनी धरोहरों को संग्रहालय को देखकर एक अच्छा कार्य किया है। अब यहां यह सब वस्तुएं संरक्षित रहेगी, जिसका आने वाली पीढ़ियों को भी ज्ञान होगा। उन्होंने स्कूल संचालकों से आह्वान किया कि विद्यार्थियों को इतिहास से संबंधित जानकारी उपलब्ध करवाने के लिए उन्हें यहां पर जरूर लाना चाहिए।



## सीपीएचआई और पी-मेक इंडिया एक्सपो 2030 तक भारत के 10.5 लाख करोड़ रुपये के फार्मा बाजार की ओर अग्रसर होने के लिए किफायती समाधानों को प्रोत्साहित करेगा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**इन्फोर्मा** मार्केट्स इन इंडिया एक बार फिर से दक्षिण एशिया के सबसे बड़े फार्मा इवेंट - सीपीएचआई और पी-मेक इंडिया (ष्टक्कद्धढ्ढ × क्क-रूध्वष्ट ढ्ढठ्ठस्र्द्बड्ड) एक्सपो के 15वें संस्करण के साथ एक विकसित हाइब्रिड प्रारूप में वापस आ गया है, जो 29 नवंबर से एक दिसंबर तक इंडिया एक्सपो सेंटर, ग्रेटर नोएडा, दिल्ली-एनसीआर में आयोजित किया जाएगा। आधुनिकीकरण को अपनाते हुए सीपीएचआई और पी-मेक इंडिया भारत की फार्मा मशीनरी, प्रौद्योगिकी और सामग्री उद्योगों में उन्नति को सुविधाजनक बनाने के लिए महत्वपूर्ण आधुनिक तकनीकों को प्रदर्शित करने के लिए प्लेटफॉर्म तैयार करता है। भारतीय फार्मास्युटिकल उद्योग 12त्न सीएजीआर से बढ़ने और 2030 तक 130 बिलियन डॉलर (ढ्ढहृक्र 10.5 लाख करोड़) तक पहुंचने के लिए तैयार है। यह शो इंडिया फार्मा वीक का एक हिस्सा होगा, जो फार्मा समुदाय में उपस्थित लोगों की हर जरूरत को पूरा करने वाला एक प्रमुख उत्सव है। यह एक्सपो एक बार फिर पारिस्थितिकी तंत्र को ज्ञान, प्रौद्योगिकी और बाजार के अवसरों से जोड़ने के लिए एक बाजार के रूप में काम करेगा। सीपीएचआई और पी-मेक इंडिया में तीन दिनों में 1500 से अधिक प्रदर्शकों, 40,000 से अधिक आगंतुकों और 80 से अधिक देशों के प्रतिनिधित्व की उम्मीद है। यह शो सीधे उच्च वरिष्ठ फार्मा अधिकारियों, खरीदारों, खरीद प्रबंधकों, अनुबंध निर्माताओं, अस्पताल प्रशासन, और राष्ट्रीय और राज्य नियामक बोर्डों, और नीति निर्माताओं के साथ-साथ व्यापार करने और भारत में घरेलू व्यापार और आर्थिक अनिश्चितताओं का मुकाबला करने के लिए समाधान-संचालित नवाचारों पर पहुंचने के लिए सीधी पहुंच प्रदान करता है।

## इटली जाने की चाहत में गंवाई जान, चार महीने बाद गुरविंदर का शव आया घर

### गृहमंत्री अनिल विज ने दिया आश्वासन वीरवार शाम तक गिरफ्तार होंगे सभी आरोपी

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र /शाहाबाद

**करीब** चार महीने पहले इटली जाने के लिए एजेंट के साथ शाहाबाद से निकले गुरविंदर सिंह का शव बुधवार को शाहाबाद पहुंचा है। शाहाबाद पहुंचने के बाद परिवार के सदस्य शव गाड़ी में रख कर गृह मंत्री अनिल विज के निवास अम्बाला पहुंचे।

परिवार का आरोप था कि पुलिस प्रशासन कार्रवाई नहीं कर रहा है क्योंकि सभी आरोपियों को अभी तक गिरफ्तार ही नहीं किया। इस कारण परिवार अनिल विज से मिलने के लिए गया, लेकिन तीन पारिवारिक सदस्यों को अनिल विज से मिलने दिया। गृह मंत्री ने आश्वासन दिया कि वीरवार शाम तक सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। आश्वासन के बाद गुरविंदर के शव को शाहाबाद लाया गया और उसका अंतिम संस्कार किया। संजीव कुमार पुत्र गुरदेव सिंह निवासी गांव शांति नगर कुरड़ी, हाल निवासी माजरी मोहल्ला, शाहाबाद ने बताया कि गुरविंदर उसका छोटा भाई था। आज गृह मंत्री अनिल विज से मिलने के


मृतक गुरविंदर का फाइल

बाद उन्होंने पुलिस से गुरविंदर का पोस्टमार्टम के लिए आग्रह किया था, मगर पुलिस ने पोस्टमार्टम किए बिना जबरदस्ती शव का अंतिम संस्कार करा दिया है। संजीव ने बताया कि आज से कुछ दिन पहले तक भी आरोपी एजेंटों का दावा था कि गुरविंदर को विदेश में पुलिस ने हिरासत में ले लिया है और वह जिंदा है, जबकि जम्बोलिया (रोमानिया) में रहने वाले भारतीयों ने परिवार को एक फोटो भेज कर 24 जुलाई को यह बता दिया था कि रोमानिया के गांव सेनाई में गुरविंदर का शव पुलिस को मिला है।

### इन्होंने की शव भारत लाने में मदद

संजीव ने बताया कि उसके भाई का शव भारत लाने में इंडियन एम्बेसी के साथ-साथ एनआरआई विंग होलेंड के प्रेसिडेंट जितेंद्र सिंह औजला और रोमानिया में पीआर जालंधर के हरदीप सिंह ने उनकी मदद की है। संजीव ने बताया कि शव लाने में अधिकतम खर्च भी इंडियन एम्बेसी और इन्ही दो लोगो ने किया है।

### दो आरोपी गिरफ्तार हो चुके, एक है फरार

डीएसपी रणधीर सिंह ने बताया कि परिवार से मिली शिकायत के बाद पांच अक्टूबर को ही मामला दर्ज कर लिया गया था और तभी प्रिंस पुत्र वीर सिंह और बिट्टू पुत्र नछत्तर पाल निवासी गांव इस्माइलपुर (कुरुक्षेत्र) को गिरफ्तार कर लिया था। उन्होंने बताया कि एक और आरोपी बलकार सिंह पुत्र गरीब सिंह निवासीगण गांव गौरसिया (अम्बाला) अभी फरार है, जिसे जल्दी ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# भाजपा पहले डर फैलाती है, फिर इसे हिंसा में बदल देती है : राहुल

एजेंसी। बोदरली

**कांग्रेस** के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बुधवार सुबह मध्य प्रदेश में भारत जोड़ो यात्रा की शुरुआत करते हुए सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा युवाओं, किसानों और मजदूरों के दिलों में पहले डर फैलाती है और फिर इसे हिंसा में बदल देती है।

राहुल की अगुवाई वाली भारत जोड़ो यात्रा महाराष्ट्र से गुजरने के बाद दक्षिण का द्वार कहे जाने वाले बुरहानपुर जिले के बोदरली गांव से मध्य प्रदेश में तय कार्यक्रम से एक घंटे की देरी से दाखिल हुई। राहुल ने गांव के सभास्थल पर महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश की कांग्रेस इकाइयों के बीच तिरंगे का हस्तांतरण कराने के बाद मध्य प्रदेश में 12 दिवसीय यात्रा की औपचारिक शुरुआत की। इस मौके पर महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले, मध्य प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष कमलनाथ, पूर्व केंद्रीय मंत्री दिग्विजय सिंह और पार्टी के कई अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

राहुल ने सभा में कहा कि उनकी यात्रा देश में फैलाई जा रही नफरत, हिंसा और डर के खिलाफ है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने केंद्र सरकार को बेरोजगारी और महंगाई के मुद्दों पर घेरा। उन्होंने कहा, भाजपा सबसे पहले युवाओं, किसानों और मजदूरों के दिलों में डर फैलाती है और जब यह डर अच्छी तरह से फैल जाता है तो वह इसे हिंसा में बदल देती है। राहुल ने भाजपा को एक तरह से चुनौती देते हुए कहा, हमने कन्याकुमारी से हाथ में तिरंगा लेकर भारत जोड़ो यात्रा शुरू की थी। इस तिरंगे को श्रीनगर पहुंचने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने दावा किया कि देश का उद्योग जगत, हवाई अड्डे और बंदरगाह केवल तीन-चार उद्योगपतियों के हाथों में हैं और अब रेलवे भी उनके हाथों में जाने वाला है। राहुल ने कहा, यह अन्याय का हिंदुस्तान है। ऐसा हिंदुस्तान हमें नहीं चाहिए। गरीबों को न्याय चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि महंगे पेट्रोल और रसोई गैस के लिए आम आदमी की जेब से निकलने वाला धन इन्हीं तीन-चार उद्योगपतियों की जेब में जा रहा है। राहुल ने रुद्र नाम के पांच वर्षीय बच्चे को अपनी सभा के मंच पर बुलाया, जिसने कहा कि वह बड़ा होकर डॉक्टर बनना चाहता है।

पूर्व अध्यक्ष ने सरकार पर शिक्षा के निजीकरण का आरोप लगाते हुए कहा, आज के हिंदुस्तान में रुद्र का डॉक्टर बनने का सपना पूरा नहीं हो सकता, क्योंकि निजी चिकित्सा महाविद्यालय में पढ़ाई के लिए उसके माता-पिता को करोड़ों रुपये की फीस देनी होगी।



### चार दिसंबर को राजस्थान में दाखिल होगी यात्रा

**राहुल** की अगुवाई वाली यह पदयात्रा चार दिसंबर को राजस्थान में दाखिल होने से पहले 12 दिन के भीतर पश्चिमी मध्य प्रदेश के मालवा-निमाड़ अंचल से गुजरेगी। गौरतलब है कि इस किसान बहुल इलाके में वर्ष 2018 के विधानसभा चुनावों के दौरान कांग्रेस ने भाजपा पर अहम बढ़त हासिल की थी और राज्य में कमलनाथ की अगुवाई में पार्टी की सरकार बनी थी। हालांकि, ज्योतिरादित्य सिंधिया की सरपरस्ती में कांग्रेस के 22 बागी विधायकों के विधानसभा से त्यागपत्र देकर भाजपा में शामिल होने के कारण तत्कालीन कमलनाथ सरकार का 20 मार्च 2020 को पतन हो गया था।

### यात्रा के जरिए हम वोट मांगने नहीं निकले : दिग्विजय

**भारत** जोड़ो यात्रा को चुनावी गणित से दूर बताते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने बुधवार को कहा कि कन्याकुमारी से शुरू होकर कश्मीर में खत्म होने वाली 3,570 किलोमीटर लम्बी पदयात्रा के जरिए पार्टी वोट मांगने नहीं निकली है। सिंह, इस यात्रा की आयोजन समिति के प्रमुख हैं। यात्रा के मध्य प्रदेश में दाखिल होने के बाद बुरहानपुर में इसके विश्राम के दौरान उन्होंने संवाददाताओं से कहा, हम इस यात्रा के जरिए वोट मांगने नहीं निकले हैं। कुछ चीजें ऐसी होती हैं जो चुनाव से नहीं जोड़ी जा सकतीं।

### रमेश ने कहा, सावरकर से जुड़ा अध्याय समाप्त हो चुका है

**बुरहानपुर (मप्र)।** हिंदुत्व विचारक वीडी सावरकर पर राहुल गांधी की टिप्पणी को लेकर मचे बवाल के बाद वरिष्ठ कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने बुधवार को कहा कि इस मसले से जुड़ा अध्याय समाप्त हो चुका है। रमेश, गांधी की अगुवाई वाली भारत जोड़ो यात्रा के मध्यप्रदेश में दाखिल होने के बाद बुरहानपुर में इसके विश्राम के दौरान संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। रमेश, कांग्रेस के संचार, प्रचार और मीडिया विभाग के प्रभारी महासचिव हैं।

## अगले साल सीओपी-28 में 140 राष्ट्राध्यक्ष, 80 हजार प्रतिनिधि लेंगे भाग


**दुबई।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में अगले साल होने वाले सीओपी-28 में 140 से अधिक राष्ट्रों के प्रमुख एवं नेता और 80 हजार से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे। उन्नत प्रौद्योगिकी मंत्री और जलवायु परिवर्तन के लिए विशेष दूत सुलतान अहमद अल जाबेर ने यह जानकारी दी।

अल जाबेर ने यूएई के पक्षकारों के सम्मेलन (सीओपी) की मेजबानी करने की महत्ता को रेखांकित किया और कहा कि सीओपी-28 एक महत्वपूर्ण वैश्विक समारोह होगा, जो देश के राष्ट्रीय दिवस पर दुबई में आयोजित किया जाएगा। सीओपी-28 का आयोजन 2023 में यूएई में किया जाएगा। इस दौरान 140 से अधिक राष्ट्राध्यक्ष एवं नेता, 80,000 से अधिक प्रतिनिधि और 5,000 से अधिक मीडिया पेशेवर भी भाग लेंगे। यूएई के दृढ़ संकल्प, विश्व के अन्य देशों के साथ इसके मजबूत राजनयिक संबंध एवं जलवायु कार्रवाई पर इसकी व्यावहारिक स्थिति और ऊर्जा क्षेत्रों में उसके अनुभवों के कारण देश को 2023 में सीओपी-28 की मेजबानी करने के लिए 2021 में अंतरराष्ट्रीय आम सहमति मिली।

# कांग्रेस की यात्रा में मेधा पाटकर की मौजूदगी गुजरात का अपमान: शाह

### गृहमंत्री ने जसदान शहर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा

एजेंसी। अहमदाबाद



**केंद्रीय** गृह मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद अमित शाह ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में नर्मदा विरोधी कार्यकर्ता मेधा पाटकर का शामिल होना विपक्षी दल द्वारा गुजरात के लोगों का सबसे बड़ा अपमान है।

शाह ने अगले महीने होने वाले गुजरात विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा उम्मीदवार कुंवरजी बावलिया के समर्थन में राजकोट जिले के जसदान शहर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, मुकदमेबाजी के जरिए नर्मदा बांध परियोजना को रोकने वाली मेधा पाटकर अब कांग्रेस के नेता राहुल गांधी के साथ चल रही हैं। पार्टी को जनता को जवाब होगा। यह गुजरात के लोगों के घावों पर नमक छिड़कने जैसा है। गुजरात में विधानसभा चुनाव के लिए दो चरणों में मतदान होगा। पहले चरण में एक दिसंबर को जसदान और 88 अन्य सीटों पर मतदान होगा।

भारत जोड़ो यात्रा के आधिकारिक हैंडल के जरिए गांधी के साथ पाटकर की एक तस्वीर ट्वीट की गई थी और साथ ही शीर्षक में लिखा गया था, जब आप समाज के लिए कुछ करते हैं, तो समाज की भलाई में शामिल लोग खुद आपके साथ जुड़ जाते हैं... सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुईं। शाह ने कहा, राहुल गांधी ने एक ऐसे व्यक्ति को साथ लेने का फैसला किया जिसने गुजरात को नर्मदा के पानी से 20 साल तक वंचित रखा था। यह विपक्षी दल द्वारा गुजरात का सबसे बड़ा अपमान है। उन्होंने उत्तर पूर्वी मुंबई निर्वाचन क्षेत्र से 2014 के लोकसभा चुनाव में पाटकर को टिकट देने के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के नेता अरविंद केजरीवाल को भी आड़े हाथ लिया। शाह ने रैली में कहा, लेकिन, वह (केजरीवाल) होशियार हैं।

वह समझते हैं कि चुनाव से पहले उन्हें गुजरात लाने का यह सही समय नहीं है। लेकिन उन्होंने आप नेताओं से उन्हें टिकट देने का कारण पूछा। उन्होंने गुजरात के राजकोट क्षेत्र में पानी की कमी को समाप्त करने के लिए भाजपा सरकार को श्रेय दिया और कांग्रेस पर सरदार सरोवर बांध परियोजना में विलंब करने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया, सरदार सरोवर बांध की आधारशिला भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने मेरे जन्म से एक साल पहले 1963 में रखी थी।

# मैनपुरी उपचुनाव में हार के डर से प्रचार में जुटा पूरा सैफई परिवार : भाजपा

### मैनपुरी लोकसभा सीट मुलायम सिंह के निधन के बाद से खाली है

एजेंसी। मैनपुरी (उप्र)

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के विधान परिषद के सदस्य और मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव के प्रभारी अश्वनी त्यागी ने समाजवादी पार्टी (सपा) के संस्थापक मुलायम सिंह यादव के परिवार पर तंज कसते हुए बुधवार को दावा किया कि हार के डर से पूरे सैफई परिवार को मतदाताओं के दरवाजे पर दस्तक देनी पड़ रही है।



प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह के साथ मैनपुरी में उपचुनाव की निगरानी कर रहे प्रदेश भाजपा महासचिव त्यागी ने कहा कि इतिहास में ऐसा पहली बार हो रहा है जब पूरा सैफई परिवार किसी चुनाव में एक दरवाजे से दूसरे दरवाजे तक घूम रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसा इसलिए है कि उसे उपचुनाव में भाजपा के हाथों पराजय का डर सता रहा है। मैनपुरी लोकसभा सीट सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के निधन की वजह से रिक्त हुई है। इस सीट के लिए उपचुनाव के लिए आगामी पांच दिसंबर को मतदान होगा। सपा ने उपचुनाव में मुलायम की बहू और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव की पत्नी डिम्पल यादव को उम्मीदवार बनाया है। वहीं, भाजपा ने रघुराज शाक्य को प्रत्याशी बनाया है। मैनपुरी सीट सपा का गढ़ है।

इटावा स्थित मुलायम का पुश्तैनी गांव सैफई मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र का ही हिस्सा है। गौरतलब है कि मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव के प्रचार के दौरान मुलायम सिंह यादव का पूरा परिवार एकजुट नजर आ रहा है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और उनके चाचा शिवपाल सिंह यादव एक साथ चुनावी रैलियां कर रहे हैं।

## आफताब का आज हो सकता है नार्को टेस्ट

**नई दिल्ली।** अपनी लिव-इन पार्टनर श्रद्धा वालकर की हत्या के आरोपी आफताब अमीन पूनावाला का नार्को टेस्ट बृहस्पतिवार को होने की संभावना है। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

पूनावाला (28) को उसके भावनात्मक, शारीरिक और मनोवैज्ञानिक स्वास्थ्य का पता लगाने के लिए कई परीक्षणों से गुजरना होगा। यदि प्रारंभिक जांच में उसे ठीक नहीं पाया जाता है तो नार्को विश्लेषण नहीं किया जा सकता है। पूनावाला को मंगलवार को फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) में पॉलीग्राफ टेस्ट, जिसे लाई डिटेक्टर टेस्ट के रूप में भी जाना जाता है, से गुजरना पड़ा था। आफताब को 12 नवंबर को दिल्ली पुलिस ने दक्षिणी दिल्ली के महरौली इलाके में किराए के अपने फ्लैट में श्रद्धा की हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया था।

# पाकिस्तान सरकार को नए सेना प्रमुख की नियुक्ति के लिए मिले नाम

एजेंसी। इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** के नए सेना प्रमुख की नियुक्ति को लेकर काफी समय से जारी अनिश्चितता के बादल अब साफ होते दिख रहे हैं। सरकार ने बुधवार को घोषणा की कि उसे मौजूदा जनरल कमर जावेद बाजवा की जगह लेने के लिए कई वरिष्ठ जनरल के नाम मिले हैं।

जनरल बाजवा (61) तीन साल के विस्तार के बाद 29 नवंबर को सेवानिवृत्त होने वाले हैं। उन्होंने सेवा में और विस्तार से इनकार कर दिया है। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने ट्विटर पर एक संक्षिप्त बयान में कहा, सरकार को नए सेनाध्यक्ष (सीओएएस) और चेयरमैन ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ कमेटी (सीजेसीएससी) की नियुक्ति के लिए रक्षा मंत्रालय से ब्यौरा मिला है। बयान के अनुसार, प्रक्रिया के तहत प्रधानमंत्री नियुक्ति संबंधी फैसला करेंगे। सेना ने भी नियुक्तियों के लिए छह शीर्ष लेफ्टिनेंट जनरल के नाम भेजने की पुष्टि की है।

## यरूशलम में दो धमाके, एक की मौत



**यरूशलम।** यरूशलम में बुधवार को दो बस स्टॉप के पास हुए धमाकों में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि कम से कम 14 अन्य घायल हो गए। इजराइली पुलिस ने यह जानकारी दी। उन्होंने धमाके के पीछे फलस्तीनियों का हाथ होने की आशंका जताई। पुलिस के मुताबिक, पहला धमाका शहर के अंतिम छोर पर स्थित एक बस स्टॉप के पास हुआ, जहां बसों के इंतजार में रोजाना बड़ी संख्या में यात्री जमा होते हैं। दूसरा धमाका यरूशलम के उत्तर में स्थित रामोत के एक बस स्टॉप के पास हुआ। इधर सीरिया में हुए एक विस्फोट में ईरान के अर्धधसैन्य बल रेवोल्यूशनरी गार्ड के एक अधिकारी की मौत हो गई। बल ने बुधवार को अपनी वेबसाइट पर यह जानकारी दी और इसके लिए इजराइल को जिम्मेदार ठहराया।

# सत्येंद्र जैन को तिहाड़ में रिसॉर्ट जैसी सुविधाएं मिल रहीं: मीनाक्षी लेखी

एजेंसी। नई दिल्ली



### जैन का वीडियो वायरल होने के बाद भाजपा नेत्री का या बयान

**केंद्रीय** मंत्री मीनाक्षी लेखी ने बुधवार को आरोप लगाया कि आम आदमी पार्टी (आप) के नेता एवं दिल्ली के मंत्री सत्येंद्र जैन को तिहाड़ जेल में किसी रिसॉर्ट जैसी सुविधाएं मिल रही हैं। तिहाड़ जेल में बंद जैन के कुछ नए वीडियो बुधवार को सामने आए, जिनमें उन्हें अपनी कोठरी में फल और कच्ची सब्जियां खाते देखा जा सकता है। इस वीडियो के सामने आने के कुछ घंटों बाद लेखी ने यह बयान दिया।

लेखी ने जैन के उस वीडियो का भी जिक्र किया, जिसमें वह तिहाड़ में बंद बलात्कार के एक आरोपी से मालिश कराते नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं ऐसे व्यक्ति को अपने पास भी नहीं आने दूंगी। कल्पना कीजिए कि वह व्यक्ति उनके पैरों की मालिश कर रहा है। कहा, लोग बलात्कार के एक आरोपी से जैन के मालिश कराने जैसी आप नेताओं की शर्मनाक हरकतों को देख रहे हैं। आप नेता कहते कुछ हैं और करते उसके विपरीत हैं। उन्होंने कहा कि जेल में भोजन और चिकित्सकीय सेवाओं के लिए जेल नियमावली है। कहा, जैन की कोठरी में टेलीविजन, पैकेट बंद भोजन और मालिश जैसी अतिरिक्त सुविधाएं देखकर लगता है कि वह छुट्टियां मनाने किसी रिसॉर्ट में आए हैं। आप के संयोजक और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल पर भी निशाना साधा और उन पर दिल्ली की समस्याओं को सुलझाने में नाकाम रहने का आरोप लगाया। कहा कि वे दिल्लीवासियों की समस्याओं को सुलझाने के बजाय प्रधानमंत्री बनने के अपने लक्ष्य को पूरा करने के लिए आप के विस्तार की खातिर उन राज्यों में प्रचार करने में व्यस्त हैं।

## संक्षिप्त-समाचार

### उत्तर-पश्चिम तुर्किए में 5.9 तीव्रता का भूकंप

**अंकारा।** उत्तर-पश्चिम तुर्किए में बुधवार सुबह 5.9 तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए, जिसके कारण लोगों में दहशत फैल गई, लेकिन किसी बड़े नुकसान की कोई जानकारी नहीं मिली है। सरकार द्वारा संचालित आपदा एवं आपातकालीन प्रबंधन प्रेसीडेंसी ने यह जानकारी दी। एजेंसी ने बताया कि भूकंप का केंद्र इस्तांबुल से करीब 200 किलोमीटर पूर्व में डुजसे प्रांत के गोलकाया शहर में था। सुबह चार बजकर आठ मिनट पर आए भूकंप के झटके इस्तांबुल, राजधानी अंकारा और देश के अन्य हिस्सों में भी महसूस किए गए। भूकंप के बाद कम से कम 35 झटके और महसूस किए गए। गृह मंत्री सुलेमान सोयलु ने बताया कि डर की वजह से बालकनी या खिड़कियों से नीचे कूद जाने और अन्य कारणों से कुच लोग घायल हो गए। इन लोगों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

### पेट्रोल के खाली टैंकर में विस्फोट, तीन की मौत

**हाजीपुर (बिहार)।** बिहार में वैशाली जिले के गोढिया पुल के समीप बुधवार को पेट्रोल के एक खाली टैंकर में वेल्डिंग के दौरान अचानक हुए विस्फोट की चपेट में आकर तीन लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हाजीपुर-मुजफ्फरपुर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-22 पर बुधवार को यह हादसा उस समय हुआ जब पेट्रोल टैंकर चालक अपने वाहन की टंकी की वेल्डिंग करा रहा था। गोरौल के थाना प्रभारी संजीव कुमार ने इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो जाने की पुष्टि करते हुए बताया कि घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच में जुट गई है। विस्फोट के कारण जोरदार आवाज होने पर घटनास्थल और आसपास के क्षेत्रों में अफरा-तफरी मच गई थी।

### चीन: आईफोन के कारखाने में कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**बीजिंग।** चीन स्थित एप्पल आईफोन के दुनिया के सबसे बड़े कारखाने में कर्मचारियों को कोरोना वायरस के कारण लागू प्रतिबंधों के बीच संविदा संबंधी विवाद के चलते पीटा गया और हिरासत में रखा गया। सोशल मीडिया पर बुधवार को पोस्ट किए गए कुछ वीडियो में यह नजर आ रहा है और कारखाने के कर्मचारियों ने भी यह जानकारी दी। चीनी सोशल मीडिया पर उपलब्ध झोंगझोउ स्थित कारखाने के वीडियो में नकाब पहने हजारों प्रदर्शनकारी सफेद सुरक्षात्मक सूट पहने पुलिसकर्मियों का सामना करते नजर आ रहे हैं। एक व्यक्ति के सिर पर डंडा मारा गया और एक अन्य को उसके हाथ पीछे की ओर बांधकर ले जाया गया। सोशल मीडिया पर की गई पोस्ट में कहा गया कि ये लोग संविदा के उल्लंघन का विरोध कर रहे थे।

### मलेशिया के सुल्तान कर रहे सरकार गठन के लिए प्रयास

**कुआलालंपुर।** मलेशिया के सुल्तान ने खंडित जनादेश वाले आम चुनावों के बाद बहुमत के समर्थन वाले प्रधानमंत्री की तलाश में बुधवार को सांसदों से मुलाकात की। उल्लेखनीय है कि चुनावों में इस्लामवादियों के उदय ने बहुजातीय राष्ट्र में चिंताओं को जन्म दिया है। विपक्षी नेता अनवर इब्राहिम के पाकातन हरपन (उम्मीदों का गठबंधन) को शनिवार को हुए चुनावों में सबसे ज्यादा 82 संसदीय सीट मिलीं लेकिन वह बहुमत के लिए जरूरी 112 के आंकड़े से काफी पीछे है। पूर्व प्रधानमंत्री मुहिद्दीन यासीन की मलय केंद्रित पेरिकतन नेशनल (राष्ट्रीय गठबंधन) को 73 सीट पर जीत मिली है। मलेशिया में संसदीय चुनावों में किसी भी पार्टी को स्पष्ट बहुमत नहीं मिलने से नेतृत्व का संकट गहरा गया है और देश 2018 से अब तक तीन प्रधानमंत्री देख चुका है। इन चुनावों में सबसे बड़ी जीत पैन-मलेशियन इस्लामिक पार्टी को मिली जिसके खाते में 49 सीटें आईं जो 2018 के चुनावों में उसे मिली सीटों से दोगुने से भी ज्यादा हैं। पीएएस के तौर पर जानी जाने वाली यह पार्टी इस्लामी शरिया कानून का समर्थन करती है और तीन राज्यों में इसका शासन है और यह सबसे बड़ा दल है।

## नेपाल चुनाव : पीएम देउबा ने डडेलधुरा से लगातार सातवीं बार जीत दर्ज की

**काठमांडू।** प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा ने सुदूर पश्चिमी नेपाल के डडेलधुरा निर्वाचन क्षेत्र से भारी मतों के अंतर से लगातार सातवीं बार जीत दर्ज की है। देउबा (77) को 25,534 वोट मिले, जबकि उनके निकटम प्रतिद्वंद्वी एवं निर्दलीय उम्मीदवार सागर ढकाल (31) को 1,302 मत हासिल हुए। देउबा अपने पांच दशक के राजनीतिक करियर में कभी कोई संसदीय चुनाव नहीं हारे हैं।


ढकाल एक युवा इंजीनियर हैं, जिनकी पांच साल पहले बीबीसी (ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन) के साझा सवाल कार्यक्रम में एक सार्वजनिक परिचर्चा के दौरान देउबा से मौखिक बहस हुई थी। इसके बाद उन्होंने यह कहते हुए देउबा को चुनौती देने का फैसला किया था कि अब युवाओं को राजनीति में आना चाहिए और देउबा जैसे वरिष्ठ लोगों को आराम करना चाहिए। नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष देउबा अभी पांचवीं बार प्रधानमंत्री के पद पर काबिज हैं।

# उत्तराखंड में 36 पुल यातायात के लिए असुरक्षित साबित

### मोरबी हादसे के बाद प्रदेश में पुलों के ऑडिट को दिया था आदेश

एजेंसी। देहरादून

**उत्तराखंड** में पुलों के सुरक्षा ऑडिट में 36 पुल यातायात के लिए असुरक्षित पाए गए हैं। गुजरात में मोरबी पुल हादसे के बाद प्रदेश में भी पुलों के सुरक्षा ऑडिट के आदेश दिए गए थे। प्रदेश के लोकनिर्माण विभाग के एक अधिकारी ने यहां बताया कि पौड़ी जिले में सर्वाधिक 16 पुल यातायात के लिए असुरक्षित पाए गए हैं जबकि टिहरी जिले में आठ पुल, उधमसिंह नगर जिले में पांच, हरिद्वार में तीन और देहरादून, पिथौरागढ़, चमोली और रूद्रप्रयाग में एक-एक पुल असुरक्षित पाया गया है।



लोकनिर्माण विभाग के सुरक्षा ऑडिट की रिपोर्ट आने के तत्काल बाद एक सरकारी आदेश जारी करते हुए विभाग को जल्द से जल्द असुरक्षित पुलों की मरम्मत करने या उनकी जगह नया पुल बनाने को कहा गया है। अधिकारी ने बताया कि ज्यादा प्रयोग में आने वाले पुलों के पुनर्निर्माण या उनकी जगह नए पुल बनाने को प्राथमिकता दी जाएगी।

मोरबी में 30 अक्टूबर को पुल टूटने की घटना में कई लोगों के मारे जाने के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को सभी सेतुओं का सुरक्षा ऑडिट कराने के निर्देश दिए थे जिसके बाद दो नवंबर को प्रदेश के लोक निर्माण विभाग के प्रमुख सचिव आरके सुधांशु ने इस संबंध में आदेश जारी किया था। आदेश में लोक निर्माण विभाग के प्रमुख अभियंता को प्रदेश में स्थित पुलों से संबंधित सभी सूचनाएं हर हाल में तीन सप्ताह के अन्दर शासन को उपलब्ध कराने को कहा गया था।

## अमेरिका: राजस्थान एसो. ने भारतीय समुदाय के लोगों को सम्मानित किया

**न्यूयॉर्क (अमेरिका)।** राजस्थान एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका (आरएएनए) ने एक वार्षिक कार्यक्रम में समाज में उल्लेखनीय योगदान देने वाले भारतीय समुदाय के प्रमुख सदस्यों को सम्मानित किया है। इस कार्यक्रम में जयपुर फुट और अन्य परमार्थ कार्यों के लिए 13 लाख डॉलर की धनराशि भी जुटाई गई। आरएएनए ने धरमचंद हीरावत को मरणोपरांत और संस्था के पूर्व अध्यक्ष डॉ. अजय लोढ़ा तथा राजीव गर्ग को समाज के प्रति उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया। आरएएनए ने भारतीय समुदाय के प्रमुख सदस्यों डॉ. राज बंसल, डॉ. साधना जोशी, डॉ. शुभा जैन और राकेश गोयनका को भी समुदाय के प्रति उनके योगदान के लिए सम्मानित किया।

# सुप्रीम कोर्ट में चार विशेष पीठ करेंगी मामलों की सुनवाई

### आपराधिक, कर, भूमि अधिग्रहण और दुर्घटना दावे के मामलों की करेंगी सुनवाई

एजेंसी। नई दिल्ली

**भारत** के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने बुधवार को कहा कि उच्चतम न्यायालय की चार विशेष पीठें आपराधिक अपीलों, प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर, भूमि अधिग्रहण से जुड़े मामलों तथा मोटर दुर्घटना दावे के मामलों पर अगले सप्ताह से सुनवाई करेंगी।

सीजेआई की अध्यक्षता वाली एक पीठ ने अदालत संख्या एक में मामलों की सुनवाई शुरू होने पर विशेष पीठों के गठन की जानकारी दी। उस समय वकील अपने-अपने मामलों को तत्काल सूचीबद्ध कराने के लिए खड़े थे। पीठ में न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला भी शामिल हैं।

सीजेआई ने कहा, अगले हफ्ते से आपराधिक अपीलों, प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर के मामलों, भूमि अधिग्रहण के मामलों और मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के मामलों के लिए विशेष पीठें होंगी। जब एक वकील ने भूमि अधिग्रहण से संबंधित एक मामले का उल्लेख किया तो उन्होंने कहा, अगर मैं गलत नहीं हूं तो न्यायमूर्ति सूर्यकांत की पीठ भूमि अधिग्रहण से जुड़े मामलों की सुनवाई करेगी।



# असम-मेघालय सीमा हिंसा: वन विभाग के कार्यालय में तोड़फोड़, आगजनी

### बीते रोज मारे गए छह लोगों की मौत को लेकर आक्रोशित थे ग्रामीण

एजेंसी। गुवाहाटी

**असम** के वेस्ट कार्बी आंगलोंग जिले में मेघालय के ग्रामीणों के एक समूह ने वन विभाग के एक कार्यालय में तोड़फोड़ और आगजनी की। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस द्वारा लकड़ी ले जा रहे एक ट्रक को मंगलवार तड़के रोकने के बाद भड़की हिंसा में छह लोगों के मारे जाने के बाद इस कृत्य को अंजाम दिया गया।



मेघालय के वेस्ट जयंतिया हिल्स जिले के मुकरोह गांव के निवासी कुल्हाड़ियां, छड़ और लाठियां लेकर मंगलवार रात अंतरराज्यीय सीमा पर असम में खेरोनी वन रेंज के तहत आने वाले एक बीट कार्यालय के सामने जमा हो गए और उसे आग के हवाले कर दिया। अधिकारियों ने बताया कि भीड़ ने वन कार्यालय में तोड़फोड़ की और वहां रखे लकड़ी के सामान, दस्तावेजों और परिसर में खड़ी कई मोटरसाइकिल में आग लगा दी। अधिकारियों ने बताया कि घटना में अभी तक किसी वन कर्मी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। उन्होंने बताया कि पुलिस और अन्य सुरक्षा कर्मियों के मौके पर पहुंचने से पहले ही ग्रामीण वहां से चले गए। मेघालय में असम के वाहनों पर हमलों की खबर के बाद असम पुलिस ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए वाहन मालिकों से पड़ोसी राज्य में जाने से बचने को कहा है। गुवाहाटी और कछार जिले सहित असम से मेघालय में प्रवेश करने के लिए विभिन्न बिंदुओं पर पुलिस कर्मियों ने अवरोधक लगाए और लोगों को असम में पंजीकृत वाहन पहाड़ी राज्य न ले जाने को कहा। गुवाहाटी पुलिस के उपायुक्त (पूर्व) सुधाकर सिंह ने कहा, कल से हम लोगों को स्थिति पूरी तरह सामान्य होने तक मेघालय न जाने की सलाह दे रहे हैं। हम केवल निजी एवं छोटी कार के मालिकों से यात्रा न करने का अनुरोध कर रहे हैं क्योंकि कुछ शरारती तत्व वहां ऐसे वाहनों को निशाना बना रहे हैं। उन्होंने बताया कि हालांकि अभी तक वाणिज्यिक वाहनों को रोका नहीं गया है।

## मुख्यमंत्री ममता ने सीमा पर हिंसा को लेकर जताया दुख

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को असम-मेघालय सीमा के विवादित स्थान पर हिंसा को लेकर दुख व्यक्त किया और वहां शांति की प्रार्थना की। बनर्जी ने ट्विटर पर कहा, मेघालय के मुकरोह में गोलीबारी में छह लोगों की मौत की दुखद घटना से मैं बहुत दुखी हूं। मैं इस संघर्ष में अपने प्रियजनों को खोने वाले परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करती हूं। मैं प्रार्थना करती हूं कि बेहतरी के लिए शांति और सद्भाव बना रहे। उल्लेखनीय है कि तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि यह घटना मेघालय सरकार की अक्षमता को दर्शाती है। मुख्यमंत्री के भतीजे अभिषेक बनर्जी ने कहा, मुख्यमंत्री कोनराड संगमा कब तक हिमंत विश्व शर्मा को मेघालय को हल्के में लेने देंगे? मेघालय वासी कब तक डर और असुरक्षा में जीते रहेंगे। यह अन्याय कब तक चलता रहेगा। पार्टी ने एक अन्य ट्वीट में कहा कि तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मेघालय के पूर्व मुख्यमंत्री मुकुल संगमा ने जोवाई सिविल अस्पताल में मुकरोह गोलीबारी की घटना में बचे लोगों और मृतकों के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया।

पायनियर
हरियाणा, बृहस्पतिवार, 24 नवंबर, 2022



# जीडीए बोर्ड बैठक: आरआरटीएस कोरिडोर के आसपास बनेगा विशेष इकॉनोमिक जोन

- बैठक में हाईटेक सिटी के डिवेलपर द्वारा एनएच- 24 के पास विकसित की जा रही टाउनशिप का भी संशोधित डीपीआर पेश किया गया




पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**मंडलायुक्त** की अध्यक्षता में जीडीए बोर्ड की बैठक हुई। करीब चार महीने बाद हुई इस बैठक में एक दर्जन से अधिक प्रस्तावों का एक एजेंडा पेश किया गया।

बोर्ड की इस बैठक में जीडीए वीसी एवं डीएम आरके सिंह, नगर आयुक्त डॉ नितिन गौड़, एसएसपी मुनिराज, चीफ इंजीनियर पश्चिमांचल पॉवर कॉरपोरेशन, जल निगम और सिंचाई विभाग के चीफ इंजीनियर, यूपीएसआईडीसी आरएम आदि अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में कई गैर सरकारी जीडीए बोर्ड के सदस्य भी शामिल हुए। बोर्ड की इस बैठक में वैसे तो कई प्रस्ताव पेश किए गए, मगर आरआरटीएस कोरिडोर के आसपास के एरिया को विशेष इकॉनोमिक जोन बनाने का प्रस्ताव खास रहा।

बोर्ड की बैठक में सबसे पहले 30 अप्रैल को इसी वर्ष हुई जीडीए बोर्ड की बैठक की पुष्टि का प्रस्ताव पेश किया गया जिसमें जीडीए ने बताया कि जो प्रस्ताव इस बोर्ड की बैठक में पेश किए गए थे उन पर किस तरह से कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा इस बोर्ड बैठक की कार्य अनुपालन आख्या भी पेश की गई। बैठक में हाईटेक सिटी के लाइसेंसी बिल्डर मैसर्स उप्पल चडड्ा हाईटेक डिवेलपर द्वारा एनएच 24 के पास विकसित की जा रही टाउनशिप का भी संशोधित डीपीआर पेश किया गया। डीपीआर डीपीआर 4196 एकड़ और ले .आउट प्लान 3786 एकड़ में स्वीकृत है। इस डीपीआर पर ही प्रभावित कई गांवों के किसानों की नजर लगी है। लोनी खन्नानगर कॉलोनी के मानचित्र में सृजित सिनेमा भूखंड के लैंडयूज में परिवर्तन, समाजवादी आवासीय योजना के स्वीकृत मानचित्र की अवधि बढ़ाने, इंदिरापुरम विस्तार योजना में ग्राम महीउद्दीनपुर कनावनी की अर्जित की गई 229 एकड़ जमीन से संबंधित प्रस्ताव भी बोर्ड की बैठक में पेश किया गया।

बैठक में भू अर्जन, पुनर्वासन एवं पुर्नव्यावस्थापन उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 लागू करने आदि को लेकर भी प्रस्ताव बोर्ड की बैठक पेश किया गया।

हाईटेक सिटी टाउनशिप यानी वेव सिटी के लिए अपूर्ण सड़कों को पूरा करने के लिए भूमि अधिग्रहण करने, प्रधानमंत्री आवासीय योजना के अंतर्गत ग्राम नूर नगर में निर्माणाधीन 480 भवनों को लेकर भी प्रस्ताव बोर्ड की बैठक में पेश किया गया।

# एक्वा लाइन मेट्रो की नई लिंक लाइन की तैयारी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



**नोएडा** के सेक्टर-142 से बाटेनिकल गार्डन का एक्वा लाइन मेट्रो की नई लिंक लाइन का अलाइनमेंट इस सप्ताह फाइनल हो सकता है। नए सिरे से लिंक लाइन की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट डीपीआर तैयार करने का फैसला भी लिया जाएगा। इसके लिए सप्ताह के अंत में नोएडा मेट्रो रेल कारपोरेशन एनएमआरसी और दिल्ली मेट्रो रेल कारपोरेशन डीएमआरसी अधिकारियों की बैठक होने जा रही है।

इसमें लिंक लाइन के दो वैकल्पिक रूटों में किसी एक को फाइनल करने का निर्णय लिया जाएगा। एनएमआरसी प्रवक्ता ने बताया कि फिलहाल प्रस्तावित रूट की तकनीकी फिजीबिलिटी और फाइनेंशियल वाइबिलिटी के लिए रिपोर्ट को डीएमआरसी को भेजा गया है, ताकि अंतिम मंजूरी दी जा सके। बता दें कि एक्वा लाइन के लिए लिंक लाइन के रूप में सेक्टर-142 मेट्रो स्टेशन से ब्लू व मजेंटा लाइन के बोटेनिकल गार्डन मेट्रो स्टेशन को नई मेट्रो लाइन जोड़ेगी। शुरुआत में इसका अलाइनमेंट एक्सप्रेसवे के समानांतर रखा गया था, लेकिन बाद में इसे आवासीय इलाकों से लेकर जाने का फैसला लिया गया।

इससे ज्यादा से ज्यादा लोगों को फायदा होगा। एनएमआरसी की ओर से एमडी की रिपोर्ट में नया कारिडोर पहले की अपेक्षा 900 मीटर बढ़ गया है। पहले 11.5 किलोमीटर लंबी लाइन प्रस्तावित की गई थी। इसकी डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट डीपीआर दिल्ली मेट्रो रेल कारपोरेशन लिमिटेड डीएमआरसी ने तैयार की है। डीपीआर में छह स्टेशन प्रस्तावित किए गए थे। इसमें सेक्टर-142, 91, 98, 97, 125 और बोटेनिकल गार्डन मेट्रो स्टेशन शामिल थे लेकिन अंतिम विकल्प के तौर पर कुछ स्टेशनों में बदलाव कर दो विकल्प रखे गए हैं।

# पुलिस ने मनाया झंडा दिवस

**नोएडा, गाजियाबाद।** पुलिस लाइन में उत्तर प्रदेश पुलिस झंडा दिवस बड़े ही गरिमामयी माहौल में मनाया गया। इस अवसर पर कप्तान मुनिराज ने अधिनस्थों के साथ पुलिसबल के झंडे को सलामी दी। उन्होंने अपने मातहत अधिकारियों व पुलिकर्मियों को झंडा लगाकर पुलिस फ्लैग के महत्व से भी अवगत करवाया। इस मौके पर सीओ सदर एएसपी निमीष पाटिल ने एसएसपी मुनिराज को झंडा लगाकर उन्हें सलामी दी। इस अवसर पर पुलिस के आला अफसरों के अलावा आरआई उदल सिंह आदि मौजूद थे। इसके अलावा पुलिस के हर कार्यालय से लेकर थाना चौकी स्तर तक झण्डा दिवस बड़ी धूम धाम से मनाया गया। नोएडा। पुलिस कमिश्नरेट



गौतमबुद्ध नगर में बुधवार को पुलिस झंडा दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण किया गया। पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह ने पुलिस आयुक्त कार्यालय सेक्टर 108 में ध्वजारोहण किया। इस दौरान उन्होंने पुलिस झंडा दिवस की महत्वता व उसके इतिहास के बारे में सभी को जानकारी दी। पुलिस कमिश्नर आलोक सिंह द्वारा पुलिस झंडा दिवस के अवसर पर सेक्टर-108 स्थित कार्यालय में पुलिस ध्वज फहराया गया। पुलिस आयुक्त द्वारा पुलिस बल को पुलिस झंडा दिवस मनाने के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि 23 नवंबर 1952 को भारत के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने उत्तर प्रदेश पुलिस को ध्वज प्रदान किया था।

# यमुना एक्सप्रेसवे पर कार का टायर फटा, पलटी

- डिवाइडर से टकराने से हुआ हादसा, एक की मौत

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



**उत्तर** प्रदेश के नोएडा में यमुना एक्सप्रेस वे पर तेज गति में जा रही एक मारुति वैन का टायर फट गया और वह डिवाइडर से टकरा कर पलट गई। इस हादसे में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

उपचार के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई। जनपद गौतमबुद्धनगर के जेवर थाना प्रभारी अंजनी कुमार ने बताया कि बीती शाम सूचना मिली कि यमुना एक्सप्रेस वे के जीरो पॉइंट से करीब 37 किलोमीटर आगे मारुति वैन टायर फटने की वजह से दुर्घटनाग्रस्त हो गई है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को वैन से बाहर निकाल कर उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया।

उपचार के दौरान गोविंद पुत्र अमर सिंह निवासी बढ़ा खुर्द इगलास जिला अलीगढ़ को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। गोविंद अपने तीन अन्य साथियों के साथ एक्सप्रेसवे से नोएडा से वापस अलीगढ़ जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक वैन की गति काफी तेज थी और अचानक उस का टायर फट गया। तेज गति में टायर फटने की वजह से गोविंद संतुलन खो बैठा और वैन डिवाइडर से टकराकर पलट गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस हादसे में घायल हुए अन्य लोगों का उपचार चल रहा है।

# ग्रेटर नोएडा में गैंगस्टर की 45 लाख की संपत्ति कुर्क

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में अपराधियों पर लगाम लगाने और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्ध नगर कार्य कर रही हैं और अपराधियों पर लगाम लगा रही है।

इसी कड़ी में ग्रेटर नोएडा की बिसरख थाना पुलिस ने गैंगस्टर सुदेश कुमार उर्फ टिल्लू की लगभग 45 लाख रुपए की संपत्ति कुर्क की है। उसके द्वारा खरीदे गए एक फ्लैट को कुर्क कर लिया गया है। बुधवार को पुलिस ने आरोपी गैंगस्टर सुदेश कुमार उर्फ टिल्लू निवासी चांदनेर थाना की अपराधिक मामलों में अर्जित की गई संपत्ति की कुर्की है। सुदेश कुमार वर्तमान में सेक्टर 47 थाना 49 नोएडा गौतम बुद्ध नगर में रह रहा है। आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर गिरोह बनाकर एनसीआर क्षेत्र में फर्जी चिटफंड कंपनी बनाकर लोगों से करोड़ों की धोखाधड़ी की।

# पार्किंग ठेकेदारों ने तीन साल से प्राधिकरण तक नहीं पहुंचाया शुल्क, अब निकाले जाएंगे नए टेंडर

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



**करीब** तीन साल से शहर की सड़कों पर पार्किंग के नाम पर वसूले जा रहे शुल्क से ठेकेदार अपनी जेब गरम कर रहे हैं। करोड़ों रुपये का पार्किंग शुल्क जनता से वसूलने के बाद भी प्राधिकरण के खाते में एक रुपया भी जमा नहीं कराया गया है।

इस मामले में कहीं न कहीं प्राधिकरण अधिकारियों की अनदेखी भी उजागर हो रही है, जिन्होंने पिछले तीन वर्ष में अब तक पार्किंग शुल्क प्राधिकरण के पक्ष में जमा कराए जाने को लेकर कागजी कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की है। लेकिन अब निर्देश दिए गए है कि 30 नवंबर को 54 पार्किंग स्थल से सरफेस पार्किंग का ठेका समाप्त किया जाएगा। इसके अलावा पार्किंग ठेकेदार भी पैसा जमा कराने के बजाय मामले को लंबा खींचने के लिए कोर्ट की शरण में चले गए।

पार्किंग शुल्क के रूप में नोएडा प्राधिकरण में 20 करोड़ से अधिक रुपया जमा कराया जाना था। 30 नवंबर को 54 पार्किंग स्थल से सरफेस पार्किंग का ठेका समाप्त होने जा रहा है। ऐसे में नए टेंडर के जरिये ठेकेदारों को फिर से पार्किंग स्थल का आवंटन कर दिया जाएगा। नोएडा ट्रैफिक सेल वरिष्ठ प्रबंधक एएस शर्मा ने बताया कि बकाया नहीं जमा करने वाले ठेकेदारों को काली सूची में डाला गया है। इन्हें किसी भी कीमत पर पार्किंग टेंडर में आवंटन नहीं करने दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने आदेश दिया था कि अवैध पार्किंग को खत्म कराया जाए। इसके बाद अवैध पार्किंग पर अंकुश लगाने की प्राधिकरण के शीर्ष अधिकारियों ने मंशा जाहिर की, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। हाल ही में लगातार अवैध पार्किंग की शिकायत पर अंकुश लगाने को ओएसडी को सरफेस पार्किंग व अतिक्रमण को हटाने का जिम्मा सौंपा गया। सरफेस पार्किंग स्थल पर दिखाई दिया, लेकिन पार्किंग ठेकेदारों ने अधिकारियों से सांठगांठ कर योजनाबद्ध तरीके से ओएसडी को मिला कार्य छिनवाकर आनन-फानन में आदेश पत्र भी जारी करवा दिया।

# प्राधिकरण ने बाजार अट्टा में हटाया अतिक्रमण

**नोएडा।** नोएडा के सबसे व्यस्त अट्टा बाजार में प्राधिकरण ने बड़े स्तर पर अतिक्रमण हटाया। यहां दुकानों के बाहर करीब 600 मीटर के फुटपाथ पर रेहड़ी पटरी दुकानों के आगे चल रही थी। जिनको हटाया गया इनका मॉल भी जब्त किया गया। प्राधिकरण ने चेतावनी दी यदि दोबारा से इस रास्ता पर दुकानों को लगाया गया तो संबंधित पक्की दुकानदार के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी। प्राधिकरण ने दोपहर करीब 12 बजे अभियान शुरू किया।

इस दौरान वर्क सर्किल-2 के आला अधिकारी व भारी पुलिस बल तैनात किया गया। दरअसल ये बाजार सेक्टर.18 के सामने है। यहां मेट्रो गेट पर भारी अतिक्रमण रहता है। जिससे आने जाने वाले लोगों को दिक्कत होती है। इससे पहले भी कई बार यहां अतिक्रमण हटाने को लेकर ड्राइव की गई।

# अपहृत बच्ची की हत्या से आक्रोशित लोगों ने किया जमकर हंगामा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद।

**चार** दिन पूर्व नन्दग्राम थाना क्षेत्र की नई बस्ती से अगवा की गई बच्ची की अपहरणकर्ताओं ने हत्या कर दी। वारदात का पता लगते ही इस इलाके में शोक की लहर दौड़ गई, वहीं पुलिस की उदासीन कार्रवाई से क्षुब्ध परिजनों और कॉलोनीवासियों ने जमकर हंगामा किया। हंगामे की सूचना मिलते ही नन्दग्राम पुलिस तुरंत नई बस्ती पहुंच गई। इसके बाद पुलिस ने हंगामा कर रहे परिजनों को समझा.बुझाकर शांत किया। सीओ सैकेंड आलोक दुबे ने हंगामे की बात को नकारते हुए कहा कि मृतक बच्ची के अंतिम संस्कार करने को लेकर उसके नाना बिजेंद्र नानी शांति देवी और चाचा सोनू आदि की आपस में बहस हो गई जिसे हंगामा बताया जा रहा है। श्रीमती दुबे ने बताया कि बहस का कारण यह था कि सोनू का कहना था कि वह अपनी भतीजी का अंतिम संस्कार अपने गांव में ही करेगा।

जबकि मृतक बच्ची खुशी के नाना.नानी बिजेंद्र व शांन्ति देवी पक्ष का कहना था कि खुशी को उन्होंने ही पाला था इसलिये वो ही उसका अंतिम संस्कार करेंगे। श्रीमती दुबे ने बताया कि पुलिस ने दोनों को समझाकर उनके बीच चल रही बहस को बंद करवा दिया। इसके बाद दोनों पक्षों ने मिल जुलकर खुशी का अंतिम संस्कार करने की कवायद शुरू कर दी।

# होमगार्ड के जवानों का डीसीए 38 प्रतिशत बढ़ाया गया:

**नई दिल्ली।** ओडिशा सरकार ने बुधवार को उच्चतम न्यायालय को सूचित किया कि उसने होमगार्ड के जवानों का ड्यूटी कॉल-अप भत्ता (डीसीए) 300 रुपए प्रतिदिन से बढ़ाकर 416 रुपए कर दिया है। शीर्ष अदालत ने इस साल मई में ओडिशा में होमगार्ड के कम वेतन को लेकर अप्रसन्नता जाहिर की थी और राज्य सरकार को निर्देश दिया था कि उन्हें 9000 रुपए महीने (300 रुपए प्रतिदिन) का वेतन देने के फैसले पर पुनर्विचार किया जाए। शीर्ष अदालत ने कहा कि मासिक वेतन उत्पीड़न की तरह है। राज्य सरकार ने बुधवार को न्यायमूर्ति एम आर शाह और न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश की पीठ से कहा कि मई के आदेश का अनुपालन करते हुए राज्य सरकार ने मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक

# वृद्धा ने 22वीं मंजिल से कूदकर दी जान

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा।



**पति** की मौत के बाद गहरे मानसिक अवसाद में चल रही है एक वृद्ध महिला ने आज तड़के 22वीं मंजिल से छलांग लगाकर अपनी जान दे दी। महिला द्वारा छोड़े गए सुसाइड नोट में उसने अपनी मौत के लिए किसी को भी जिम्मेदार नही ठहराया है।

मूल रूप से पश्चिम बंगाल की रहने वाली सुदेशना जाना के पति सुंदरीमोहन जाना की करीब 2 वर्ष पूर्व मौत हो गई थी। पति की मौत के बाद सुदेशना जाना अपनी बेटी प्रियंका जाना व दामाद तुषार कांति तरफ दार के साथ चेरी काउंटी सोसाइटी के टावर बी.3 में 22 वें फ्लोर रह रही थी। पति की मौत के बाद सुदेशना जाना गहरे मानसिक अवसाद में चली गयी। उनकी डिप्रेशन की दवाइयां चल रही थी। बुधवार की तड़के करीब 3 बजे उन्होंने अपने मकान की 22वीं मंजिल से छलांग लगा दी। 22मंजिल से नीचे गिरते ही सुदेशना जाना की मौके पर ही मौत हो गई। सोसायटी के गार्ड ने इसकी सूचना पुलिस व परिजनों को दी। मौके पर पहुंची थाना बिसरख पुलिस ने छानबीन की तो घर से एक सुसाइड नोट मिला। सुसाइड नोट में सुदेशना जाना ने लिखा था कि उसने डिप्रेशन की करीब 50. 60 गोलियां खा ली है और इसके बाद वह कूदकर अपनी जान दे रही है। सुदेशना जाना ने अपनी मौत के लिए किसी को भी जिम्मेदार नहीं ठहराया है। आपको बता दें कि मंगलवार को भी थाना बिसरख क्षेत्र में एक महिला ने 16 वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली थी। वहीं थाना सेक्टर 113 क्षेत्र के सेक्टर 74 स्थित कैपटाउन सोसाइटी की 8 वी मंजिल से एक युवक ने कूदकर अपनी जान दे दी। मृतक की शिनाख्त राहुल पुत्र जयदीप दास के रूप में हुई है। राहुल के माता.पिता ने पुलिस को बताया कि वह पिछले काफी समय से डिप्रेशन में था और उसका इलाज चल रहा था। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# अमेजॉन के डिलीवरी ब्वॉय ने फांसी लगाकर दे दी जान

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा।



**अमेजॉन** के एक डिलीवरी ब्वॉय ने बुधवार की सुबह अपने कमरे में फांसी लगाकर जान दे दी है। आत्महत्या किए जाने के कारणों का पता नहीं चल सका है। थाना बिसरख क्षेत्र के तिगरी में एक युवक ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है।

जानकारी के मुताबिक मूल रूप से खोड़ा कॉलोनी का रहने वाला संजय ठाकुर पुत्र गौधन सिंह 22 वर्ष अमेजॉन कंपनी में डिलीवरी ब्वॉय का काम करता था। उसने रुकने व आराम करने के लिए तिगरी में भी एक मकान किराए पर ले रखा था। बीती शाम वह तिगरी स्थित अपने कमरे पर गया और दरवाजा बंद कर फांसी लगा ली। बताया जाता है कि पड़ोस में ही दुकान चलाने वाले संजीत ठाकुर के चाचा अजय ने उसे कई बार फोन किया। संजीत द्वारा फोन ना उठाए जाने पर अजय उसके कमरे पर पहुंचे तो उन्हें दरवाजा बंद मिला। खिड़की से झांक कर देखने पर पता चला कि संजीत ठाकुर अंदर फांसी के फंदे पर लटका हुआ है। उन्होंने इसकी सूचना तुरंत थाना बिसरख पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतरवा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# प्रेमिका की जहर देकर हत्या, प्रेमी ने किया दिखावा, मरने पर अस्पताल से हुआ फरार

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**हापुड़** में रहने वाली 41 वर्षीय बबीता की मोदीनगर में जहर देकर हत्या कर दी गई है। महिला के साथ.साथ उसके 26 वर्षीय प्रेमी अभिषेक ने भी जहर खाने का नाटक करते हुए पहले सीएचसी मोदीनगर और फिर संजय नगर स्थित संयुक्त अस्पताल में इलाज के लिए पहुंच गया।

जैसे ही चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित किया अभिषेक बेड से गायब हो गया। ईएमओ डा गौरव ने महिला के शव को मोर्चरी में रखवाते हुए स्थानीय पुलिस को पूरी सूचना दी है। यह घटना रात के 1;00 बजे की है और सूचना मिलने के बाद मृतक महिला के पति और भाई मौके पर पहुंच गए हैं।

जानकारी के मुताबिक बताया गया है कि अभिषेक बबीता को अश्लील वीडियो बनाने के बाद ब्लैकमेल कर रहा था। बता दें कि महिला की गुमशुदगी की भी रिपोर्ट दर्ज है। इस मामले को लेकर पुलिस को सूचना दे दी गई है।

# तीसरा नाट्य बैले नृत्य महोत्सव 25 से

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली।

**नाट्य** बैले नृत्य महोत्सव का तीसरा संस्करण यहां 25 नवंबर से आयोजित होगा। इस दौरान विभिन्न प्रस्तुतियां दी जाएंगी और मंचीय कलाओं के प्रतिष्ठित नाम मास्टर क्लास लेंगे जिसमें कथक नर्तक नवतेज जौहर व कठपुतली संचालक दादी पुदुमजी शामिल हैं।नाट्य बैले सेंटर द्वारा आयोजित तीन दिवसीय महोत्सव यहां कमानी सभागार और संगीत नाटक अकादमी में होगा। आयोजकों ने एक बयान में बताया कि महोत्सव में प्रख्यात नृत्यांगना अनीता रत्नम, रीता गांगुली, शोवना नारायण, पार्श्वनाथ एस उपाध्याय, विक्रम आयंगर और समीक्षक मंजरी सिन्हा समेत विभिन्न कलाकार हिस्सा लेंगे।

महोत्सव में भरतनाट्यम में नृत्य थिएटर की दो प्रस्तुति अनमास्क्डै और ॓आभौ होंगी। अनमास्क्ड में मंदोदरी के नजरिए से रावण के चरित्र को बताने का प्रयास किया जाएगा जबकि आभा सीता और रामायण की गाथा होगी। यह महोत्सव 27 नवंबर तक चलेगा।

# खड़ी बस में लगी आग, दमकल गाड़ी ने पाया काबू

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा।



**नोएडा** के फेस टू थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक बस में आग लग गई। आग लगने से बस पूरी तरह से जलकर ख़ाक हो गई है। आग लगने के बाद आसपास के लोगों ने घटना की सूचना दमकल विभाग को दी। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने बस में लगी आग को काबू किया।

गनीमत यह रही कि आग लगने के दौरान बस में कोई मौजूद नहीं था। आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग लगने की वजह साफनहीं हो सकी है। प्राथमिक जांच में पता चला है कि कोई ज्वलनशील जैसे सिगरेट या किसी अन्य कारण से आग लगी हो सकती है। बस दादरी सुरजपुर छलेरा रोड पर होजरी कॉम्प्लेक्स के पास खड़ी थी। ये बस सुरजपुर से नोएडा सवारी को लेकर आती जाती है। इसका संचालन प्राइवेट ट्रांसपोर्ट के जरिए किया जाता है। दोपहर करीब साढ़े बारह बजे बस में अचानक आग लग गई। गनीमत रही बस में कोई नहीं था। हालांकि बस मालिक और बस चालक से पुलिस पूछताछ कर रही है। तीन दिन पहले नोएडा के 49 थाना क्षेत्र के सेक्टर 51 के होशियारपुर में मोनू की ब्रेजा कार उसके घर से कुछ ही दूरी पर खड़ी थी। उसने सुबह जाकर देखा तो उसकी कार पूरी तरह जलकर राख हो चुकी थी। उसको समझ नहीं आया कि किस वजह से कार में आग लगी है। कुछ देर बाद उसने सीसीटीवी कैमरे चेक किए तो कार में आग लगाते एक व्यक्ति दिखाई दिया।

## संक्षिप्त समाचार



मुठभेड़ में बदमाश को लगी गोली, गिरफ्तार कर अस्पताल ले जाते पुलिसकर्मी।

### बीबीए के छात्रों के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन

**नोएडा।** इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज आईएमएस नोएडा ने बीबीए के छात्रों के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान अंतिम वर्ष के छात्रों ने पुष्पगुच्छ देकर नए छात्रों को उनके आनेवाले कल की शुभकामनाएं दी। वहीं संस्थान द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में आईएमएस की डीन मेजर नूपुर गुप्ता, बीबीए के विभागाध्यक्ष डॉ जितिन गंभीर के साथ सभी स्टाफ एवं फैकल्टी ने अपनी उपस्थिति दर्ज करायी। बीबीए के विभागाध्यक्ष डॉ जितिन गंभीर ने बताया कि गीतए संगीत और नृत्य से भरपूर आज के कार्यक्रम में छात्रों ने अपने मनमोहक प्रस्तुती देकर तालियां बटोरी। संस्थान द्वारा आयोजित आज के कार्यक्रम की शुरुआत आईएमएस की डीन मेजर नूपुर गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया। इसके ठीक बाद मिस फ्रेशर और मिस्टर फ्रेशर के चुनाव की प्रक्रिया आरंभ की गई। कार्यक्रम में मिस्टर फ्रेशर और मिस फ्रेशर के चुनाव के लिए तीन राउंड रखे गए।

### विवाह के बंधन में एक साथ बंधेंगे तीन हजार जोड़े

**गाजियाबाद।** बृहस्पतिवार को कमला नेहरू नगर पार्क तीन हजार हिंदू, मुस्लिम, सिख और बौद्ध धर्म के जोड़ों के विवाह के पवित्र बंधन का साक्षी बनेगा। इसके लिए यहां विशालकाय पंडाल सजने लगा है और खाना.नाश्ता से लेकर शादी.विवाह के लिए पंडित, मौलवी, ग्रंथी और भंते अपने.अपने धर्म के वर.वधू का विवाह धार्मिक रीति रिवाजों से पूर्ण कराएंगे। श्रम विभाग में पंजीकृत श्रमिकों की बेटियों के लिए कन्या विवाह सहायता योजना के अंतर्गत गाजियाबाद, बुलंदशहर और हापुड़ जिलों के तीन हजार जोड़े सामूहिक विवाह के दौरान एक दूजे के हो जाएंगे। समारोह में श्रम सेवायोजन मंत्री के अलावा केंद्रीय राज्यमंत्री वीके सिंह कार्यक्रम में शामिल होकर वर.वधू को आशीर्वाद देंगे। सामूहिक विवाह के दौरान करीब 35 हजार लोगों के खाने के साथ नाश्ते का भी इंतजाम है। खाने में पूरी, सब्जी, छोले, नान, पनीर के अलावा मिठाई का भी इंतजाम रहेगा। नाश्ते में ब्रेड पकौड़ा और चाय दी जाएगी।

### दीपक हत्याकांड में महिला समेत चार गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** तीन दिन पूर्व तिबड़ा रोड पर हुए दीपक हत्याकांड का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक महिला और उसके पति समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अवधेश त्रिपाठी ने बताया कि 20 नवंबर की रात इंद्रापुरी कॉलोनी में दीपू उर्फ दीपांशु की जन्मदिन पार्टी के दौरान हुई कहासुनी के बाद दीपक पासी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने जांच के दौरान पाया कि दीपक का मोनिका के घर आना जाना था। दोनों ही सट्टे और अवैध शराब के कारोबार से जुड़े थेए इसी को लेकर कुछ दिनों से दोनों के बीच अनबन चल रही थी। मृतक दीपक हाल ही में जिला बदर की सजा काटकर घर लौटा था।




## ऋषिकेश

**कुदरती** खूबसूरती, गंगा की कल-कल धारा और पर्वतों के बीच शांति के साथ रोमांच देखने की जगह का नाम है ऋषिकेश। दिल्ली से महज 254 किमी की दूरी पर स्थित इस जगह पर आते हैं तो आप हरिद्वार भी आसानी से घूम लेंगे। बस से आते हैं तो किराया तकरीबन 200 रुपये से शुरू होकर 500 रुपये तक हो सकता है। इसके अलावा ट्रेन से यहां तकरीबन 100 रुपये से शुरू 500 रुपये तक आपका किराया लगेगा। यदि आप एडवेंचर के शौकीन हैं तो ऋषिकेश आना आपके लिए बेहतर स्पॉट है। रिवर राफ्टिंग में आपको यकीनन मजा आएगा। कई कंपनियां केवल दो-तीन हजार रुपये में टूर पैकेज देती हैं, जिसमें खाना-पीना भी शामिल होता है। बेहतर होगा कि आप कोई टूर पैकेज ना लें, इससे आपका बजट और भी कम हो जाएगा।

# घूम आइए, 5000 रुपये में देश के पांच मनोरम स्थल

क्रिसमस और नए साल की आहट के साथ ही वैकेशन टाइम भी शुरू हो रहा है। यदि आप दिल्ली में हैं तो आपके लिए राजधानी के आसपास की जगहें एक्सप्लोर करने का ये बिल्कुल सही टाइम है। कम बजट, सोलो ट्रैवलिंग या फिर दोस्तों के साथ घूमने की प्लानिंग के लिए हम आपको बताने जा रहे हैं दिल्ली के नजदीक ऐसे खूबसूरत टूरिस्ट स्पॉट, जहां आप बहुत ही कम पैसों में घूमकर आ सकते हैं। आइए आपको बताते हैं ऐसी कई जगहों के बारे में जहां आप केवल पांच से सात हजार रुपये में घूमकर आ सकते हैं।



## लैंसडाउन

**यह** खूबसूरत जगह दिल्ली से सटे उत्तराखंड में स्थित है। यदि आप वीक एंड में घूमने की प्लानिंग बना रहे हैं तो यह एक बेस्ट टूरिस्ट प्लेस है। दिल्ली से तकरीबन 250 किमी पर बसे इस हिल स्टेशन तक पहुंचने का किराया आपके लिए 1000 रुपये से भी कम है। यदि आप अपनी कार से जाते हैं तो हो सकता है आपको यात्रा में राहत मिले, लेकिन बजट बढ़ सकता है। यहां जाने के लिए आपको कोटद्वार जाना होगा और उसके बाद लोकल बस से लैंसडाउन के लिए आप टैक्सी कर सकते हैं। कोटद्वार से लैंसडाउन की दूरी महज 50 किमी है। तकरीबन एक घंटे का यह सफर खूबसूरत कुदरती नजारों के चलते बेहद यादगार बन जाएगा। ध्यान रहे दिल्ली से कोटद्वार का रास्ता सड़क-रेल दोनों ही मार्ग से जुड़ा है। अच्छे होटल यहां 700-800 रुपये प्रति नाइट के हिसाब से मिलेंगे। बेहतर होगा आप ऑनलाइन बुकिंग करें।






## हिमाचल प्रदेश, कसोल

उत्तराखंड पूरा ही टूरिस्ट प्लेस है। यदि आप दिल्ली में रहते हैं, तो यहां एक नहीं बल्कि कई जगहें हैं, जो आप बहुत सस्ते में घूम सकते हैं। कसौल की दिल्ली से दूरी 517 किमी है, जबकि किराया बस 500 रुपये से शुरू होकर एक हजार रुपये तक है। इसके अलावा यदि आप ट्रेन से जाना चाहें तो 500 रुपये में स्लीपर का टिकट आसानी से मिल जाएगा। कसोल किसी जन्नत से कम नहीं है। यहां बार से लेकर रेस्टोरेंट तक सभी कुछ मिलेगा। मनीकरण से कसोल की दूरी केवल 5 किलोमीटर है। खास बात यह है कि यहां आपको बहुत सारे विदेशी टूरिस्ट मिलेंगे। ऑनलाइन बुकिंग करते हैं तो बहुत अच्छे होटल्स में आपको 500 से 700 रुपये तक प्रति नाइट के हिसाब से अच्छे रूम मिल जाएंगे।

## धर्मशाला

**हिमाचल** प्रदेश वैसे ही टूरिस्ट स्टेट है। यहां शिमला के साथ ही कुल्लू और मनाली जैसी खूबसूरत जगहें हैं। बावजूद इसके यहां धर्मशाला घूमना आपके लिए एक यादगार अनभुव हो सकता है। यहां की वादियां आपको किसी स्वर्ग से कम नहीं लगेंगी। कम बजट और दिल्ली से आसानी से पहुंच, इसे आपके लिए एक बेस्ट टूरिस्ट प्लेस बनाती है। यह देश की राजधानी से तकरीबन 475 किमी की दूरी पर है। यदि आप बस से यहां पहुंचते हैं, तो दूरी तकरीबन 475 किमी होगी जबकि बस का किराया तकरीबन 500 रुपये से शुरू 1000 रुपये तक पहुंचता है। ऐसे ही ट्रेन से आप 500 रुपये में स्लीपर टिकट बुक करवा सकते हैं। यदि होटल में रुकने के लिए ऑनलाइन बुकिंग करते हैं तो अच्छे होटल भी आपको 1000 रुपये प्रति नाइट के हिसाब से मिल जाएंगे। यह पहाड़ी इलाका आपके लिए यादगार ट्रिप हो सकता है। यही नहीं थोड़ा सा बजट बढ़ाएं तो 10 किमी आगे मैकलॉडगंज भी आपके लिए एक बेहतरीन टूरिस्ट डेस्टिनेशन हो सकती है।

**( नोट : इन टूरिस्ट प्लेसेस पर घूमने की प्लानिंग और बजट की जानकारी दिल्ली और आसपास के इलाकों के हिसाब से साझा की गई है। बताए गए किराए और संभावित खर्चे में बदलाव संभव है। लिहाजा बेहतर होगा कि आप किसी ट्रैवल एजेंट या कंपनी से स्पष्ट जानकारी हासिल करें। इसके अलावा आप दिल्ली के बाहर से हैं या आ रहे हैं तो यह बजट प्लानिंग लागू नहीं होगी। )**



# गोम्पाओं की धरती स्पीति घाटी

**साल** में छह माह से अधिक समय तक बर्फ की सफेद चादर से ढकी रहने वाली हिमाचल की स्पीति घाटी को 'गोम्पाओं की धरती' भी कहा जाता है। इस घाटी के उत्तर में लद्दाख, पश्चिम में चम्बा और पूर्व में तिब्बत पड़ता है। हिमश्वेंतिमा और यहां के अजीबो-गरीब रीति-रिवाजों के लिए यह घाटी काफी मशहूर है। अक्तूबर-नवंबर में जब स्पीति घाटी बर्फ की अधिकता के कारण शेष दुनिया से कट जाती है, तब यहां का जीवन नहीं रुकता, बल्कि यहां की जिंदगी उत्सव और उल्लास के साथ हंसते-गाते चलती रहती है।

स्पीति घाटी के लोग बौद्ध-धर्म के अनुयायी हैं। बौद्ध-धर्म में अगाध आस्था रखने वाले अधिकांश स्पीतिवासी घरों में पुरातन प्रतिमाओं एवं पोथियों की प्रतिदिन पूजा करते हैं। यहां की धार्मिक मान्यताओं के अनुसार प्रत्येक परिवार से बड़े लड़के को छोड़कर शेष सभी छोटे भाइयों को बचपन से ही गोम्पाओं में भेज दिया जाता है, जहां वे बौद्ध-धर्म की शिक्षा-दीक्षा ग्रहण करते हैं। पैतृक संपत्ति का स्वामी बड़े लड़के को ही समझा जाता है। अगर कोई माता-पिता अपने बच्चों को गोम्पा में न भेजना चाहें तो वह निश्चित धनराशि गोम्पा में दान कर देता है। यहां कई परिवार की लड़कियां भी अल्पायु में ही भिक्षुणी बना दी जाती हैं। गोम्पाओं के जीवन-निर्वाह का खर्च यहां के स्थानीय निवासी उठाते हैं।

इस घाटी में जब कन्या विवाह के योग्य हो जाती है, तब माता-पिता ज्योतिषी, जिसे 'झोय' कहा जाता है, से उपयुक्त वर के विषय में विचार-विमर्श करते हैं। कन्या और वर की जन्म-कुंडलियों का मिलान तो कराया ही जाता है, साथ ही भावी संतानों के बारे में भी झोय से जानकारी प्राप्त की जाती है। विवाह निश्चित होने पर लड़के का पिता लड़की के घर आता है, जहां उसका स्वागत छांग नामक सुरा पिलाकर किया जाता है। विवाह के अवसर पर भी बारातियों की आवभगत छांग से की जाती है। विवाह से पूर्व बारातियों का चयन गांव के बुजुर्गों द्वारा किया जाता है। शादी की रस्म पूरी होने पर वरपक्ष की ओर से एक तीर लड़की की मां को उपहार स्वरूप भेंट किया जाता है। इस घाटी में प्रेम-विवाह भी होते हैं, जिन्हें 'खाडयू' नाम से जाना जाता है। घाटी के कुछ स्थानों पर सगाई की रस्म कन्या के पिता व वर के मामा के बीच परस्पर सहमति होने पर तय की जाती है। इस सहमति के बीच स्वागत-सत्कार में छांग की दावतें होती हैं। जब विवाह की तारीख निश्चित हो जाती है और वधू के द्वार पर बारात का आगमन होता है, तब घर की छत से एक जीवित भेड़ को मंत्रोच्चार के बीच बारातियों पर फेंका जाता है। बारातीगण इस भेड़ को पकड़ कर उसका वध कर डालते हैं और वधू के घर में प्रवेश करते हैं। इसके पश्चात ही विवाह की सारी रस्में संपन्न होती हैं।

स्पीति घाटी के निवासी नाच-गाने के शौकीन और उत्सव प्रेमी होते हैं। सालभर यहां उत्सवों का सिलसिला चलता रहता है। 'लोसर' यहां का प्रमुख उत्सव है, जो शीत ऋतु में मनाया जाता है। यह उत्सव तीन दिन तक चलता है, जिसमें बच्चे-बूढ़े सभी उत्साहपूर्वक भाग लेते हैं। 'फागुनी' यहां नववर्ष का उत्सव है। इस उत्सव में सभी लोग एक-दूसरे को फूलों के गुलदस्ते भेंट करके नववर्ष की बधाइयां देते हैं। लड़के के जन्म पर गोछी नामक उत्सव का आयोजन किया जाता है। इस अवसर पर गांववासी उस घर में एकत्र होते हैं, जहां लड़के का जन्म हुआ होता है। नाच-गाने के साथ ग्राम देवता को छांग अर्पित की जाती है। लड़की के जन्म पर भिगरी नामक उत्सव आयोजित किया जाता है। स्पीति घाटी के मेलों में 'लादरचा' मेला काफी मशहूर है।

विवाह का अवसर हो या संतान का जन्म, कोई उत्सव हो या मेला अथवा अन्य कोई सामुदायिक त्योहार स्पीतिवासी तन्मयता के साथ लोकवाद्य बजाकर पारम्परिक नृत्य करते हैं। 'राक्षस नृत्य' यहां का प्रमुख नृत्य है। इस नृत्य में नर्तक राक्षसी मुखौटे पहन कर और हाथों में धारदार खूखरियां लेकर नाचते हैं। इस नृत्य को यहां अत्यंत पवित्र माना जाता है, इसलिए इस नृत्य में केवल लामा लोग ही भाग लेते हैं। इसी तरह 'बुकम नृत्य' भी लामाओं द्वारा किया जाता है।

**निर्विकल्प विश्र्वहृदय**

# औली में स्कीइंग का मजा लीजिए, वो भी कम दाम में



**औली** उत्तराखंड के जोशीमठ इलाके में स्थित एक प्रकृति की खूबसूरत देन है। ये उत्तराखंड की राजधानी देहरादून से लगभग 310 किमी की दूरी पर स्थित है। यहां पर प्रत्येक वर्ष हजारों लोग घूमने आते हैं, लेकिन ये जगह अधिकतर उन लोगों की फेवरेट है, जो कि एडवेंचर्स के शौकीन हैं। यहां पर एक काल्पनिक झील भी है, जहां पर हर एक वर्ष इंटरनेशनल स्कीइंग गेम्स होते हैं।

**यहां पर आप कई प्रकार के खेलों का आनंद प्राप्त कर सकते हैं जैसे कि**

1. स्कीइंग
2. स्नोबोर्डिंग
3. आइस हॉकी
4. स्केटिंग, इत्यादि।

औली मुख्यता स्कीइंग के लिए प्रसिद्ध है। यहां पर घूमने जाने के लिए सबसे उपयुक्त समय नवंबर से मार्च तक का माना जाता है। बर्फबारी का मुख्य समय दिसंबर से फरवरी तक का माना जाता है। इस समय यहां का तापमान काफी नीचे रहता है। नवंबर से फरवरी तक यहां का तापमान रात के समय -05 डिग्री तक गिर जाता है व दिन में सूरज उगने के बाद मौसम काफी सुहावना सा प्रतीत होता है। जो कि आपकी एडवेंचर एक्टिविटीज के लिए एकदम उपयुक्त है। अगर आपको भी इस साल स्कीइंग करने का मन है तो आपको औली से अच्छा स्थान नहीं मिल सकता, जो की काफी कॉस्ट इफेक्टिव भी है। हिमालयन एडवेंचर जरनीनामक एक टूर एंड ट्रेवल कंपनी है, जो कि काफी सस्ते दामों पर आपको औली का टूर करवाते हैं। आप उनसे आज ही संपर्क कर सकते हैं, जिससे कि आप उनके इस सीजन के ऑफर्स का प्रयोग कर सकें।

# अगला टी-20 वर्ल्ड कप नए फॉर्मेट के साथ खेला जाएगा

## आईसीस ने 2024 में होने वाले टूर्नामेंट के फॉर्मेट में बदलाव किया

### पहले राउंड में चार फिर सुपर-8 में दो ग्रुप बनेंगे

एजेंसी। दुबई

**अगला** टी-20 वर्ल्ड कप नए फॉर्मेट के साथ खेला जाएगा। दुनिया में क्रिकेट को संचालित करने वाली संस्था इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीस) ने 2024 में होने वाले इस टूर्नामेंट के फॉर्मेट में बदलाव किया है। अहम बात यह है कि वेस्टइंडीज की मेजबानी में खेले जाने वाले टी-20 के सबसे बड़े टूर्नामेंट में 20 देशों की टीमें हिस्सा लेंगी। इसके मैच अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेले जाएंगे।



कुछ दिन पहले ऑस्ट्रेलिया में खेला गया टी-20 वर्ल्ड कप लीग कम नॉकआउट फॉर्मेट में खेला गया था। इसमें सबसे पहले क्वालिफाइंग राउंड खेला गया था। दो ग्रुप के क्वालिफाइंग राउंड से चार टीमों ने सुपर-12 के लिए क्वालिफाई किया, जहां आठ टीमें पहले से मौजूद थीं। सुपर-12 में 6-6 टीमों के दो ग्रुप थे। दोनों ग्रुप से दो-दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंची और इन मैचों की विजेता टीमों ने फाइनल मैच खेला। अगले वर्ल्ड कप में 20 टीमें हिस्सा लेने जा रही है। अब तक 16 टीमें ही वर्ल्ड कप खेलती थीं। इनमें से आठ सीधे सुपर लीग राउंड में प्रवेश करती थीं। शेष चार टीमें पहले राउंड से क्वालिफाई करके आती थीं। 20 टीमों को चार ग्रुप में बांटा जाएगा। यानी कि हर ग्रुप में पांच टीमें। हर ग्रुप से टॉप-2 टीमें सुपर-8 राउंड में प्रवेश करेंगी। इन आठ टीमों को दो सुपर लीग डिवीजन में बांटा जाएगा। हर डिवीजन में चार टीमें। ये सभी आपस में तीन-तीन लीग मैच खेलेंगी। यहां से हर डिवीजन की टॉप-2 टीमें सेमीफाइनल राउंड में जाएंगी और सेमीफाइनल जीतने वाली टीम फाइनल खेलेगी।

### ये टीमें कर चुकी हैं क्वालिफाई

**अब** तक 12 टीमें क्वालिफाई कर चुकी हैं। इनमें बीते दिनों खेले गए टी-20 वर्ल्ड कप की टॉप-8 टीमें सीधे क्वालिफाई कर गई हैं। वेस्टइंडीज और अमेरिका को बतौर मेजबान डायरेक्ट एंट्री मिली है। इसके अलावा दो अन्य टीमें रैंकिंग के आधार पर आई हैं। शेष आठ टीमें क्वालिफायर टूर्नामेंट के जरिए आएंगी। अगले ग्राफिक में देखिए कौन-कौन सी टीमें कैसे क्वालिफाई हुई हैं। बचे हुए आठ कोटे के लिए क्वालिफिकेशन रीजनल प्ले से होगा। आईसीसी ने कहा, साउथ अफ्रीका ने कोटा हासिल करने की मजबूत दावेदारी पेश की है। जबकि जिम्बाब्वे दावेदारी में कमजोर रहा है। ऐसे में दोनों को रीजनल क्वालिफिकेशन के लिए भेजे गए हैं। साउथ अफ्रीका और जिम्बाब्वे सुपर-12 के नीचले पायदान पर रहे थे।

# सूर्यकुमार टी-20 में शीर्ष पर बरकरार, कोहली छठे स्थान पर

## ताजा रैंकिंग में करियर बेस्ट 890 पॉइंट्स, विराट को दो स्थान का नुकसान

### आईसीसी रैंकिंग

### चोटिल जसप्रीत बुमराह गेंदबाजों की सूची में 11वें स्थान पर

पायनियर समाचार सेवा। दुबई





**भारत** के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने बुधवार को यहां जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) पुरुष टी-20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा जबकि हरफनमौला हार्दिक पंड्या संयुक्त 50वें स्थान पर पहुंच गए।

सूर्यकुमार ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय में नाबाद 111 रन बनाकर रैंकिंग में शीर्ष पर अपनी स्थिति और मजबूत की। उन्होंने तीन मैचों की श्रृंखला से 31 रेटिंग अंक प्राप्त किए हैं। वह 890 रेटिंग अंक के साथ दूसरे स्थान पर काबिज पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान से 54 रेटिंग अंक आगे है। न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला में भारत का नेतृत्व करने वाले हार्दिक श्रृंखला के आखिरी मैच में नाबाद 30 रन बनाकर बल्लेबाजों के बीच संयुक्त 50वें स्थान पर पहुंच गए। गेंदबाजों की सूची में अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार दो पायदान चढ़कर 11वें जबकि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह एक पायदान ऊपर 21वें स्थान पर पहुंच गए हैं। स्पिनर युजवेंद्र चहल आठ पायदान की छलांग लगाकर 40वें स्थान पर पहुंच गए हैं। भारतीय दिग्गज विराट कोहली एकदिवसीय में बल्लेबाजों की रैंकिंग में छठे स्थान के साथ शीर्ष भारतीय है। कप्तान रोहित शर्मा आठवें पायदान पर बरकरार है। चोटिल जसप्रीत बुमराह गेंदबाजों की सूची में 11वें स्थान पर है। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर और ट्रेविस हेड ने इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में मेलबर्न क्रिकेट मैदान (एमसीजी) पर 269 रन की शानदार साझेदारी के बाद बल्लेबाजों की रैंकिंग में उल्लेखनीय सुधार किया। इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में दमदार प्रदर्शन करने वाले स्टीव स्मिथ भी अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग सातवें स्थान की बराबरी करने में सफल रहे। इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय में 106 रन की पारी खेलने वाले वार्नर एक स्थान के सुधार के साथ पांचवें जबकि इसमें 152 रन बनाने वाले हेड 12 स्थानों के सुधार के साथ 30वें पायदान पर पहुंच गए।

### विराट कोहली को दो स्थान का नुकसान

**टी-20** वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज विराट कोहली को दो स्थान का नुकसान हुआ है। कोहली अब 650 पॉइंट्स के साथ 13वें नंबर पर हैं। केएल राहुल 582 अंकों के साथ 19वें स्थान पर हैं। इस तरह भारत के तीन बल्लेबाज टॉप-10 में हैं।

### न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टी-20 में जमाया था शतक

**सूर्यकुमार** यादव ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाए। दो मुकाबलों में उनके बल्ले से 124 रन निकले हैं। इसमें एक शतक शामिल है। सर्या ने दूसरे टी-20 मुकाबले में शतकीय पारी खेली थी। यह उनके करियर का दूसरा शतक था। इस मैच के बाद सूर्या के 895 रेटिंग पॉइंट्स हो गए थे। लेकिन, दूसरे मैच में फेल होने की वजह से उन्हें पांच पॉइंट्स का नुकसान उठाना पड़ा।



## युवा विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप

# भारत के चार और मुक्केबाजों ने पक्के किए पदक

### अब भारत के पास कुल पदकों की संख्या 11 हुई

### मुस्कान, तमन्ना समेत चार भारतीय मुक्केबाजों ने किया शानदार प्रदर्शन

एजेंसी। नई दिल्ली

**मुस्कान** और तमन्ना समेत चार भारतीय मुक्केबाजों ने स्पेन के ला नुसिया में जारी पुरुषों और महिलाओं की युवा विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंचकर पदक पक्के किए जिससे भारत के पास कुल पदकों की संख्या 11 हो गई।

युवा एशियाई चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता कीर्ति (81 किग्रा से अधिक) और देविका घोरपडे (52 किग्रा) अन्य दो मुक्केबाज हैं जिन्होंने अंतिम चार चरण में अपनी जगह पक्की की। इन चार पदकों के साथ भारत ने पिछले सत्र में पोलैंड में आयोजित इस टूर्नामेंट में अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 11 पदक की बराबरी कर ली। तमन्ना ने भारत के लिए दिन की शुरुआत आक्रामक अंदाज में करते हुए महिलाओं की 50 किग्रा क्वार्टर फाइनल में सर्वसम्मत निर्णय से जापान की जूनी टोनेगावा को मात दी। देविका ने जर्मनी की अस्या अरी के खिलाफ 5-0 से आसान जीत दर्ज की। मुस्कान (75 किग्रा) और कीर्ति अपने-अपने प्रतिद्वंदियों मंगोलिया की ज्एइनएप अजीमबाई और रोमानिया की लिविया बोटिका खिलाफ काफी मजबूत साबित हुईं। इन दोनों को बाउट शुरू होने के तीन मिनट के अंदर रेफरी स्टॉप द कॉन्टेस्ट के फैसले से विजेता घोषित किया गया। इस बीच, प्रीति दहिया (57 किग्रा), रिदम (92 किग्रा से अधिक) और जादुमणि सिंह मांडेंगबाम (51 किग्रा) अपने-अपने क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए।

## संक्षिप्त समाचार

### मंत्री ने एशियाई देशों के युवा प्रतिनिधिमंडल से बातचीत की



**नई दिल्ली।** केंद्रीय युवा कल्याण एवं खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने यहां रात्रि भोज के दौरान मध्य एशियाई देशों के 100 सदस्यीय युवा प्रतिनिधिमंडल के साथ बातचीत की। इस प्रतिनिधिमंडल ने 17 से 23 नवंबर तक भारत में अपने प्रवास के दौरान प्रधानमंत्री संग्रहालय, दिल्ली में युद्ध स्मारक, मुंबई में टाटा मेमोरियल अस्पताल, मुंबई फिल्म सिटी और गेटवे ऑफ इंडिया का दौरा किया। ठाकुर ने कहा, यह अपनी तरह का पहला अंतरराष्ट्रीय युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम है जिसमें चार मध्य एशियाई देशों के प्रतिनिधि साथ में आए हैं। इस तरह के कार्यक्रम सद्भावना और स्वस्थ संबंधों को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाएंगे।

### पेले ने वेह को विश्व कप में गोल करने पर बधाई दी



**दोहा।** ब्राजील के महान फुटबॉलर पेले ने अमेरिका के फारवर्ड टिमोथी वेह को विश्वकप में वेल्स के खिलाफ गोल करने पर बधाई दी। वेह ने सोमवार का खेले गए मैच में 36वें मिनट में गोल किया। इस तरह से वह वेल्स के खिलाफ विश्वकप में गोल करने वाले दूसरे खिलाड़ी बने। उनसे पहले पेले ने 1958 में वेल्स के खिलाफ गोल किया था। तब पेले 17 साल के थे। वेल्स ने इससे पहले आखिरी बार 1958 में विश्वकप में हिस्सा लिया। अमेरिका ने वेह के गोल की मदद से वेल्स के खिलाफ मैच 1-1 से ड्रॉ खेला।वेह ने गोल करने के बाद जश्न मनाने की अपनी तस्वीर इंस्टाग्राम पर पोस्ट की थी। पेले ने उनकी इस पोस्ट पर ही टिप्पणी की थी। इस महान फुटबॉलर ने कहा, बधाई। यह खूबसूरत गोल था। सपना देखना जारी रखो सपने सच होते हैं। वेह ने इस पर प्रतिक्रिया करते हुए कहा, फुटबॉल के बादशाह से इस तरह का प्रेरणादाई संदेश मिलना आशीर्वाद और सम्मान है।

### इंटरनेशनल लीग टी-20 का आयोजन 13 जनवरी से

**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल लीग टी-20 (आईएलटी-20) का पहला टूर्नामेंट 13 जनवरी से दुबई में खेला जाएगा। एक रिपोर्ट के अनुसार इस टूर्नामेंट का फाइनल 12 फरवरी को हो सकता है। यह छह टीम का टूर्नामेंट है जिसमें कुल 34 मैचों के खेले जाने की संभावना है। इसमें प्रत्येक टीम दूसरी टीम से दो बार खेलेगी और उसके बाद चार प्लेऑफ मैच होंगे। इस लीग में सुनील नारायण, आंद्रे रसेल, ट्रेंट बोल्ट, एलेक्स हेल्स, मोईन अली, वानिन्दु हसरंगा, मुजीब उर रहमान और सिकंदर रजा जैसे क्रिकेटर हिस्सा लेंगे। आईएल टी-20 की अधिकतर फ्रेंचाइजी के मालिक भारतीय कंपनियां हैं। इनमें आईपीएल टीम जैसे कि मुंबई इंडियंस, कोलकाता नाइट राइडर्स और दिल्ली कैपिटल्स के मालिक भी शामिल हैं।

# न्यूजीलैंड क्रिकेट ने मार्टिन गुप्टिल को केंद्रीय अनुबंध से मुक्त किया



एजेंसी। वेलिंगटन

### गुप्टिल के पास अब विदेशों में खेलने का मौका

**न्यूजीलैंड** क्रिकेट ने अनुभवी बल्लेबाज मार्टिन गुप्टिल को अपने केंद्रीय अनुबंध से मुक्त कर दिया जिससे इस क्रिकेटर के पास अब विदेशों में खेलने का मौका होगा।

गुप्टिल हाल में सीमित ओवरों की टीम में जगह नहीं बना पाए थे। यह 36 वर्षीय खिलाड़ी तीसरा ऐसा क्रिकेटर है जिसे केंद्रीय अनुबंध से मुक्त किया गया। उनसे पहले ट्रेंट बौल्ट और कोलिन डी ग्रैंडहोम को भी न्यूजीलैंड क्रिकेट ने केंद्रीय अनुबंध से मुक्त किया था। इन तीनों खिलाड़ियों ने विदेशी टी-20 लीग में अवसर तलाशने के लिए यह फैसला किया। न्यूजीलैंड क्रिकेट के मुख्य कार्यकारी डेविड वाइट ने बुधवार को कहा, हम मार्टिन की स्थिति को जानते हैं। वह पिछले लंबे समय से हमारे बेहतरीन बल्लेबाज रहे। वह अब अन्य अवसरों को तलाशना चाहते हैं और हम उनकी राह में रोड़ा नहीं बनना चाहते हैं। गुप्टिल अभी न्यूजीलैंड की तरफ से टी-20 क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं जबकि वनडे में वह तीसरे स्थान पर काबिज हैं। गुप्टिल ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 3500 जबकि वनडे में 7346 रन बनाए हैं। उन्हें भारत के खिलाफ टी-20 श्रृंखला के लिए न्यूजीलैंड की टीम में नहीं चुना गया था। भारत ने तीन मैच की यह श्रृंखला 1-0 से जीती।

# स्टेफनी पुरुषों के विश्वकप में पहली महिला रेफरी बनीं

एजेंसी। दोहा

**फ्रांस** की रेफरी स्टेफनी फ्रेपर्ट पुरुषों के फीफा विश्वकप में दायित्व संभालने वालीं पहली महिला अधिकारी बन गईं। उन्होंने मेक्सिको और पोलैंड के बीच हुए ग्रुप सी मुकाबले में चौथे अधिकारी के रूप में दायित्व संभाला।

पुरुषों के फीफा विश्वकप में पहली बार तीन महिला रेफरियों को शामिल किया गया है। दो अन्य रवांडा की सलीमा मुकानसांगा और जापान की यामाशिता हैं। कतर में हो रहे फीफा विश्व कप 2022 के लिए कुल 36 रेफरी चुने गए हैं। इनमें तीन महिला रेफरी शामिल हैं। इसके अलावा 69 असिस्टेंट रेफरी भी चुने गए हैं, जिसमें ब्राजील की नुजा बैक, मैक्सिको की करेन डियाज मदीना और अमेरिकी कैथरीन नेस्बिटा शामिल हैं। 38 साल की स्टेफनी 2020 में पुरुष चैंपियंस लीग में भी पहली महिला रेफरी बनी थीं। यह मैच जुवेंटस अर डायनमो कीव के बीच खेला गया था। वह लीग-1, यूरोपा लीग, पुरुष विश्वकप क्वालिफाइंग में भी दायित्व संभाल चुकी हैं। फ्रेपट इससे पहले विश्व कप के क्वालीफाइंग राउंड और चैंपियंस लीग में पुरुषों के मैच में रेफरी रही हैं। उन्होंने 2019 महिला विश्व कप फाइनल में भी रेफरी की जिम्मेदारी संभाली थी।



### ग्रुप सी मुकाबले में चौथे अधिकारी के रूप में दायित्व संभाला

### लैंगर ने ऑस्ट्रेलियाई टीम के कुछ खिलाड़ियों को कायर करार दिया

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया के पूर्व कोच जस्टिन लैंगर ने राष्ट्रीय टीम के कुछ खिलाड़ियों को कायर करार देते हुए कहा कि ये खिलाड़ी उनके सामने अच्छा व्यवहार करते थे लेकिन पीठ पीछे ड्रेसिंग रूम की बातों को बाहर लीक करते थे। ऑस्ट्रेलिया को घरेलू धरती पर एशेज में 4-0 से जीत और पिछले साल टी-20 विश्व कप का खिताब दिलाने वाले को 52 वर्षीय लैंगर ने इस साल फरवरी में मुख्य कोच पद छोड़ दिया था क्योंकि क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने उनके अनुबंध को लंबे समय तक बढ़ाने से इंकार कर दिया था। ऑस्ट्रेलिया के सीनियर खिलाड़ियों जैसे आरोन फिंच, पैट कमिंस और पूर्व टेस्ट कप्तान टिम पेन ने लैंगर की कोचिंग शैली की आलोचना की थी। लैंगर ने कहा, मेरे सामने सभी अच्छा व्यवहार करते थे, लेकिन मैं अखबारों में और ही कुछ पढ़ रहा था। मैं ईश्वर और अपने बच्चों की सौगंध खाता हूं कि समाचार पत्र जो कुछ लिख रहे थे उस पर मुझे विश्वास नहीं हो पा रहा था।

# एआईएफएफ से जुड़ी याचिका पर छह को सुनवाई करेगा न्यायालय

एजेंसी। नई दिल्ली।



फुटबॉल को आगे बढ़ाने की कोशिश को छोड़कर बाकी सब कुछ कर रहे

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि वह अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) से जुड़ी एक याचिका और खेल निकाय के मसौदा संविधान से संबंधित आपत्तियों पर छह दिसंबर को सुनवाई करेगा।

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला की पीठ ने एआईएफएफ की तरफ से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता राजू रामचंद्रन की इस दलील का भी संज्ञान लिया कि खेल निकाय को कुछ जरूरी दिशा-निर्देशों की जरूरत है। प्रधान न्यायाधीश ने रामचंद्रन से कहा, हम इस मामले पर छह दिसंबर को सुनवाई करेंगे। इससे पहले, पीठ ने कहा था कि फुटबॉल को आगे बढ़ाने की जरूरत है। उसने लोगों से राष्ट्रीय खेल महासंघ के संविधान के मसौदे पर न्याय मित्र को सुझाव देने का आग्रह करते हुए कहा था, हम फुटबॉल को आगे बढ़ाने की कोशिश को छोड़कर बाकी सब कुछ कर रहे हैं। पीठ ने न्याय मित्र के रूप में उसकी सहायता कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन से नौ नवंबर को आपत्तियों को सूचीबद्ध करने के लिए कहा था, ताकि संविधान के मसौदे को अंतिम रूप दिया जा सके।

# कप्तान के रूप में परिपक्व हो गया हूं, कड़े फैसले ले सकता हूं: धवन

## तीन एकदिवसीय मैचों की श्रंखला में टीम की कमान संभालने को तैयार

एजेंसी। नई दिल्ली

**शिखर** धवन के लिए हिचकिचाहट और फैसले लेने में अनिश्चितता अब बीती बात हो गई है और वह कप्तान के रूप में ऐसे निर्णय करने में नहीं हिचकिचाते हैं जो किसी खिलाड़ी को भले ही अच्छा न लगे लेकिन उससे टीम को फायदा पहुंचता है। बाएं हाथ का यह बल्लेबाज न्यूजीलैंड के खिलाफ शुक्रवार से शुरू होने वाली तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैचों की श्रंखला में भारतीय टीम की कमान संभालने के लिए तैयार हैं।

यह पहला अवसर नहीं है जबकि धवन टीम की कप्तानी करेंगे। इससे पहले भी वह कुछ अवसरों पर भारत की दूसरी श्रेणी की टीम की अगुवाई कर चुके हैं। उनके नेतृत्व में भारत ने श्रीलंका के खिलाफ 3-2 से और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 2-1 से जीत दर्ज की थी। टीम को उनके कप्तान रहते हुए वेस्टइंडीज से 1-4 से हार का सामना करना पड़ा था। दिल्ली के इस बल्लेबाज ने कहा कि समय के साथ उनकी निर्णय लेने की क्षमता में सुधार हुआ है। धवन ने कहा, आप जितना अधिक खेलते हैं, आप अपने फैसलों को लेकर उतने अधिक आश्वस्त रहते हैं। इससे पहले ऐसे भी मौके आते थे जबकि मैं किसी गेंदबाज के प्रति सम्मान दिखाते हुए उसे अतिरिक्त ओवर दे देता था लेकिन अब मैं परिपक्व हो गया हूं और अगर किसी को बुरा भी लगे तब भी मैं वह फैसला करूंगा जिससे टीम को फायदा पहुंचे। नेतृत्व कौशल को लेकर आगे बात करते हुए धवन ने कहा कि संतुलन बनाए रखना और खिलाड़ियों का भरोसा जीतना महत्वपूर्ण होता है। वह बमुश्किल ही दबाव महसूस करते हैं और अपने आसपास का माहौल खुशनुमा रखते हैं। धवन ने कहा, जब आप किसी तार वाले वाद्य यंत्र पर संगीत बजाते हैं तो यदि तार बहुत ढीला है तो उसका स्वर अच्छा नहीं आएगा या यदि तार बहुत कसा गया है तो वह टूट जाएगा। इसलिए यह संतुलन पैदा करने से जुड़ा हुआ है। कप्तान के रूप में संतुलन पैदा करना महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा, आपको यह पता होना चाहिए कि कब तार को कसना है और कब उसे थोड़ा ढीला छोड़ना है। यह समय पर निर्भर करता है। इस स्तर पर मैं यह भी समझ गया हूं कब खिलाड़ियों से कैसी बात करनी है और कितनी बात करनी है। उन्होंने कहा, अगर किसी गेंदबाज की गेंद पर शॉट लगता है तो यह जानना महत्वपूर्ण होता है कि उससे कब बात करनी है। जब माहौल में गर्मी हो तो मैं तब उससे बात नहीं करूंगा। इसके बजाय मैं उससे बाद में सहजता से बात करूंगा।



### संतुलन बनाए रखना महत्वपूर्ण

**धवन** ने कहा, यह इस पर भी निर्भर करता है कि आप किस स्तर पर कप्तानी कर रहे हैं। यदि यह आईपीएल है तो अधिकतर खिलाड़ी परिपक्व होते हैं, इसलिए आपको यह सोचना पड़ेगा तार कसना है या नहीं। रणजी ट्रॉफी में कुछ अवसरों पर आपको दृढ़ता दिखानी होती है क्योंकि उस स्तर पर कुछ खिलाड़ी कच्चे घड़े की तरह होते हैं और आपको उन्हें ढालने के लिए दृढ़ बनना पड़ता है। संतुलन बनाए रखना महत्वपूर्ण होता है। इस 36 वर्षीय खिलाड़ी को हाल में इंडियन प्रीमियर लीग की टीम पंजाब किंग्स का कप्तान नियुक्त किया गया था।

पायनियर

पायनियर समूह को आवश्यकता है

1 - अनुभवी मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव (विज्ञापन प्रतिनिधि)- 8 प्रतिनिधि
एरिया - चंडीगढ़, रोहतक, सोनीपत, करनाल, यमुनानगर, पलवल, फरीदाबाद, गुरुग्राम (सैलरी रु- 25000-40000*)

2 - पायनियर हरियाणा वेब के लिए अनुभवी वेब पत्रकारों की आवश्यकता है।
(नोट - वेब पत्रकार, जो कंटेंट क्रिएटर हो, एंकरिंग और वॉयस ओवर कर सकता हो। खबरों के संकलन के अलावा वेब के सभी डिजिटल प्लेटफार्म हैंडिल कर सकता हो, मसलन फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर, .कॉम को सुरक्षित तरीके से चला सकता हो। (सैलरी - अनुभव के आधार पर)

3 - पायनियर हरियाणा के लिए चंडीगढ़/पंचकुला ब्यूरो के लिए सब एडिटर की आवश्यकता।

4 - पायनियर हरियाणा के लिए डेस्क के लिए सब एडिटर, जो पेज बनाना जानता हो, जिसे प्रूफ रीडिंग भी आती हो।
सैलरी रु- 20000-25000, स्थान - कार्यालय फरीदाबाद

*मार्केटिंग एग्जिक्यूटिव का टारगेट फिक्स रहेगा। टारगेट अचीवमेंट ही उनका अनुभव समझा जाएगा।

इच्छुक उम्मीदवार अपने बायोडाटा मेल कर दें।
sudhir.pioneer@sokkacreation.com, rakeshkapoorau@gmail.com
सम्पर्क सूत्र- 9582468441, 7838018038